आज का तापमान
| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 35°C | 28°C |

इनसाइड न्यूज
प्रदेश में वापस आया मानसून: प्रयागराज-वाराणसी सहित...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



शुक्रवार 25 जुलाई, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 280 www.janexpresslive.com/epaper

चुनाव आयोग ने कर्नाटक में धोखाधड़ी की... 12

# भारत-ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट

## मोदी बोले, कई साल की मेहनत के बाद समझौता हुआ, 99 प्रतिशत भारतीय सामानों को टैरिफ में राहत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। लंदन

भारत और ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हो गया है। पीएम मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की मौजूदगी में गुरुवार को लंदन में एग्रीमेंट पर दस्तखत हुए। इसे लेकर दोनों देशों के बीच 3 साल से बातचीत चल रही थी। समझौते के बाद नेताओं ने एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान पीएम मोदी ने समझौते को ऐतिहासिक बताते हुए खुशी जताई। इस दौरान उन्होंने भारत- इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, जब भारत और यूके मिले और वह भी टेस्ट सीरीज के दौरान तो क्रिकेट का जिक्र तो करना ही होगा। दोनों देशों के लिए क्रिकेट एक खेल नहीं है। एक पैशन है। हम दोनों देशों के बीच हाई स्कोरिंग पार्टनरशिप बनाने में जुटे हैं।



### भारत के 99 प्रतिशत निर्यात को टैरिफ में राहत मिलेगी

इस समझौते से भारत से ब्रिटेन को होने वाले 99 प्रतिशत निर्यात पर टैरिफ यानी आयात शुल्क में राहत मिलेगी। इसका मतलब है कि भारत से जो सामान ब्रिटेन भेजा जाएगा, उस पर लगने वाला टैक्स या तो बहुत कम हो जाएगा या पूरी तरह खत्म कर दिया जाएगा। वहीं, ब्रिटेन की कंपनियों के लिए भी यह समझौता फायदेमंद होगा। अब उन्हें भारत में व्हिस्की, कार और दूसरे उत्पाद बेचने में पहले से ज्यादा आसानी होगी। भारत इन प्रोडक्ट्स पर टैरिफ को घटाकर 15 प्रतिशत से 3 प्रतिशत करेगा। समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापार हर साल करीब 3 लाख करोड़ रुपए तक बढ़ सकता है।

### दोनों देशों के बीच एग्रीमेंट से ये सामान सस्ते हो सकते हैं

- **कारें:** ब्रिटेन की लग्जरी कारें जैसे जगुआर लैंड रोवर अब कम दाम में मिल सकती है।
- **स्कॉच व्हिस्की और वाइन:** इंग्लैंड से आने वाली शराब और वाइन पर टैरिफ कम होगा, जिससे ये पहले से सस्ती मिलेंगी।
- **फैशन और कपड़े:** ब्रिटेन से आने वाले ब्रांडेड कपड़े, फैशन प्रोडक्ट्स और होमवेयर भी सस्ते हो सकते हैं।
- **फर्नीचर और इलेक्ट्रिकल सामान:** ब्रिटेन से आने वाला फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स और इंडस्ट्रियल मशीनरी अब कम कीमत पर मिल सकती है।
- **ज्वेलरी और रत्न:** भारत के रत्न और आभूषण ब्रिटेन में सस्ते बिकेंगे, जिससे ब्रिटेन में भारतीय कस्टमर्स के लिए प्रोडक्ट्स सस्ते हो सकते हैं

### 'आज हमारे संबंधों में एक एतिहासिक दिन'


पीएम मोदी ने कहा कि सबसे पहले मैं प्रधानमंत्री स्टार्मर के गर्मजोशी भरे स्वागत-सत्कार के लिए, हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। आज हमारे संबंधों में एक एतिहासिक दिन है। मुझे खुशी है कि कई वर्षों की मेहनत के बाद आज दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता संपन्न हुआ है। एक ओर भारतीय टेक्सटाइल्स, फुटवियर, रत्न और आभूषण, सी-फूड और इंजीनियरिंग गुड्स को ब्रिटेन में बेहतर बाजार पहुंच मिलेगी।

### 'ब्रिटेन के बाजार में नए अवसर बनेंगे'

उन्होंने कहा, भारत के ऐग्रिकल्चर उत्पादन और प्रोसेस्ड फूड उद्योग के लिए ब्रिटेन के बाजार में नए अवसर बनेंगे। भारत के युवाओं, किसानों, मछुआरों और एमएसएमई सेक्टर के लिए यह समझौता विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगा। वहीं दूसरी ओर भारत के लोगों और उद्योग के लिए ब्रिटेन में बने उत्पाद जैसे मेडिकल डिवाइसेज और एयरोस्पेस पार्ट्स सुलभ और किफायती दरों पर उपलब्ध हो सकेंगे।

### मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

इससे पहले वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और उनके ब्रिटिश समकक्ष जोनाथन रेनॉल्ड ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके ब्रिटिश समकक्ष कीर स्टारमर की मौजूदगी में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। भारतीय अधिकारियों के मुताबिक, इस एफटीए से 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात को फायदा होने की उम्मीद है। इससे ब्रिटिश कंपनियों के लिए भारत में व्हिस्की, कारों और अन्य उत्पादों का निर्यात आसान हो जाएगा। इससे समग्र व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा।



### भारत को फ्री ट्रेड डील से क्या फायदा होगा?

इस डील से इंडियन एक्सपोर्ट को बूस्ट मिलेगा और जॉब भी क्रिएट होंगे। वित्त वर्ष 24 में 12.9 बिलियन डॉलर यानी 1.12 लाख करोड़ रुपए की वैल्यू का मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट भारत ने यूके को किया था। इस डील से भारत को 2030 तक 1 ट्रिलियन डॉलर के निर्यात लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। डेवलप्ड मार्केट तक पहुंच भी बढ़ेगी। भारत और यूके के बीच एग्रीमेंट को लेकर बातचीत 13 जनवरी 2022 को शुरू हुई थी, जो अब करीब 3.5 साल बाद पूरी हुई है। 24 फरवरी को कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल और यूके के बिजनेस एंड ट्रेड सेक्रेटरी जोनाथन रेनॉल्ड्स ने दोनों देशों के बीच प्रस्तावित एफटीए के लिए बातचीत फिर से शुरू करने का ऐलान किया था। 2014 से भारत ने मॉरीशस, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन के साथ 3 ऐसे फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत यूरोपियन यूनियन के साथ इसी तरह के समझौतों पर एक्टिवली बातचीत कर रहा है।

### 'आज हम विजन 2035 पर भी बात करेंगे'

पीएम मोदी ने कहा कि अगले दशक में हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई गति और ऊर्जा देने के लिए, आज हम विजन 2035 पर भी बात करेंगे। यह टेक्नोलॉजी, डिफेंस, क्लाइमेट, एजुकेशन और पीपल-टू-पीपल कनेक्ट के क्षेत्रों में एक मजबूत, भरोसेमंद और महत्वाकांक्षी साझेदारी का रोडमैप होगा।

### घरेलू शराब कंपनियों को कॉम्पिटिशन मिलेगा

इस समझौते के कारण यूके से आने वाली व्हिस्की भारत में कम कीमत पर उपलब्ध होगी, जो दुनिया का सबसे बड़ा व्हिस्की बाजार है। हालांकि इस डील के बाद उन घरेलू शराब कंपनियों को कॉम्पिटिशन मिलेगा, जो प्रीमियम अल्कोहल मार्केट में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। स्कॉच व्हिस्की एसोसिएशन के सीईओ मार्क केंट ने इस डील को ट्रांसफॉर्मेशनल बताया और कहा, यूके-भारत फ्री ट्रेड एग्रीमेंट एक पीढ़ी में एक बार होने वाला सौदा है और दुनिया के सबसे बड़े व्हिस्की बाजार में स्कॉच व्हिस्की एक्सपोर्ट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है।

### 5 साल में व्यापार दोगुना करना मकसद

एफटीए का मतलब है फ्री ट्रेड एग्रीमेंट, जिसे हिंदी में 'मुक्त व्यापार समझौता' कहा जाता है। यह ऐसा समझौता होता है जो दो या अधिक देशों के बीच होता है, ताकि वे आपस में सामान और सेवाओं का व्यापार आसानी से कर सकें और उस पर कम टैक्स (ड्यूटी) लगाएं या बिल्कुल टैक्स न लगाएं। इससे दोनों देशों की कंपनियों को फायदा होता है, क्योंकि उनका सामान सस्ता हो जाता है जिससे लोग ज्यादा खरीदारी करते हैं।

### एफटीए को कैबिनेट से मंजूरी मिली

भारत और यूके के बीच हुए ट्रेड एग्रीमेंट को ब्रिटिश संसद से अप्रूवल मिलना बाकी है। इसमें 6 महीने से 1 साल तक का वक्त लग सकता है। इससे पहले 6 मई को दोनों देशों के बीच डील फाइनल हुई थी।

### पहलगाम हमले का जिक्र

पीएम मोदी ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कठोर निंदा के लिए हम प्रधानमंत्री स्टार्मर और उनकी सरकार का आभार व्यक्त करते हैं। हम इस बात पर भी सहमत हैं, कि अतिवादी विचारधारा वाली शक्तियों को लोकतांत्रिक आजादी का दुरुपयोग नहीं करने दिया जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि हिंद-प्रशांत में शांति और स्थिरता, यूक्रेन में चल रहे संघर्ष और पश्चिम एशिया की स्थिति पर हम विचार साझा करते रहे हैं। सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान अनिवार्य है। आज के युग की मांग विस्तारवाद नहीं विकासवाद ही है।

# एलडीए के आदेशों की उड़ती धज्जियाँ!

## सीलिंग के बाद भी बिल्डर का धड़ल्ले से निर्माण, दो मंजिल खड़ी-अब बेसमेंट खोदने की तैयारी!

- यह मामला लखनऊ के 82/72, गुरु गोविंद सिंह मार्ग, निकट लालकुआं चौराहा क्षेत्र का है

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की कार्रवाई और आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए एक बिल्डर ने खुलेआम निर्माण कार्य जारी रखा हुआ है। संबंधित प्रकरण में एलडीए द्वारा जारी आदेश की कॉपी मौजूद है, जिसमें साफ लिखा है कि निर्माण अवैध पाया गया है और नियमानुसार कार्यवाही होगी। इसके बावजूद मौके पर हकीकत यह है कि बिल्डर ने दो मंज़िल तक छत डाल दी है और अब बेसमेंट खोदने की तैयारी में जुटा हुआ है। यह मामला लखनऊ के 82/72, गुरु गोविंद सिंह मार्ग, निकट लालकुआं चौराहा क्षेत्र का है,



जहाँ पर एलडीए के आदेश के बावजूद निर्माण कार्य लगातार जारी है। शिकायतकर्ता इंदिरा नगर निवासी अनिल कुमार सिंह द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत (जनसुनवाई पोर्टल नंबर 40015725044735, दिनांक 29.05.2025) पर एलडीए की तरफ से दिए गए जवाब में साफ



लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ

### निर्माण की वर्तमान स्थिति

- दो मंजिल तक छत डाली जा चुकी है।
- बेसमेंट खोदने की तैयारी पूरी है।
- मजदूर दिन-रात काम कर रहे हैं।

### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आम नागरिक बिना मानचित्र स्वीकृति के निर्माण करता तो तुरंत नोटिस और कार्रवाई होती, लेकिन यहाँ पर बिल्डर खुलेआम नियमों की धज्जियाँ उड़ा रहा है और एलडीए की आँखों के सामने अवैध निर्माण खड़ा कर दे रहा है।

### नागरिकों की मांग

- लोगों ने प्रशासन से पूछा है कि आखिर यह लापरवाही क्यों? क्या बिल्डर को किसी 'ऊँची पहुँच' का संरक्षण प्राप्त है?
- स्थानीय निवासियों का कहना है कि एलडीए सिर्फ कागज़ों पर कार्रवाई का दावा कर रहा है, जबकि मौके पर बिल्डर का बुलडोज़र लगातार चल रहा है।
- यह पूरा मामला साफ तौर पर दिखाता है कि आदेश के बावजूद अवैध निर्माण पर लगाम नहीं लग रही। सवाल यह है कि आखिर एलडीए की कार्रवाई कब होगी और क्या यह निर्माण रुक पाएगा या फिर दो नहीं, पाँच मंज़िल खड़ी होने के बाद कोई कार्रवाई होगी?
- आखिर एलडीए के आदेशों पर अमल कौन कराएगा?

लिखा है कि, उक्त भवन का निर्माण बिना मानचित्र स्वीकृति के किया गया है। निरीक्षण में पाया गया कि निर्माण अवैध है और नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। फिर भी जमीनी हकीकत यह है कि आदेश के बावजूद न तो कोई कार्रवाई दिख रही है, न ही निर्माण रुका है।

# परिषदीय स्कूलों के विलय को लेकर हाईकोर्ट का बड़ा आदेश, सीतापुर के बच्चों को मिली राहत

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में प्राथमिक स्कूलों के विलय मामले में बृहस्पतिवार को सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने सीतापुर के स्कूलों में यथास्थिति बहाल रखने का आदेश दिया है। सीतापुर के बच्चों द्वारा दाखिल याचिका पर हाईकोर्ट ने सुनवाई की। इसके बाद विलय प्रक्रिया में अनियमितताओं के मद्देनजर सीतापुर के स्कूलों के विलय पर यथास्थिति बरकरार रखने का आदेश दिया। याचिकाओं पर सुनवाई के लिए अगली तारीख 21 अगस्त नियत की गई है। चीफ जस्टिस अरुण भंसाली और जस्टिस जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने सुनवाई के बाद यह आदेश दिया। हाईकोर्ट के आदेश से सीतापुर के बच्चों को बड़ी राहत मिली है। पहली विशेष अपील सीतापुर के पांच बच्चों ने, और दूसरी भी वहीं के 17 बच्चों ने अपने अभिभावकों के जरिये दाखिल की है। इनमें स्कूलों के



विलय में एकल पीठ द्वारा बीती सात जुलाई को दिए गए फैसले को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया है। याचियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. एलपी मिश्र व अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने दलीलें दीं। जबकि, राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता अनुज कुदेसिया, मुख्य स्थाई अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार सिंह के साथ बहस की। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से पेश किए गए विलय के कुछ दस्तावेजों में कथित रूप से अनियमितताएं सामने आईं। इनके मद्देनजर कोर्ट ने सीतापुर जिले में स्कूलों की विलय प्रक्रिया पर मौजूदा स्थिति बरकरार रखने का आदेश दिया।

### 51 बच्चों समेत एक अन्य याचिका पर दिया था फैसला

बीती सात जुलाई को स्कूलों के विलय मामले में एकल पीठ ने प्राथमिक स्कूलों के विलय आदेश को चुनौती देने वाली दोनों याचिकाओं को खारिज कर दिया था। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने यह फैसला सीतापुर के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 51 बच्चों समेत एक अन्य याचिका पर दिया था। इनमें बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बीती 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया था, जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है।

# एसएसबी के 30 जवानों से भरी बस गड्ढे में पलटी

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित मनिकौरा स्थित एक पेट्रोल पम्प के पास गुरुवार को उस वक्त अचानक सड़क जाम हो गई। जब एसएसबी के 30 जवानों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। गनीमत रहा कि बस की रफ्तार धीमी होने के चलते कोई हताहत नहीं हुआ। वही मौके पर जुटे लोगों और पुलिस के मदद से बस में सवार एसएसबी जवानों को बस से बाहर निकाला गया। फिर बस को सीधा करने के लिए पीएनसी की क्रेन की ली गई। जानकारी के मुताबिक एसएसबी जवानों की एक बस भारत नेपाल बॉर्डर के सोनौली सरहद से 30 जवानों को लेकर गोरखपुर जा रही थी। अभी जवानों से भरी बस गोरखपुर सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित मनिकौरा स्थित एक पेट्रोल पम्प के पास पहुंची थी। इसी बीच सड़क पर रखी गई मिट्टी के चलते बस का पहिया फिसल गया। फिर जवानों से भरी बस गड्ढे में जाकर पलट गई। वहीं बस के पलटने के बाद मौके पर आस पास के लोग भी भीड़ जुट गई। वही कुछ ही देर बाद मौके पर पुलिस भी आ पहुंची। पुलिस हादसे की जानकारी उच्चाधिकारी के साथ ही एसएसबी को देते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई। फिर मौके पर एम्बुलेंस और अधिकारी भी आ पहुंचे। वहीं, पीएनसी की क्रेन की मदद से बस को सीधा कर गड्ढे से बाहर निकाली गई।

# यूपी: विधानसभा के सामने आत्मदाह करने पहुंचा आठ लोगों का परिवार

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

हत्या के मामले में युवक को जेल भेजने से नाराज बाराबंकी के एक परिवार के आठ लोग बृहस्पतिवार दोपहर विधान भवन के सामने आत्मदाह के लिए पहुंचे। एक महिला ने खुद पर पेट्रोल भी डाल लिया। मौके पर तैनात आत्मदाह निरोधक दस्ते ने सभी को पकड़ लिया। डीसीपी मध्य डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब दो बजे बाराबंकी के घुंघटेर बजगैनी निवासी जानकी प्रसाद परिवार के आठ लोगों के साथ विधान भवन गेट नंबर- 4 पर पहुंचे। उनकी बहू राम दुलारी ने खुद पर पेट्रोल डाल लिया। यह देखते ही सुरक्षा ड्यूटी में तैनात आत्मदाह निरोधक दस्ते ने सभी को पकड़ लिया। हजरतगंज पुलिस सभी को थाने ले गई। पूछताछ में जानकी प्रसाद ने बताया कि बाराबंकी पुलिस ने उनके बेटे संतोष को हत्या के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने संतोष को गलत जेल भेजा था। उन्होंने बाराबंकी पुलिस के अधिकारियों से इस संबंध में शिकायत भी की। कोई सुनवाई न होने पर वे लोग न्याय की आस में विधान भवन पहुंचे थे।

### ये लोग पहुंचे थे विधान भवन

जानकी प्रसाद, पत्नी उर्मिला देवी, बहू रामदुलारी, अंकित, पुष्पा देवी, पूनम देवी, मड़ियांव निवासी पंकज और जानकीपुरम निवासी सरिता भारती आत्मदाह करने के लिए पहुंची थीं।

# बेनीगंज हरदोई: किसके संरक्षण में चल रहा मानक विहीन जनता हास्पिटल?

- लिखित शिकायतें, पीड़ित के बयान, हमलों की रिपोर्ट, फिर भी सीएमओ और पुलिस मौन क्यों?

जन एक्सप्रेस। हरदोई

हरदोई जिले के बेनीगंज कस्बे में संचालित जनता हास्पिटल इन दिनों एक बड़े विवाद और गंभीर आरोपों के घेरे में है। सवाल यह नहीं है कि यह हास्पिटल मानक विहीन है, सवाल यह है कि-किसके संरक्षण में यह अवैध अस्पताल अब तक चल रहा है, और क्यों जिला प्रशासन इसकी अनदेखी कर रहा है?

### सीएमओ कार्यालय व पुलिस की चुप्पी पर उठे सवाल

पीड़ित परिवार द्वारा 24 दिन पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी, हरदोई, को बाकायदा लिखित प्रार्थना पत्र, संबंधित दस्तावेजों, और हमले की तहरीर बेनीगंज थाने में गई साक्ष्यों के साथ शिकायत की गई। लेकिन आज तक न तो किसी तरह की जांच रिपोर्ट सामने आई, और न ही कोई प्रशासनिक कार्रवाई। ऐसे में सीएमओ की चुप्पी और पुलिस की निष्क्रियता, सीधे तौर पर प्रशासनिक संरक्षण की बू दे रही है।




### पीड़ित का दर्द: न्याय न मिला तो पूरा परिवार देगा जान

हमलावरों से त्रस्त पीड़ित परिवार अब अपनी अंतिम लड़ाई जनता दरबार में लड़ेगा। उन्होंने साफ शब्दों में चेताया है कि अगर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के जनता दरबार से भी न्याय नहीं मिला, तो विधान सभा के सामने अपने पूरे परिवार के साथ आत्मदाह करने को मजबूर होंगे।

### संचालक पर गंभीर आरोप, फिर भी खुला हास्पिटल!

जनता हास्पिटल के संचालक अशोक सिद्धार्थ और उसके भाई अतुल सिद्धार्थ पर पीड़ित ने न केवल हमले, बल्कि शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि इन लोगों ने स्थानीय गुंडों के साथ मिलकर पीड़ित परिवार पर हमला किया—जिस अपराधी के खिलाफ हत्या (धारा 302), डकैती, चोरी, और हरिजन एक्ट जैसे संगीन मामले दर्ज हैं, उसी के साथ मिलकर पीड़ितों को धमकाया गया। इस हमले की लिखित तहरीर 20/07/2025 (थाना बेनीगंज) में दी जा चुकी है। बावजूद इसके, न कोई गिरफ्तारी हुई, न कोई पूछताछ और ना ही आज तक मुकदमा लिखा गया।

### जनता हास्पिटल: बिना एनओसी, बिना लाइसेंस, फिर भी धड़ल्ले से संचालन!

सूत्रों के अनुसार, जनता हास्पिटल न तो फायर सेफ्टी हृष्ट रखता है, न स्वास्थ्य विभाग से नवीनीकृत लाइसेंस। हास्पिटल की इमारत भी व्यवस्थित नक्शा पास कराए बिना अवैध रूप से बनाई गई है। इसके बावजूद यहां इलाज, ऑपरेशन, भर्ती, दवा वितरण और महिला प्रसव जैसे कार्य बिना किसी मानक प्रक्रिया के हो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई निरीक्षण नहीं किया गया, न ही इसे कभी अस्थायी रूप से बंद किया गया।

### क्या जनता हास्पिटल सिर्फ एक अवैध अस्पताल है, या किसी बड़े नेटवर्क का हिस्सा?

सवाल केवल संचालन तक सीमित नहीं है। सवाल यह है कि किस प्रशासनिक अधिकारी की शह पर अशोक सिद्धार्थ और उसके गुर्गे इतने बेखौफ हैं? क्यों सीएमओ हरदोई 24 दिन से अधिक बीत जाने के बावजूद कोई जांच रिपोर्ट तक जारी नहीं कर पाए? क्या हरदोई पुलिस किसी राजनीतिक दबाव या मिलीभगत में दब रही है?




### कब होगी कार्यवाही?

- उत्तर प्रदेश सरकार भले ही हर मंच से स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की बात करती हो, लेकिन जब ऐसे अवैध अस्पताल खुलेआम चल रहे हों, और पीड़ित परिवार आत्महत्या की कगार पर पहुंच जाए, तब यह बात खोखली प्रतीत होती है।
- अगर अब भी सीएमओ हरदोई और हरदोई पुलिस कार्यवाही नहीं करते, तो यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं बल्कि मानवता के खिलाफ अपराध कहलाएगा।

*(यदि आपके पास जनता हास्पिटल की तस्वीरें, शिकायत की कॉपी या एफआईआर उपलब्ध हो, तो उसे भी रिपोर्ट के साथ प्रकाशित किया जा सकता है, जिससे इसे और प्रमाणिकता मिले।)*

# टैंकरों से तेल चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 7 आरोपी गिरफ्तार, 3 फरार

**जन एक्सप्रेस । कालपी**






एसटीएफ लखनऊ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में कालपी क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल चोरी करने वाले एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। एसटीएफ को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि झांसी-कानपुर नेशनल हाईवे पर चलने वाले टैंकरों से तेल चोरी कर कालपी व आसपास के क्षेत्रों में अवैध रूप से सप्लाई की जा रही है।

इसी सूचना के आधार पर 23 जुलाई को जोल्हूपुर मोड़ स्थित केएनसी विद्यालय के पास एक अस्थायी गोदाम में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान गोदाम से दो टैंकर, 53,000 लीटर डीजल, 1,150 लीटर पेट्रोल, बड़ी मात्रा में पाइप, मास्टर चाभियां, मोबाइल फोन और 54,000 रुपए नगद बरामद किए गए। एसटीएफ की टीम ने मौके से सात लोगों को गिरफ्तार किया, जबकि तीन आरोपी फरार हो गए। गिरफ्तार आरोपियों में राहुल (ड्राइवर, कानपुर देहात), रिंकू कुमार (खलासी), अकील अहमद (ड्राइवर, महोबा), तौहीद खां (खलासी), रामबाबू (स्थानीय मजदूर), मुसरत अली उर्फ मुन्ना (गोदाम ऑपरेटर) और शिवा सिंह चौहान (गोदाम सह-प्रबंधक) शामिल हैं। पूछताछ में इन सभी ने खुलासा किया कि इस अवैध काम को मुख्य रूप से राजकुमार उर्फ राजू (निवासी राम चबूतरा, कालपी), शैलेन्द्र और संदीप (निवासी आलमपुर, कालपी) संचालित कर रहे हैं, जो वर्तमान में फरार हैं। ये लोग पेट्रोलियम कंपनियों के टैंकर चालकों से सांठगांठ कर गोदाम में तेल उतरवाते थे। इसके बाद मास्टर चाभियों की मदद से टैंकरों के नोजल लॉक खोलकर बिना क्षति के तेल निकाल लिया जाता था, जिससे कंपनियों को शक न हो। एसटीएफ ने शिवा सिंह के घर से भी 750 लीटर पेट्रोल बरामद किया है। गिरोह प्रतिदिन 10 से 15 टैंकरों से प्रत्येक से 50 से 100 लीटर तक तेल निकालता था। जिसे 65 से 75 रुपए प्रति लीटर की दर से बेचा जाता था। इस पूरे मामले में पेट्रोलियम अधिनियम 1934 की धारा 23, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 और भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धाराओं 303, 334 और 125 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मौके से सभी साक्ष्यों को सील कर सुरक्षित किया गया है तथा दोनों टैंकरों को सीज कर नवीन गल्ला मंडी, कालपी में खड़ा कराया गया है।

सूत्रों के अनुसार, राजकुमार उर्फ राजू, शैलेन्द्र और संदीप कालपी क्षेत्र में लंबे समय से इस अवैध कारोबार में लिप्त थे। बताया जा रहा है कि एसटीएफ की कार्रवाई की जानकारी स्थानीय प्रशासन के कुछ अधिकारियों द्वारा लीक किए जाने से ये मुख्य आरोपी फरार हो गए। हालांकि, एसटीएफ और पुलिस की यह संयुक्त कार्रवाई हाईवे पर हो रही तेल चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने की दिशा में एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। पुलिस फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है।

# सूचना अधिकार के तहत मांगी एडीएम व एसडीएम बबेरू की संपत्ति व विभागीय अन्य जानकारी

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



आपको बताते चलें कि मामला अभी हाल में ही एडीएम बांदा व शिवकृष्णा मल्टी स्पेशलिस्ट हास्पिटल के संचालक अरूण की दोस्ती व एडीएम राजेश वर्मा की पत्नी का डॉक्टर संगीता के व्यापार में पार्टनरशिप का चल ही रहा था कि जिले सीनियर अधिवक्ता सौमित्र तिवारी ने जन सूचना अधिकारी के तहत जन सूचना अधिकारी/जिलाधिकारी बांदा से सात सूत्रीय जवाब मांगा है कि राजेश वर्मा कब से लेकर कब तक प्राधिकरण के सचिव पद पर रहे और कितने आवासीय व कामर्सियल भू खंडों की नोटिस जारी की व ध्वस्तीकरण की की नोटिस दी गई उनके नाम व पता व किन भू-खंड स्वामियों पर कार्यवाही हुई व एडीएम राजेश वर्मा की पत्नी व परिवार की पांच वर्ष पूर्व संपत्ति, अभूषणों का ब्योरा। एसडीएम बबेरू रजत वर्मा की पांच वर्ष पूर्व संपत्ति का ब्योरा जमीन प्लाट कैश, आभूषणों तक। एडीएम राजेश वर्मा और एसडीएम बबेरू द्वारा सरकार को अपनी सम्पत्ति के बारे में जो भी ब्योरा भेजा गया है कि नहीं और अगर भेजा तो उसकी छाया प्रति।व पूर्व में जिलाधिकारी रहे अमित बंसल द्वारा डा0 संगीता के प्रतिष्ठान को सीज कर गिराने का आदेश दिया गया था उक्त आदेश में क्या कार्यवाही हुई आदेश का पालन कराया गया की नहीं।और आखिर में ये भी पूंछा की एसडीएम बबेरू रजत वर्मा व एडीएम राजेश वर्मा की पत्नीयों का अस्पताल के मालिक अरुणेश व उनकी पत्नी डा0 संगीता के नाम कोई व्यापारिक पार्टनरशिप है या नहीं और अगर है तो उसकी छाया प्रति। अधिवक्ता सौमित्र तिवारी ने बताया की जिलाधिकारी से सात सूत्रीय जन सूचना अधिकारी के तहत प्रार्थना पत्र भेज जानकारी का ब्योरा मांगा गया है। और अन्य तरीकों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। और सारी जानकारी इकट्ठा कर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से शिकायत कर कार्यवाही की मांगकर उक्त हॉस्पिटल में बुलडोजर की कार्यवाही करायी जाएगी।

# चार बच्चों और उनकी मां की जान लेने वाले हत्यारोपी को न्यायालय ने दिया मृत्यु दण्ड

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

चार मासूम बच्चों और उनकी मां का बेरहमी से कत्ल करने वाले हत्यारोपी को न्यायालय ने फांसी की सजा सुनाई है। साथ ही इस मामले में हत्यारोपी की पत्नी को भी साजिश रचने और नृशंस हत्याकाण्ड में शामिल होने के चलते आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। हत्यारोपी पति-पत्नी को अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा, सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अजय सिंह व सनत कुमार मिश्रा ने बताया कि राजापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अमान गांव के बाहर बीती 25 अप्रैल 2017 को कछुआ नाले में दो लड़कियों, वहां से दो किलो मीटर दूर सड़क किनारे एक बालक और एक बालिका का शव बोरी में भरा हुआ बरामद किया गया था। इसके दूसरे दिन एक महिला का शव भी बरामद हुआ था। उन्होंने बताया कि शवों की शिनाख्त में मृतका महिला की पहचान बिहार के पटना जिले की माधवपुर निवासी लालमुनि देवी उर्फ रीना देवी पत्नी सत्यानंद के रूप में हुई थी। साथ ही मृतक बच्चे रीता, संगीता, गीता व किशुन उसकी संतानें थी। बताया कि मृतका का पति सत्यानंद विक्षिप्त होकर घटना से दो साल पहले कहीं चला गया था।

इस दौरान मृतका लालमुनि राजापुर थाना क्षेत्र के अतंर्गत अमवा गांव के निवासी अवधेश यादव के संपर्क में आ गई और दोनों लोग एक साथ रहने लगे थे। इसके बाद लालमुनि ने अवधेश पर बच्चों के साथ गांव चलकर रहने का दबाव बनाया और ऐसा न करने पर पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की बात कही थी। इसके चलते अवधेश ने अपनी पत्नी मंटू देवी उर्फ कुसुम कली के साथ मिलकर लालमुनि को रास्ते से हटाने का निर्णय लिया। इसके बाद अवधेश लालमुनि और उसके बच्चों को लेकर राजापुर आया। राजापुर से 23 अप्रैल 2017 को रात्रि में वह लालमुनि, उसकी बेटी संगीता, रीता, गीता व पुत्र किशुन को अमान गांव ले आया और यहां पत्नी के साथ मिलकर रात में सोते समय सभी की गला काटकर हत्या कर दी। इसके बाद बाइक से मृतकों के शव ले जाकर अलग-अलग स्थानों पर फेंक दिए। पुलिस की कई टीमों ने मिलकर इस पूरे मामले का खुलासा करते हुए हत्यारोपी पति-पत्नी को गिरफ्तार किया था। इसके चलते तत्कालीन पुलिस उपमहानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक ने खुलासा करने वाली टीम को पुरस्कृत भी किया था। न्यायालय में पुलिस ने हत्यारोपी पति-पत्नी के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को अपर सत्र न्यायाधीश अनुराग कुरील ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी अवधेश यादव को फांसी व उसकी पत्नी मंटू देवी उर्फ कुसुम कली को आजीवन करावास की सजा सुनाई गई। इसके साथ ही हत्यारोपी पति-पत्नी को 2,20,000 रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया।

# मां की मौत पर पुत्र ने पत्नी व साले पर लगाया हत्या का आरोप

## जेवरात चोरी करने का आरोप, पुलिस से कारवाई की मांग की

**जन एक्सप्रेस । उरई**

शहर कोतवाली के मोहल्ला कृष्णानगर में वृद्ध महिला की संदिग्ध हालात में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका के पुत्र ने पत्नी व उसके भाई पर हत्या करने और घर से जेवरात चोरी करने का आरोप लगाया है।

शहर के बजरिया रोड़ कृष्णा नगर निवासी अनुज वर्मा ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि वह अपनी पत्नी पूनम व तीन वर्षीय पुत्र अर्नव के साथ मकान की ऊपरी मंजिल में रहता हैं। जबकि उनकी मां रामसखी वर्मा पत्नी स्व. राजकुमार वर्मा मकान के निचले हिस्से में अकेले रहती थीं।बताया कि 18 जून 2025 की सुबह उसकी पत्नी ने उसे नीचे बुलाया। जब वह नीचे पहुंचा तो उसकी मां खून से लथपथ हालत में जमीन पर पड़ी थी। जबकि उनके सिर में गंभीर चोटे व हाथ की उंगलियों में गहरे घाव और एक कान कटा हुआ था। जिन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां से उन्हें कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। जहां पर हालत में सुधार न होने पर उसने अपनी मां को रायबरेली अस्पताल में भर्ती कराया था। बाद में एम्स रायबरेली में इलाज के दौरान 23 जुलाई को उनकी मौत हो गई। आरोप है कि जब वह शव लेकर वापस घर पहुंचा तो उसके कमरे में रखी सेफ से सोने-चांदी के सभी जेवरात गायब थे।बाद में एम्स रायबरेली में इलाज के दौरान 23 जुलाई को उनकी मौत हो गई। आरोप है कि जब वह शव लेकर वापस घर पहुंचा तो उसके कमरे में रखी सेफ से सोने-चांदी के सभी जेवरात गायब थे।

इस पर अनुज को शक हुआ कि उसकी मां की हत्या उसकी पत्नी व उसके भाई गौरव पुत्र रामप्रकाश निवासी उमरारखेरा ने मिलकर की है। मामले में पुलिस का कहना है कि प्रकरण की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# किशोरी को युवक ने बनाया हवस का शिकार, पिता ने दी तहरीर

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कैलिया थाना क्षेत्र के एक गांव में अपनी बुआ के घर आई किशोरी के साथ गांव के युवक ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे दिया।जानकारी होने पर पीड़ित किशोरी के पिता ने थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी। कोंच कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने कैलिया थाना पुलिस को तहरीर दी। जिसमें बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी अपने भाई के साथ 26 अप्रैल को अपनी बुआ के घर एक कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। कार्यक्रम के बाद उसका बेटा तो घर लौट आया था, लेकिन उसकी बेटी को बुआ ने नहीं आने दिया था। बताया कि 13 दिन बाद उसके फूफा उसे घर छोड़ गए थे। लेकिन जिस दिन से वह बुआ के यहां से आई थी, तो गुमशुम सी कमरे में बैठी रहती थी और वह किसी से बात भी नहीं कर रही थी। पूछने पर भी किसी को कोई जानकारी नहीं दे रही थी। 28 जून को जब उसकी हालत बिगड़ी तो उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरी परीक्षण में पता चला कि किशोरी के साथ दुष्कर्म हुआ है। बताया कि जब उसने बेटी से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने बताया कि बुआ के यहां रहने वाले नन्हे राजा ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। इसके बाद किशोरी ने अपनी मां को विस्तार से पूरे मामले से अवगत कराया। मामले में थानाध्यक्ष ने बताया कि शिकायती पत्र के आधार पर मामला दर्जकर लिया गया है।

# वाहन के इंतजार में खड़े युवक को ट्रक ने रौंदा

**जन एक्सप्रेस/उरई।** आटा थाना क्षेत्र में वाहन के इंतजार में खड़े युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। हमीरपुर जिले के जरिया थाना क्षेत्र के जिटकरी निवासी पवन 25 वर्ष पुत्र प्यारेलाल अपने गांव वापस जाने के लिए अकबरपुर इटौरा बाईपास पर कालपी-चंडौत मार्ग पर वाहन के इंतजार में खड़ा हुआ था।तभी जोल्हूपुर की तरफ से तेज रफ्तार आ रहा ट्रक उसे रौंदता हुआ निकल गया। जिससे युवक ने घटनास्थल पर दमतोड़ दिया। घटना के बाद वहां अफरातफरी मच गई और ग्रामीणों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। मौजूद लोगों की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचानकर सूचना उसके परिजनों को दी। जानकारी होते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# दुकान पर सामान लेने गई किशोरी लापता

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में दुकान से घरेलू सामान लेने गई किशोरी अचानक लापता हो गई है। शहर कोतवाली के एक मोहल्ला निवासी युवक ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें बताया कि बीते दिन वुधवार की शाम करीब 5 बजे उसकी 17 वर्षीय बहन मोहल्ले की एक दुकान से घरेलू सामान लेने के लिए गई थी। लेकिन वापस नहीं लौटी और उसके पास कोई फोन भी नहीं है। युवक ने बताया कि उसने अपनी बहन की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका है। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर सम्बन्धित कारवाई करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# तुलसी जन्म जयंती महोत्सव में दुरुस्त रखें व्यवस्थाएं: डीएम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने गुरुवार को गोस्वामी तुलसीदास की 528वीं जन्म जयंती महोत्सव की तैयारी व्यवस्थाओं का राजापुर पहुंचकर जायजा लिया।

जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने तुलसी मंदिर पहुंच मार्ग, साफ-सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण, तुलसी स्मारक सभा में कराए जा रहे निर्माण कार्यों आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी राजापुर तथा नगर पंचायत अध्यक्ष राजापुर से कहा कि पूरे शहर सहित मंदिर के आसपास साफ-सफाई कराएं। मंदिर जाने वाला रास्तों की भी साफ-सफाई कराई जाए तथा रास्ते में लटक रहे विद्युत तारों व जर्जर पोलों को भी ठीक कराया जाए। कहा कि सब्जी मंडी में सड़क पर दुकान लगाकर किए गए अतिक्रमण को भी तत्काल हटाया जाए। उप जिलाधिकारी राजापुर से कहा कि गोस्वामी तुलसीदास की जन्म जयंती को भव्यता से मनाने के लिए अच्छी तरह से सजावट कराएं। तुलसी स्मारक सभा के निर्माण कार्यों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण कराते हुए जल्द पूर्ण किया जाए।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी राजापुर रामऋषि रमन, नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अखिलेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# शानदार नाट्य मंचन से कलाकारों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**जन एक्सप्रेस । राजापुर, चित्रकूट**



तहसील मुख्यालय स्थित तुलसी जन्मकुटीर में चल रहे दस दिवसीय तुलसी जन्म जयंती महोत्सव में श्रद्धालु श्रीरामचरितमानस कथा के रसपान के साथ रासलीला व तुलसी चरित्र का आनंद ले रहे है। श्रद्धालुओं ने वृंदावन से आएं नाट्य कलाकारों की सराहना की।

ओम नमः शिवाय गौशाला वृंदावन के सन्त रामदास महराज की अगुआई में चल रहे दस दिवसीय तुलसी जन्म जयंती महोत्सव पर वृंदावन से आए कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण व माता राधा की रासलीला का मनमोहक मंचन किया। उपजिलाधिकारी रामऋषि रमन, नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा सहित साधु-संतों व श्रद्धालुओं ने कलाकारों की सराहना की। तुलसी चरित्र पर नाट्य रूपांतर कर कलाकारों ने गोस्वामी तुलसी दास के जन्म से सम्बन्धित कथा प्रस्तुत की। जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। नाट्य मंचन में दीनदयाल उपाध्याय, सन्तोष तिवारी, गोपाल उपाध्याय, मनोज आदि ने अभिनय किया। इस मौके पर साधु-संतो सहित नगर तथा ग्रामीण अंचलों के श्रद्धालु मौजूद रहे।

# पंचायत चुनाव की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य: कोटार्य




**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को बैठक कर आगामी अभियानों और कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। जिसमें मन की बात कार्यक्रम एवं मतदाता पुनरीक्षण अभियान के सफल आयोजन सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता पूर्ण मनोयोग से संगठन के आगामी सभी अभियानों को सफल बनाए। पंचायत चुनाव और मतदाता पुनरीक्षण का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण विषय हैं। इसमें जिला पंचायत की सभी सीटें जिताने और सभी ब्लॉकों में पार्टी का परचम लहराने के लिए कार्य करना है। बताया कि आगामी 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर प्रबुद्ध वर्ग संगोष्ठी, स्वच्छता अभियान और मशाल जुलूस का आयोजन किया जाएगा तथा 27 जुलाई को सभी बूथों पर मन की बात कार्यक्रम आयोजित किया जाए। साथ ही प्रत्येक बूथ पर 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को मतदाता बनाने के लिए घर-घर जाकर सम्पर्क किया जाएगा। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय व मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम की बूथ रिपोर्टिंग सरल एप पर करनी है। इसमें सभी जनप्रतिनिधि और पदाधिकारीगण कार्य का बंटवारा कर सामूहिक प्रयास करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करें।

बैठक में भाजपा नेता हरिओम करवरिया, ब्रजेश पाण्डेय, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, अंजू वर्मा, अश्विनी अवस्थी, राजेश्वरी द्विवेदी, मनोज तिवारी, शंकर दयाल निषाद, श्रवण पटेल, राजा, प्रमोद पटेल, योगेन्द्र सिंह, मुन्ना प्रजापति, राकेश कोल, संजय पाण्डेय, अभिषेक ओझा, हीरो मिश्रा, रवि गुप्ता, राम प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# ईटों से भरे ट्रैक्टर ने महिला को कुचला, झांसी रेफर

**जन एक्सप्रेस/उरई।** सड़क किनारे बैठकर योगा कर रही महिला को ईटों से भरे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिसे गंभीर हालत में झांसी रेफर कर दिया गया। शहर कोतवाली के मोहल्ला सुशील नगर निवासी शकुंतला देवी पत्नी रामबाबू याज्ञिक रोज की तरह गुरुवार की सुबह टहलने गई हुई थी। बताया गया कि जब वह चुर्खी बाईपास जल निगम रोड़ पर सड़क किनारे पुलिया के पास बैठकर योगा कर रही थी। उसी दौरान तेज रफ्तार ईटों से लदे ट्रैक्टर के चालक विनोद कुमार ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उन्हें कुचल दिया। जिससे वह घायल हो गई। राहगीरों ने महिला की पहचान कर खबर उसके परिजनों को दी और उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां से महिला को मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया। वहीं परिजनों ने तहरीर कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

# खाटू श्याम से अजमेर जाने के लिए चित्रकूट होकर चले ट्रेन: हरिशंकर

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के जिला मंत्री हरिशंकर गुप्ता ने रीवा सांसद को पत्र भेजकर रीवा वाया चित्रकूट धाम, वाया मथुरा, जयपुर खाटू श्याम से अजमेर तक नई ट्रेन का संचालन कराने के की मागं की है। उन्होंने कहा कि धार्मिक क्षेत्र से धार्मिक क्षेत्र जोड़ते हुए रीवा से अजमेर नई ट्रेन का संचालन कराया जाए। वर्तमान समय में श्रद्धालु खाटू श्याम की यात्रा जयपुर और अजमेर धार्मिक क्षेत्र और ऐतिहासिक क्षेत्र जोड़ते हुए ट्रेन का संचालन होगा, जिसका रूट रीवा, सतना, प्रभु श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट धाम, बांदा, महोबा, झांसी, मथुरा, जयपुर खाटू श्याम से होकर अजमेर तक चलाया जाए। इस ट्रेन के चलने से धार्मिक क्षेत्र और ऐतिहासिक क्षेत्र जुड़ेंगे। अजमेर शरीफ और झीलों का शहर कहां जाने वाला पर्यटन क्षेत्र जुड़ेगा। साथ ही बच्चों की पढ़ाई के लिए कोटा जाने के लिए भी आसान रास्ता हो जाएगा। जिला मंत्री ने कहा कि ट्रेन के माध्यम से उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बुंदेलखंड क्षेत्र को पर्यटन में बढ़ावा देगा और लोगों को रोजगार भी मिलेगा। इस ट्रेन के चलने से धार्मिक क्षेत्र और ऐतिहासिक क्षेत्र जुड़ेंगे। अजमेर शरीफ और झीलों का शहर कहां जाने वाला पर्यटन क्षेत्र जुड़ेगा। साथ ही बच्चों की पढ़ाई के लिए कोटा जाने के लिए भी आसान रास्ता हो जाएगा। जिला मंत्री ने कहा कि ट्रेन के माध्यम से उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बुंदेलखंड क्षेत्र को पर्यटन में बढ़ावा देगा और लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

# बेतवा नदी में नहाने गई दो पुत्रियों में एक डूबकर लापता, तलाश जारी

**जन एक्सप्रेस । उरई**



आटा थाना क्षेत्र के ददरी गांव के बाहर से निकली बेतवा नदी में नहाने गई दो पुत्रियों में एक डूबकर लापता हो गई। जबकि दूसरे को किसी तरह बाहर निकाल लिया गया है।

आटा थाना क्षेत्र के ददरी गांव निवासी अंजली 9 वर्ष और ममता अपने पिता इन्द्रकपूर के साथ गुरुवार को गांव के बाहर से निकली बेतवा नदी में नहाने गई थी। बताया गया है कि स्नान करते समय दोनों बहनें गहरे पानी मे चली गई, और पानी का बहाव तेज होने की वजह से अंजली डूबती हुई आगे निकल गई। जबकि ममता को किसी तरह नदी से बाहर निकाल लिया गया। सूचना मिलते ही गांव के लोगो की भीड़ नदी पर पहुंच गई और उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने एनडीआरएफ टीम को सूचना दी। इसके बाद उन्होने स्थानीय गोताखोरों को नदी में उतार, उसकी खोजबीन शुरू करवा दी। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद मौके पर पहुंची एनडीआरफ की टीम ने रेस्क्यू शरू कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पानी का बहाव तेज होने की वजह से लड़की डूब गई है, फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। वही घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।



### अमित शाह ने नई सहकारिता नीति पेश की...

नई दिल्ली के अटल अक्षय ऊर्जा भवन में गृहमंत्री अमित शाह ने नई सहकारिता नीति पेश की। उन्होंने कहा कि इससे विकसित भारत की अवधारणा मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि यह पॉलिसी भारत की जरूरतों और विकास को ध्यान में रखकर बनाई गई... पढ़ें पेज 12 पर...

# प्रदेश में वापस आया मानसून

## प्रयागराज-वाराणसी सहित आज 19 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, चेतावनी जारी

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के दक्षिणी- पूर्वी हिस्से में आज से अच्छी मानसूनी बारिश के संकेत हैं। बंगाल की खाड़ी में बृहस्पतिवार की शाम को विकसित हुए कम दबाव क्षेत्र के असर से यूपी में मानसून की सक्रियता बढ़ेगी। मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए प्रयागराज, सोनभद्र, वाराणसी समेत 19 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी किया है। साथ ही 39 जिलों में गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई है। बारिश से पारा गिरने और उमस भरी गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। शनिवार को बारिश की तीव्रता और क्षेत्रफल में बढ़त का पूर्वानुमान हैं। मौसम विभाग का कहना है कि बारिश का यह दौर अगले तीन- चार दिनों तक जारी रह कर धीरे धीरे पश्चिमी यूपी की तरफ बढ़ेगा। इस बीच प्रदेश केबुंदेलखंड, तराई व मध्यांचल के इलाकों में भी हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार की शाम को बंगाल की खाड़ी में विकसित हुए कम दबाव के असर से शुक्रवार से प्रदेश के दक्षिणी- पूर्वी हिस्से में अच्छी बारिश के आसार हैं।

### यहां है गरज चमक के साथ वज्रपात की संभावना

बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाकों में।

### यहां है भारी बारिश की चेतावनी

बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, सुल्तानपुर, अंबेडकर नगर, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाकों में।

# वीरांगना फूलन देवी की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर आयोजित सम्मेलन में शामिल हुए डॉ. संजय निषाद

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**




वीरांगना फूलन देवी की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर लखनऊ स्थित विक्रमादित्य मार्ग 1 पर निषाद फूलन देवी क्रांति सेना द्वारा एक भव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार निषाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शाहगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक रमेश सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस सम्मेलन में वीरांगना फूलन देवी के साहसिक जीवन संघर्ष, सामाजिक न्याय के लिए किए गए योगदान और उनकी क्रांतिकारी भूमिका को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। बड़ी संख्या में निषाद समाज के लोग, छात्र, बुद्धिजीवी, महिला कार्यकर्ता एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि इस आयोजन में उपस्थित रहे। विधायक रमेश सिंह ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा, वीरांगना फूलन देवी दलित, पिछड़े और वंचित समाज की आवाज थीं। उन्होंने अपने जीवन से यह साबित किया कि अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाना कितना जरूरी है। उनके संघर्ष से हमें आज भी प्रेरणा मिलती है। मुख्य अतिथि डॉ. संजय निषाद ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, फूलन देवी सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव की क्रांति थीं। उन्होंने निषाद समाज को जागरूक करने का काम किया। अब यह हमारी जिम्मेदारी है कि उनके अधूरे सपनों को पूरा करें और समाज को न्याय दिलाने की लड़ाई को आगे बढ़ाएं। इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि वीरांगना फूलन देवी का सपना आज भी जीवित है और निषाद समाज उसे साकार करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# हज यात्रा 2026: आवेदन के मामले में अन्य राज्यों से पिछड़ा यूपी, अब तक आए महज 8500 आवेदन



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

हज के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के मामले में यूपी देश के अन्य राज्यों से पिछड़ गया है। अंतिम तिथि खत्म होने के 6 दिन पहले तक प्रदेश से मात्र 8413 आवेदन ही हुए हैं। आवेदन की सुस्ती से चिंतित राज्य हज कमेटी ने रफ्तार बढ़ाने के लिए सभी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों (डीएमओ) को पत्र भेज कर प्रचार प्रसार करने का अनुरोध किया है। 7 जुलाई से हज कमेटी की वेबसाइट और हज सुविधा एप पर ऑनलाइन फार्म भरे जा रहे हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई तय है। राज्य हज कमेटी के सचिव एसपी तिवारी ने बताया कि यात्रा के लिए प्रदेश से अब तक सिर्फ 8413 पंजीकरण हुए हैं, देश के अन्य राज्यों में आवेदन काफी तेजी से होने से आवेदन की संख्या एक लाख तक पहुंच चुकी है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने इस बार पूरे देश से कुल 1.22 लाख हज सीटों का कोटा आवंटित किया है। अगर अंतिम तिथि तक पूरे भारत से 1.22 लाख आवेदन प्राप्त हो जाते है तो हज कमेटी अंतिम तिथि नहीं बढ़ाएगी।

### जुमे की नमाज में उलमा का भी लें सहयोग

हज कमेटी के सचिव ने बताया कि जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को हज आवेदन की गति बढ़ाने के लिए प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए मस्जिदों, मदरसों, ई सुविधा केंद्रों, प्रशिक्षण केंद्रों, प्रशिक्षकों की भी सहायता लेने को कहा गया है। सार्वजनिक स्थलों पर पंपलेट चस्पा करने, सोशल मीडिया और जुमे की नमाज के दौरान उलमा के सहयोग से भी इसके प्रचार की व्यवस्था करने को कहा गया है।

# मलिहाबाद में भक्ति की गंगा

## श्री गोपेश्वर गौशाला में पांच दिवसीय कथा का भव्य समापन



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

श्रावण मास के पावन अवसर पर मलिहाबाद में भक्ति और आध्यात्म का माहौल चरम पर है। श्री गोपेश्वर गौशाला परिवार द्वारा हर साल की तरह इस वर्ष भी भागवत चरित्र भक्तमाल कथा का भव्य आयोजन सम्पन हुआ। रविवार से शुरू हुई पांच दिवसीय कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु धर्म लाभ लेने के लिए उमड़े। कथा का वाचन नंद गांव बरसाना से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक श्याम सुंदर गोस्वामी के सुपुत्र नंदन गोस्वामी द्वारा किया गया। उनके ओजस्वी और मधुर वाचन से पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया है। कथा के अंतिम दिन नंदन गोस्वामी ने भगवान के पावन चरित्रों का भावपूर्ण वर्णन किया जिसे सुनकर उपस्थित भक्तजन भावविभोर हो गए। इस धार्मिक आयोजन का संकल्प गोपेश्वर गौशाला के संरक्षक जगदीश अग्रवाल और अनिल गुप्ता ने लिया है। कथा के शुभारंभ के साथ ही पूरे क्षेत्र में एक भक्तिमय और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ है। स्थानीय लोगों के साथ दूर-दराज से आए श्रद्धालु भी इस कथा का रसपान करने के लिए लगातार गौशाला पहुंच रहे हैं। यह आयोजन मलिहाबाद में आध्यात्म और सामाजिक सद्भाव का एक अनूठा संगम बन गया है।कथा उपरांत दिव्य आरती संग विशाल भंडारे का आयोजन गौशाला परिवार द्वारा किया गया।

# पुलिस की बदमाश से हुई मुठभेड़, कुख्यात आरोपी गिरफ़्तार, पुलिस के रोकने पर फायरिंग, अन्य फरार



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के महानगर थाना क्षेत्र में बुधवार रात उस समय हड़कंप मच गया, जब पुलिस और बदमाशों के बीच सौमित्र वन अयोध्या रोड के निकट अकबरनगर इलाके में मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में %ढेला गैंग% का कुख्यात सरगना कुलदीप उर्फ ढेला घायल हो गया। लखनऊ पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है।हालांकि, उसके तीन साथी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। फरार अपराधियों को पकड़ने के लिए लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही बाकी आरोपी भी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे। पुलिस के मुताबिक, कुलदीप उर्फ ढेला और उसके साथी बुध बाजार, अकबरनगर सहित महानगर क्षेत्र के अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में जेब कतरे, मोबाइल स्नैचिंग और चोरी की वारदातों में लिप्त थे। कुलदीप पर लखनऊ, बाराबंकी और सीतापुर के थानों में 15 से ज्यादा आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। स्थानीय लोग इस गिरोह से लंबे समय से दहशत में थे।वहीं बुधवार रात लगभग 10 बजे पुलिस को सूचना मिली कि ढेला गैंग सौमित्र वन क्षेत्र में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। तत्काल महानगर थाने की टीम ने इलाके की घेराबंदी की। पुलिस ने जब आरोपियों को रोकने की कोशिश की, तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में कुलदीप के पैर में गोली लगी और वह वहीं गिर पड़ा। अन्य तीन बदमाश मौके से भागने में सफल रहे। महानगर थाना प्रभारी का कहना है कि कुलदीप और उसके गिरोह पर पिछले कई दिनों से निगरानी रखी जा रही थी। हमने पिछले सप्ताह से खुफिया सूचनाएं एकत्र करनी शुरू कर दी थीं। जैसे ही पुष्टि हुई, हमने तत्काल घेराबंदी कर कार्रवाई की गई। एनकाउंटर के बाद पुलिस ने फरार तीन आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

### मौके से हथियार बरामद

मुठभेड़ स्थल से पुलिस ने एक देशी तमंचा, जिंदा कारतूस और कुछ संदिग्ध सामान बरामद किया है। घायल कुलदीप को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत स्थिर है। बुध बाजार और आस-पास के क्षेत्रों में लगातार चोरी की घटनाएं सामने आने से लोग परेशान थे। खासतौर पर महिलाओं के पर्स छीनने और मोबाइल लूट जैसी वारदातें आम थीं। एक दुकानदार ने कहा कि अब थोड़ी राहत मिलेगी। बच्चों और महिलाओं को डर में नहीं जीना पड़ेगा।

# सद्दाम शाह सरकारी समितियां में डीएपी व यूरिया खाद्य पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

- किसानों को प्राइवेट खाद विक्रेताओं के यहां ऊंचे दामों पर खाद नहीं खरीदनी पड़ेगी

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



लखनऊ जिले के बीकेटी व इटौंजा क्षेत्र की साधन सहकारी समितियों में डीएपी व यूरिया खाद पर्याप्त मात्रा में आ गई है। अब किसानों को यूरिया डीएपी खाद के लिए दर-दर नहीं भटकना पड़ेगा। प्रत्येक समितियों में 400 बोरी खाद भेजी जा चुकी है। यह जानकारी जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि सिंघामउ और कुंडापुर, नगरचौगवां, दौलतपुर व अन्य समितियों में 400 बोरी डीएपी खाद भेजी गई है।उन्होंने यह भी बताया कि, यूरिया व डीएपी खादो की इन समितियां में कमी नहीं होने दी जाएगी अब किसानों को प्राइवेट खाद विक्रेताओं के यहां ऊंचे दामों पर खाद नहीं खरीदनी पड़ेगी। किसान इन खाद विक्रेताओं के शोषण के चंगुल से बच सकेंगे जिला कृषि अधिकारी ने यह भी बताया कि यदि कोई प्राइवेट खाद विक्रेता ऊंचे दामों पर खाद बेचता है तो उसकी सूचना जिला कृषि अधिकारी को तुरंत दें जिससे उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा सके। इसी क्रम में साधन सहकारी समिति दौलतपुर में आज उप जिला अधिकारी बीकेटी सतीश चंद्र त्रिपाठी ने 72 किसानों को खाद का वितरण करवाया एसडीएम ने बताया कि कहा सभी जगह पर जा जाकर समितियां का मुआयना कर रहे हैं किसानों के लिए खाद की कमी नहीं होने दी जाएगी।

# इटौंजा से निकलीं दशम कांवड़ यात्रा विधायक, एमएलसी ने कांवड़ियों को किया स्वागत

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ जिले के इटौंजा पूर्वी माता धाम सेवा समिति सोनिकपुर के तत्वावधान में इटौंजा रत्नेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण से आरंभ ÷दशम कांवड़ यात्रा शिविर÷ में बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला एवं सीतापुर एमएलसी पवन सिंह ने सभी श्रद्धालुजनों अतिथियों एवं वीर कांवड़ियों का आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया और समस्त श्रद्धालुओं को श्रावण मास की हार्दिक शुभकामनाएं एवं शिव कृपा से जीवन में सुख-समृद्धि की मंगलमय कामना दी। बता दें कि सावन के पवित्र महीने में शिव भक्त कांवड़ यात्रा पर निकलते हैं, इस साल कांवड़िया दशम कावड़ यात्रा में सैकड़ों शिव भक्त इटौंजा से चल कर बिठूर पहुंचेंगे और बिठूर गंगा घाट से गंगा लाकर इटौंजा रत्नेश्वर महादेव शिव मंदिर में शिवलिंग पर गंगा अर्पित करेंगे। कांवड़ यात्रा प्रमुख संजय सिंह, संरक्षक राजा राघवेंद्र प्रताप सिंह, सहयोगी चंद्रिका बक्स सिंह है।

# पेट्रोल पंप पर महिला की रंगबाजी, चप्पल से मारपीट और गाली-गलौज का वीडियो वायरल

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ के गोमतीनगर स्थित पत्रकारपुरम पेट्रोल पंप पर एक महिला द्वारा हंगामा और मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। 40 सेकंड के इस वीडियो में महिला पहले खुद तेल भरवाने के लिए पेट्रोल पंप कर्मचारियों और फिर अन्य ग्राहकों को धमकाते हुए नजर आ रही है। वीडियो में दिख रहा है कि महिला हाथ में चप्पल लिए लोगों को अपनी गाड़ियां हटाने को कह रही है। वह चप्पल फेंककर लोगों को मार रही है और उसे रोकने की कोशिश करने वालों को गालियां देकर दौड़ा रही है। मौके पर मौजूद लोग महिला से बचते हुए दिख रहे हैं।महिला लगातार दावा कर रही है कि वह पेट्रोल पंप पर पहले पहुंची थी, इसलिए पहला नंबर उसका है और तेल वही पहले भरवाएगी। पेट्रोल पंप पर मौजूद एक युवक को वीडियो में यह कहते हुए सुना जा रहा है, ÷जब पहले आ गई थी तो कहां थीं?÷ इस दौरान महिला को एक बाइक हटाने की कोशिश करते हुए भी देखा जा सकता है। मौके पर काम कर रहे लोगों और चश्मदीदों का दावा है कि महिला नशे में धुत होकर हंगामा कर रही थी और लोगों को गालियां दे रही थी। जब कुछ लोगों ने पुलिस को फोन करने की कोशिश की, तो महिला और भी आक्रामक हो गई। जिस व्यक्ति को महिला ने मारा, वह अन्य लोगों से कह रहा है, भाई, मना कर लो। महिला है इसीलिए कुछ बोल नहीं रहा हूं। यह घटना पेट्रोल पंप पर मौजूद अन्य ग्राहकों और कर्मचारियों के लिए परेशानी का सबब बन गई, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

# फतेहपुर की एसडीएम अर्चना अग्निहोत्री को किया गया निलंबित, दाखिल खारिज में गड़बड़ी पर हुई कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में एसडीएम अर्चना अग्निहोत्री को निलंबित कर दिया गया है। नियम विरुद्ध तरीके से दाखिल खारिज में गड़बड़ी, स्थलीय निरीक्षण न करने, अपनी जिम्मेदारियों का ठीक से निर्वाह न करने और गैर जिम्मेदाराना कामकाज करने पर यह कार्रवाई की गई है। प्रमुख सचिव कार्मिक एम. देवराज ने उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए हैं। इसके लिए लखनऊ मंडल के आयुक्त को जांच अधिकारी नामित किया गया है। मामला मलवां थाना क्षेत्र के बरमतपुर गांव का है। निलबंन की अवधि में अर्चना अग्निहोत्री राजस्व परिषद लखनऊ कार्यालय से सम्बद्ध रहेंगी।

# इंदारा रेलवे क्रासिंग पर रोड ओवरब्रिज का नगर विकास मंत्री ने किया भूमिपूजन

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

मऊ स्थित इंदारा रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज निर्माण के लिए गुरुवार को नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा और सुधाकर सिंह विधायक घोसी, अपर मण्डल प्रबंधक अजय सिंह से पंडित विजय शंकर पाण्डेय ने मंत्रोच्चार से भूमि पूजन किराया। 64.75 करोड़ की लागत से बनने वाले ओवरब्रिज के निर्माण का कार्य शुरू हो गया। इस ओवर ब्रिज डेढ़ वर्ष में बन कर तैयार हो जाएगा। जिससे लोगों को आए दिन लगने वाले जाम से राहत मिलेगी। मंत्री श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री और रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया है। वाराणसी-गोरखपुर रेल मार्ग इंदारा 4 स्पेशल रेलवे क्रासिंग पर लोग जाम की समस्या से लोग परेशान रहते हैं। रेलवे क्रासिंग पर अक्सर जाम की बन जाती थी। कई बार एक से ज्यादा ट्रेन गुजरने पर राहगीरों, यहां तक की एंबुलेंस जैसे इमरजेंसी वाहनों को भी लंबे समय तक फाटक खुलने का इंतजार करना पड़ता था। एंबुलेंस के रेलवे क्रासिंग पर फंसे होने की वजह से मरीजों की जान भी जा चुकी है। जिससे क्षेत्र की जनता यहां ओभारब्रीज का लंबे समय से मांग कर रहे थे। ओवरब्रिज के भूमिपूजन होने से क्षेत्र की जनता काफी खुश है। लोगों का कहना है कि, रेलवे क्रॉसिंग पर वैकल्पिक कोई भी रास्ता नहीं था जिससे अक्सर यहां जाम की स्थिति बन जाती थी। क्रॉसिंग पर घंटो खुलने का इंतजार करते थे। अब ओवरब्रिज बनने से जनता और यहां से निकलने वाले इमरजेंसी वाहनों को काफी राहत मिलेगी।

# उत्तर प्रदेश में संगठनात्मक हलचल: अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष कुंवर हरिवंश सिंह का दौरा चर्चा में

- पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह की मुलाकात बना चर्चा का विषय

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ/गोंडा**





उत्तर प्रदेश की राजनीति इन दिनों एक बार फिर गर्माई हुई है। अखिल भारतीय छत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर हरिवंश सिंह के प्रदेशव्यापी संगठनात्मक दौरे ने नई राजनीतिक चर्चाओं को जन्म दे दिया है। हाल ही में उन्होंने पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह से भेंट की जो राजनीतिक हलकों में विशेष चर्चा का विषय बनी हुई है। कुछ दिन पूर्व बृजभूषण सिंह की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात भी हो चुकी है, जिससे यह कयास लगने लगे हैं कि प्रदेश की सियासत में कोई बड़ा समीकरण तैयार हो रहा है। इसी क्रम में बृहस्पतिवार कुंवर हरिवंश सिंह उत्तर प्रदेश के गोंडा पहुंचे, जहाँ उन्होंने पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के साथ ग्रामसभा कोठा चौहान, वजीरगंज स्थित आवास पर डॉ. ऋषि कुमार सिंह के तेरहवीं संस्कार में सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. ऋषि कुमार सिंह, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा पूर्वांचल के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिंह के ज्येष्ठ पुत्र थे, जिनका हाल ही में हृदयगति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया था। इस अवसर पर कुंवर हरिवंश सिंह ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और कहा, डॉ. ऋषि कुमार सिंह जैसे होनहार युवाओं का असमय जाना समाज की अपूरणीय क्षति है। हम सभी उनके आदर्शों को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। इसके अतिरिक्त पूर्व सांसद कुंवर हरिबंश सिंह ने गोंडा के नवाबगंज क्षेत्र में श्रीराम जन्मभूमि के पुलिस निरीक्षक हनुमान सिंह के आवास पर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और कुशलक्षेम जाना। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि लगातार हो रही ये मुलाकातें आने वाले समय में राजनीतिक समीकरणों को नया रूप दे सकती हैं। कुंवर हरिवंश सिंह की सक्रियता और बृजभूषण सिंह से मेल-मिलाप इस ओर इशारा कर रही है कि उत्तर प्रदेश में राजनीतिक धरातल पर कुछ 'बड़ा' पक रहा है

# शिवभोले मंदिर में स्थापना दिवस पर अनुष्ठान





**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

- उपमुख्यमंत्री की पत्नी,रक्षामंत्री के विशेष कार्याधिकारी राज्य सूचना आयुक्त हुए सहभागी

इस समय सावन मास चल रहा है। भगवान भोलेनाथ का उद्घोष हो रहा है। इस पवन अवसर पर विशाल खंड एक गोमतीनगर स्थित शिवभोले मंदिर स्थापना दिवस पर अनुष्ठान का आयोजन किया गया। यहां श्री लक्ष्मी गणेश और भगवान भोलेनाथ का विग्रह स्थापित है। इस मंदिर अपने मूल स्वरूप में कब स्थापित किया गया था,इसकी प्रमाणिक जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस स्थल पर एक चबूतरे पर शिवलिंग स्थापित थे। तब वहां मंदिर नहीं था। आस पास जंगली घास पौधे लगे थे। करीब चार दशक पहले स्थानीय लोगों ने इस स्थल और आस पास के क्षेत्र की सफाई की। इसके बाद यहां श्री हनुमान चालीसा और श्री राम चरित मानस से सामूहिक पाठ प्रारंभ किए गए। अगले कुछ वर्षों तक ऐसा ही चलता रहा। इसके बाद स्थानीय लोगों ने यह। मंदिर स्थापित किया। अब इसका स्वरूप बदल गया है। यहां धार्मिक पर्व उत्सवों पर अनुष्ठान और भंडारे का आयोजन किया जाता है। आज के अनुष्ठान में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की पत्नी नम्रता पाठक, रक्षामंत्री ने विशेष कार्याधिकारी डॉ राघवेंद्र शुक्ला,राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री सहित बड़ी संख्य में भक्त सहभागी हुए। मंदिर ट्रस्ट की ओर से विनोद तिवारी ने आगंतुकों का स्वागत किया।

# कस्तूरबा स्कूलों में नई पहल: छात्राएं अब वाद्य यंत्रों से सीखेंगी लोक संगीत, हर विद्यालय को मिले 75-75 हजार रूपये

जन एक्सप्रेस। अमेठी




जिले के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण और रचनात्मक पहल की गई है।अब इन विद्यालयों की छात्राएं वाद्य यंत्रों की सहायता से भारतीय लोक संगीत सीखेंगी।शासन द्वारा इस पहल को सफल बनाने के लिए जिले के सभी 13 ब्लॉकों में संचालित कस्तूरबा विद्यालयों को प्रत्येक विद्यालय के लिए 75 हजार रुपये की धनराशि आवंटित की गई है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि यह धनराशि प्राप्त हो चुकी है,और जल्द ही विद्यालयों में वाद्य यंत्रों की खरीद कर ली जाएगी। उन्होंने बताया कि इन वाद्य यंत्रों का उपयोग छात्राएं विद्यालय की प्रार्थना सभा,मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा अन्य सामूहिक गतिविधियों में करेंगी।यह पहल छात्राओं के कौशल विकास के साथ-साथ भारतीय सांस्कृतिक विरासत को भी मजबूत करेगी। बीएसए ने कहा कि लोक संगीत भारतीय परंपरा का अहम हिस्सा है। और आज की पीढ़ी को इससे जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। विद्यालयों में संगीत शिक्षा से छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा, उनमें सृजनात्मकता का विकास होगा और वे सांस्कृतिक रूप से अधिक समृद्ध बनेंगी। साथ ही यह प्रयास छात्राओं को संस्कार, अनुशासन और सामूहिकता का भाव भी सिखाएगा। इसके साथ ही छात्राओं के शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने हेतु एक अन्य पहल के अंतर्गत सभी कस्तूरबा विद्यालयों में ओपन जिम स्थापित करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। यह जिम छात्राओं को नियमित व्यायाम और फिटनेस की आदत डालने में मदद करेगा।शासन का यह प्रयास शिक्षा के साथ-साथ छात्राओं के संगीत, स्वास्थ्य और व्यक्तित्व विकास की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। यह पहल न केवल छात्राओं को एक नया मंच देगी, बल्कि उनकी प्रतिभा को संवारने का अवसर भी प्रदान करेगी।

# नहर में डूबे बुजुर्ग की तलाश करते, पैर फिसलने से नहर में गिरे, 12 घंटे बाद 6 किमी दूर मिला शव

जन एक्सप्रेस। तिलोई,अमेठी



तिलोई तहसील अंतर्गत मोहनगंज थाना क्षेत्र के भेलाई कला गांव में एक बुजुर्ग की नहर में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 72 वर्षीय दुलारे मौर्य के रूप में हुई है। वे बुधवार रात करीब 11बजे घर के पास शौच के लिए निकले थे, और तभी हादसे का शिकार हो गए। ग्रामीणों का अनुमान है कि नहर किनारे अंधेरे में फिसलकर वह पानी में गिर गए। सुबह तक जब दुलारे मौर्य घर नहीं लौटे तो परिवार और ग्रामीणों को चिंता हुई।तलाश के दौरान नहर के किनारे उनकी चप्पल और लुंगी मिली, जिससे आशंका गहराई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना मोहनगंज थाने को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राकेश सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों तथा ग्रामीणों की मदद से तलाशी अभियान शुरू कराया गया। करीब 12 घंटे की अथक खोजबीन के बाद गुरुवार सुबह उनका शव घटनास्थल से लगभग छः किलोमीटर दूर नहर से बरामद हुआ।बुजुर्ग के शव को ग्रामीणों ने बाहर निकाला और पुलिस ने पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दुखद हादसे से गांव में शोक की लहर है।परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।ग्रामीणों ने प्रशासन से नहर के पास बैरिकेडिंग की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों। मोहनगंज एसएचओ राकेश सिंह ने बताया कि प्रथमदृष्ट्या यह हादसा प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गांव के बुजुर्गों और बच्चों के लिए नहर के आसपास सुरक्षा उपायों की मांग लगातार उठती रही है, लेकिन इस ओर प्रशासनिक ध्यान अब तक नहीं दिया गया है। ग्रामीणों ने आग्रह किया है कि नहर किनारे सुरक्षा दीवार, संकेत बोर्ड और रात्रिकालीन रोशनी की व्यवस्था की जाए।

# कारगिल विजय दिवस को लेकर भाजपा की तैयारी शुरू, जिला अध्यक्ष ने सौंपी जिम्मेदारियां

जन एक्सप्रेस। गौरीगंज,अमेठी



भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी छब्बीस जुलाई को कारगिल विजय दिवस बड़े पैमाने पर मनाया जाएगा। इसी को लेकर गुरुवार को पार्टी के जिला कार्यालय गौरीगंज में एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने की, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई।और जिम्मेदारियों का बंटवारा किया गया।जिलाध्यक्ष ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य और बलिदान का प्रतीक है।

भारतीय जनता पार्टी हमेशा से सैनिकों के सम्मान और राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध रही है।उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध में भारतीय सेना की ऐतिहासिक विजय ने भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा बढ़ाई है।यह दिन देशवासियों को अपने वीर सपूतों की कुर्बानी की याद दिलाता है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस आयोजन से जोड़ें और हर गांव व वार्ड स्तर पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करें। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी **मन की बात** कार्यक्रम को लेकर भी अभियान चलाया जाएगा,जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचार अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सकें।बैठक में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री केशव सिंह, भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह,जिला पंचायत सदस्य अभिषेक चंद्र कौशिक,पूर्व जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा सूर्य नारायण तिवारी,राम शंकर सिंह सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।भाजपा जिला इकाई ने तय किया है कि इस बार कारगिल विजय दिवस पर शहीदों की स्मृति में दीप प्रज्वलन, श्रद्धांजलि सभा, तथा देशभक्ति कार्यक्रमों का आयोजन हर मंडल और सेक्टर स्तर पर किया जाएगा।

## भाजपा विधायक अशोक कुमार कोरी ने अपने आवास पर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

सलोन से भाजपा विधायक अशोक कुमार कोरी ने अपने आवास उदयपुर में जनता दरबार आयोजित कर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। इस दौरान बिजली विभाग से जुड़ी शिकायतों की बाढ़ सी आ गई। जनता दरबार में उपस्थित विद्युत विभाग के एसडीओ छतोह को विधायक ने फटकार लगाते हुए सवाल किया कि उपभोक्ताओं के बिजली बिल अत्यधिक क्यों आ रहे हैं। इस पर एसडीओ ने जवाब दिया कि ÷काल्पनिक मीटर÷ की वजह से काल्पनिक बिल वसूले जा रहे हैं। यह सुनकर विधायक अशोक कुमार कोरी भड़क उठे और एसडीओ को जमकर लताड़ लगाई। विधायक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कैंप लगाकर उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में तत्काल सुधार किया जाए।

# जिला उद्योग बन्धु, श्रम बन्धु-व्यापार बंधु एवं औद्योगिक व्यापारिक सुरक्षा फोरम की जिलाधिकारी ने की बैठक

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जिलाधिकारी संजय चौहान ने बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु,श्रम बन्धु, व्यापार बंधु एवं औद्योगिक,व्यापारिक सुरक्षा फोरम तथा एमओयू क्रियान्वयन समिति की बैठक किया। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र की मूलभूत व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने इकाइयों, व्यापारिक बन्धुओं से प्राप्त समस्त प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने एवं कराने का निर्देश दिया।इस मौके पर डीएम के समक्ष उद्यमियों की सुरक्षा व्यवस्था, औद्योगिक क्षेत्र में अनाधिकृत व्यक्तियों से अवैध कब्जा खाली कराए जाने, पार्किंग व्यवस्था, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अनापत्ति प्राप्त कराए जाने,विद्युत कनेक्शन तथा औद्योगिक क्षेत्रों में उद्यमियों से संबंधित अन्य सभी प्रकरणों पर भी चर्चा की गई।इसके उपरान्त निवेश मित्र पोर्टल पर निर्धारित समय के उपरांत लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के संबंध में शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना,मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना,एक जनपद एक उत्पाद योजना की समीक्षा की गई।और निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।साथ ही निवेशकों द्वारा किए गए एमओयू के क्रियान्वयन तथा उन्हें धरातल पर उतारने के संबंध में चर्चा हुई।जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि उद्योग स्थापना में यदि किसी भी उद्यमी को किसी भी विभाग से कठिनाई से आ रही हो तो समिति को अवगत कराएं।जिसका प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।डीएम ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निराकरण सम्बन्धित अधिकारी प्राथमिकता के साथ करें। और उनकी सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिये जाये।बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र दिनेश कुमार चौरसिया ने करते हुए गत बैठक की कार्यवाही सहित बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं को समिति के समक्ष रखा। तथा बैठक के अन्त में उपस्थित सभी के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी जिला उद्यान अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व उद्यमी उपस्थित रहे।

## खैरहनी में रेलवे ट्रैक पर मिला घायल युवक: ट्रेन से गिरने की आशंका, बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल रेफर

**जन एक्सप्रेस/**बुधवार देर रात खैरहनी गांव के पास रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक घायल अवस्था में मिला। स्थानीय लोगों के अनुसार युवक ट्रेन से गिरा था। वह बेहोश था और गंभीर रूप से घायल था। ग्रामीणों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी। घायल युवक को बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। युवक की स्थिति को देखते हुए स्थानीय थाने को सूचित किया गया। चिकित्सकों ने युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। युवक की हालत नाजुक होने और उसके बोलने में असमर्थ होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जिले में बदली यातायात व्यवस्था, 26 जुलाई से रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



अयोध्या में कांवड़ यात्रा के कारण यातायात पुलिस ने बदलाव किए हैं। छोटे वाहन सामान्य रूप से चल सकेंगे लेकिन बड़े वाहनों के लिए परिवर्तन लागू रहेगा। यह बदलाव 26 जुलाई से 29 जुलाई तक और फिर 3 अगस्त से 4 अगस्त तक रहेगा। श्रावण पूर्णिमा पर 8 अगस्त से 9 अगस्त तक भी यातायात बदला रहेगा।

संवाद सूत्र, अयोध्या। कांवड़ यात्रा को लेकर यातायात पुलिस ने डायवर्जन प्लान जारी किया है। अयोध्या की तरफ आने वाले छोटे वाहनों का कोई डायवर्जन नहीं होगा। छोटे वाहनों का आवागमन सामान्य रहेगा। बड़े वाहनों (मालवाहक भारी वाहन, ट्रक, डीसीएम, ट्रैक्टर) का डायवर्जन पूर्व की भांति लागू रहेगा।

-आगामी 27 जुलाई को मणिपर्वत मेला (श्रावण झूला मेला प्रारंभ) व श्रावण मास के तृतीय सोमवार 28 जुलाई व 29 जुलाई (मंगलवार) नागपंचमी के अवसर पर यातायात डायवर्जन 26 जुलाई को प्रातः आठ बजे से 29 जुलाई रात्रि 11 बजे अथवा भीड़ समाप्ति तक लागू रहेगा।

-श्रावण मास के चतुर्थ व अंतिम सोमवार चार अगस्त को यातायात डायवर्जन तीन अगस्त को प्रातः आठ बजे से चार अगस्त को रात्रि 11 बजे तक अथवा भीड़ समाप्ति तक लागू रहेगा। -आगामी नौ अगस्त को श्रावण पूर्णिमा स्नान एवं मेला समापन के अवसर पर यातायात डायवर्जन आठ अगस्त को प्रातः आठ बजे से नौ अगस्त को रात्रि 11 बजे अथवा भीड़ समाप्ति तक लागू रहेगा।

## रायबरेली के राणा बेनी माधव पार्क पर अवैध कब्जा

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** राणा बेनी माधव पार्क पर नर्सरी के नाम पर अवैध कब्जा किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अवैध कब्जों को हटाने के निर्देश के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कब्जेदार कई सालों से बिजली विभाग की लापरवाही का फायदा उठाकर अवैध कनेक्शन का इस्तेमाल कर रहे हैं। भाजपा नेता संतोष पांडे ने नगर पालिका अध्यक्ष पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। पूर्व में नगर पालिका के अधिशासी अभियंता ने कब्जा हटवाया था। लेकिन बाद में फिर से कब्जा कर लिया गया। कई बार शिकायत के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। संतोष पांडे ने आमरण अनशन शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि जब तक अधिकारी मौके पर पहुंचकर पार्क को कब्जा मुक्त नहीं करेंगे, तब तक उनका अनशन जारी रहेगा। इस मामले में नगर पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी के मोबाइल स्विच ऑफ हैं। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# अवध विवि परिसर के स्नातक पाठ्यक्रमों की प्रवेश काउंसिलिंग आज से

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

बीबीए पाठ्यक्रम में एक से 150 रैंक के छात्रों की काउंसिलिंग 24 जुलाई 151 से 269 रैंक के छात्रों की काउंसिलिंग 26 को होगी। बीसीए में प्रवेश के लिए एक से 150 रैंक के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 25 जुलाई तथा 151 से आगे की काउंसिलिंग 26 को होगी।

**विवि की वेबसाइट पर अपलोड हुई काउंसिलिंग की समय सारिणी**

स्नातक पाठ्यक्रमों की प्रवेश काउंसिलिंग 24 जुलाई से शुरू होगी जांगरण संवाददाता, अयोध्या ÷ डा. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्नातक विषयों की प्रवेश काउंसिलिंग का कार्यक्रम जारी हो गया है। काउंसिलिंग 24 जुलाई को सुबह दस बजे से शुरू होगी। इसका आयोजन विभिन्न विभागों में होगा। विश्वविद्यालय प्रवेश समिति ने कुल 17 विषयों के स्नातक में प्रवेश की काउंसिलिंग के लिए समय सारिणी जारी की है। प्रवेश के संबंध में छात्रों की मेरिट लिस्ट विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड की गई है। स्नातक पाठ्यक्रमों की प्रवेश काउंसिलिंग 24 जुलाई से शुरू होगी व दो अगस्त तक चलेगी।

प्रवेश समन्वयक प्रो. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि बीबीए पाठ्यक्रम में एक से 150 रैंक के छात्रों की काउंसिलिंग 24 जुलाई, 151 से 269 रैंक के छात्रों की काउंसिलिंग 26 को होगी। बीसीए में प्रवेश के लिए एक से 150 रैंक के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 25 जुलाई तथा 151 से आगे की काउंसिलिंग 26 को होगी। बीकाम के सभी अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 31 जुलाई को व्यवसाय प्रबंधन एवं उद्यमिता विभाग में होगी। बीए के एक से 100 रैंक के छात्रों की काउंसिलिंग 24 जुलाई, 101 से 200 रैंक की 25 को तथा 201 से 322 रैंक के छात्रों की काउंसिलिंग 26 जुलाई को प्रचेता भवन में होगी। बीएससी बायो ग्रुप में 24 जुलाई को एक से 120 रैंक तथा 25 जुलाई को 121 से 277 रैंक के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग होगी। जो छात्र उक्त तिथि को नहीं आ पाएंगे उन्हें रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 26 जुलाई को अवसर दिया जाएगा। बीएससी गणित ग्रुप के सभी अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 31 जुलाई को होगी। इसमें गैर हाजिर रहने वालों को एक अगस्त को पुनः अवसर दिया जाएगा। बीएससी सभी ग्रुप की काउंसिलिंग दीक्षा भवन में होगी।

# रामजन्मभूमि की सुरक्षा दीवार को आयताकार बनवाने के प्रयास में जुटा ट्रस्ट

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

70 एकड़ की रामजन्मभूमि परिसर की घेराबंदी वर्षों से लोहे के एंगल व कंटीले तारों के माध्यम से की गई है। वर्ष 2005 में आतंकी हमले के बाद इसकी दोहरी बैरिकेडिंग भी करा दी गई थी। परिसर के चारों ओर विभिन्न स्थानों पर बने वाच टावरों के माध्यम से विभिन्न सुरक्षाबलों के जवानों व सीसी कैमरों से परिसर की कड़ी निगरानी की जाती है।

ट्रस्ट ने लगभग 3400 मीटर लंबी चहारदीवारी के निर्माण का दायित्व इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड को सौंपा जल्द निर्माण शुरू होने की संभावना मंदिर निर्माण समिति ने इसकी डिजाइन पर जता दी है अपनी सहमति जागरण संवाददाता, अयोध्या ÷ रामजन्मभूमि की परिधि में जल्द सुरक्षा दीवार का निर्माण शुरू होने वाला है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने करीब 3400 मीटर लंबी चहारदीवारी के निर्माण के लिए केंद्र की कार्यदायी संस्था इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआइएल) को दायित्व सौंपा है।

गत दिनों मंदिर निर्माण समिति की बैठक में इसकी डिजाइन भी स्वीकृत हो गई है। ट्रस्ट इस चहारदीवारी का निर्माण परिसर के परकोटे की भांति आयताकार कराने के प्रयास में जुटा है। इसके लिए लगभग 1400 मीटर क्षेत्र में बाधक बन रहे भवनों व दुकानों के स्वामियों से वार्ता चल रही है। अगर यह प्रयास सार्थक रहा तो चहारदीवारी गोलाकार नहीं, आयताकार निर्मित होगी।

लगभग 70 एकड़ की रामजन्मभूमि परिसर की घेराबंदी वर्षों से लोहे के एंगल व कंटीले तारों के माध्यम से की गई है। वर्ष 2005 में आतंकी हमले के बाद इसकी दोहरी बैरिकेडिंग भी करा दी गई थी।

परिसर के चारों ओर विभिन्न स्थानों पर बने वाच टावरों के माध्यम से विभिन्न सुरक्षाबलों के जवानों व सीसी कैमरों से परिसर की कड़ी निगरानी की जाती है। इस बाउंड्री के चारों ओर आधे से अधिक लगभग 1600 मीटर क्षेत्र में सड़क का निर्माण है तो लगभग 1400 मीटर क्षेत्र में भवन या दुकान निर्मित हैं।

सूत्रों का कहना है कि ट्रस्ट की ओर से प्रयास किया जा रहा है कि सुरक्षा दीवार का निर्माण अतिशीघ्र प्रारंभ करा दिया जाए, इसके साथ जो भवन व दुकान बाउंड्री से सटे हैं और परिसर की सुरक्षा में बाधक हैं, उनके स्वामियों से बात करके उतना हिस्सा खरीद लिया जाए।

यद्यपि यह प्रयास अभी शुरुआती चरण में है और कठिन भी माना जा रहा है, परंतु कुछ भवन स्वामियों से ट्रस्ट के पदाधिकारियों की वार्ता चल रही है। हालांकि इस संदर्भ में कुछ भी बताने से ट्रस्ट पदाधिकाारियों ने इन्कार किया है।

केवल यही कहा जा रहा कि ईआइएल के इंजीनियरों ने निरीक्षण कर लिया है, जल्द लगभग 15 फीट ऊंची सुरक्षा दीवार का निर्माण प्रारंभ हो जाएगा। यह सुरक्षा दीवार आधुनिक उपकरणों से लैस होगी।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्थायी समिति की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित पेंशनर भवन में जिला स्तरीय स्थायी समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मीडिया संस्थान के प्रतिनिधियों से समन्वय कर शासन की जनहित की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये, मीडिया संस्थान के प्रतिनिधियों को शासकीय कार्यक्रमों की जानकारी ससमय उपलब्ध कराते हुए कार्यक्रम के पश्चात प्रेस विज्ञप्ति, फोटोग्राफ्स इत्यादि समय से उपलब्ध कराये जायें, इसके साथ ही जनपद में विभिन्न विभागों द्वारा कराये जा रहे जनहित के कार्यो का जनपद में व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये। जिला प्रशासन एवं मीडिया संस्थान के प्रतिनिधियों से सामंजस्य बनाये रखने हेतु समय-समय पर प्रेसवार्ता का आयोजन कराया जायें। इस अवसर पर समिति के समस्त सदस्यगण उपस्थित रहे।

# किशोरी को भुगतना पड़ा बिजली विभाग का खामियाजा, परिजनों ने की सड़क जाम

जन एक्सप्रेस। खीरों, रायबरेली



थाना क्षेत्र के बरौला गांव के पास बृहस्पतिवार सुबह करीब 6 बजे उस वक्त हड़कंप मच गया जब खेत में शौच के लिए गई एक 12 वर्षीय किशोरी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों की मदद से किशोरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खीरों लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल पायल (12) पुत्री राजेश कुमार पासी निवासी बरौला की निवासी है आज सुबह वह सोच के लिए खेत में गई थी तभी वहां से गुजर रही हाई टेंशन लाइन जो काफी नीचे उसके तार लटक रहे हैं की चपेट में आ गई, स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ। गांव के बाहर खेतों के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की लाइन कई जगहों पर काफी नीचे झूल रही है, जिसकी शिकायत ग्रामीण पहले भी कई बार विभागीय अधिकारियों से कर चुके हैं। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। आक्रोशित लोगों ने खीरों-रायबरेली मार्ग पर जाम लगा दिया, जिससे करीब डेढ़ घंटे तक आवागमन पूरी तरह ठप रहा। सूचना पर मौके पर पहुंचे खीरों थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। काफी मान-मनौव्वल के बाद लोग सड़क से हटे, लेकिन इसके बाद फिर ग्रामीणों ने खीरों पावर हाउस पहुंचकर कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर घेराव कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते बिजली विभाग ने लटकते तारों की मरम्मत कर दी होती तो यह हादसा नहीं होता। लोगों ने दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन भी हरकत में आ गया है और अब विभाग द्वारा जांच की बात कही जा रही है।

### जान्हवी ने पोस्ट में किया खुलासा

## फैंस के साथ जल्द 52 सेल्फी शेयर करेंगी

अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने आज बुधवार को इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं। यह तस्वीरें उन्होंने यात्रा के दौरान फ्लाइट से शेयर की हैं। इसी के साथ उन्होंने खुलासा किया कि उनके पास 52 सेल्फी और हैं पोस्ट करने के लिए। जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म परम सुंदरी को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 25 जुलाई को रिलीज होनी थी, मगर अब यह पोस्टपोन हो गई है। इस बीच जान्हवी कपूर ने अपने हालिया इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए फैंस का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने अपनी दिलकश फोटोज शेयर करते हुए कुछ ऐसा लिखा है, जिसने यूजर्स की उत्सुकता बढ़ा दी है।



### कैप्शन से बढ़ाई फैंस की उत्सुकता


जान्हवी कपूर ने आज बुधवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने फ्लाइट से अपनी फोटोज शेयर की हैं, जिनमें खुली जुल्फों में वे बेहद प्यारी लग रही हैं। इसके साथ जान्हवी ने कैप्शन लिखा है, पोस्ट करने के लिए 52 और सेल्फी थीं, लेकिन उनमें बहुत सारी स्नीक पीक थे, इसलिए मैं कंट्रोल कर रही हूं और आप लोगों को असली चीज देखने के लिए इंतजार करना होगा।

## डीडीएलजे में शाहरुख और अनुपम खेर ने मिलकर गढ़ा था एक डायलॉग



फिल्म निर्माता- अभिनेता अनुपम खेर ने साल 1995 की ब्लॉकबस्टर फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे से जुड़ा एक मजेदार किस्सा सुनाया। अनुपम ने बताया कि मशहूर डायलॉग ओ पोची, ओ कोका, ओ बॉबी, ओ लोला को अभिनेता शाहरुख खान ने चुटकियों में रच डाला था। अभिनेता अनुपम खेर ने बातचीत में कूल डैड किरदार को लेकर राय जाहिर की। उन्होंने कहा, कूल डैड का किरदार निभाना मेरे पिताजी जी को सम्मान देने जैसा है। मेरे निभाए हर एक कूल डैड किरदार का कनेक्शन मेरे पिताजी को समर्पित है और वह उन सब में फिट बैठते हैं। अभिनेता ने अपने पिता को अपना सबसे अच्छा दोस्त बताया। अनुपम खेर से जब पूछा गया कि उनका मशहूर डायलॉग ओ पोची, ओ कोका, ओ बॉबी, ओ लोला कैसे बना था, इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, तुरंत! फिल्म की शूटिंग के दौरान मैंने शाहरुख से कहा, चलो कुछ ऐसा करते हैं जिसे लोग याद रखें। खास बात है कि शाहरुख इम्प्रोवाइजेशन (बिना किसी योजना के तुरंत कुछ बेहतर बनाना) में माहिर हैं।

वह हमेशा नए-नए आइडियाज आजमाने के लिए तैयार रहते हैं। अनुपम ने बताया कि उनकी यह लाइन हिट बन गई थी। उन्होंने कहा, यह लाइन एक तरह से कल्ट बन गई थी, यह मेरे लिए बहुत खास है।






## ऑनलाइन बेटिंग मामले में राणा दग्गुबाती की बढ़ी मुश्किलें

### ईडी के सामने नहीं हुए पेश

तेलंगाना में अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अब सितारों की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। सुपरस्टार राणा दग्गुबाती इस मामले में बुधवार को पूछताछ के लिए ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) द्वारा जारी समन के बाद पेश होने वाले थे, लेकिन वो नहीं आए। अब ईडी ने उन्हें 11 अगस्त को दोबारा बुलाया है।

### क्या है मामला?

इस मामले में सिर्फ राणा दग्गुबाती ही नहीं, बल्कि टॉलीवुड और बॉलीवुड के कई चर्चित नामों को जांच के दायरे में लाया गया है। ईडी ने इस हफ्ते चार सितारों को समन जारी किया है जिसमें अभिनेता प्रकाश राज को 30 जुलाई, विजय देवरकोंडा को 6 अगस्त और लक्ष्मी मंचु को 13 अगस्त को तलब किया गया है। ईडी की जांच का फोकस इन कलाकारों द्वारा कथित तौर पर कुछ ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स का प्रचार करने पर है। इन ऐप्स पर गैरकानूनी सट्टेबाजी के जरिए करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने का आरोप है। प्रमोशन के बहाने हुआ लाखों का लेन-देन! सूत्रों के मुताबिक, कुछ नामचीन अभिनेताओं और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को इन ऐप्स को प्रमोट करने के लिए मोटी रकम दी गई थी। हालांकि इन सितारों का दावा है कि उन्हें इन प्लेटफॉर्म्स की वास्तविक गतिविधियों की जानकारी नहीं थी और वो सिर्फ ब्रांड प्रमोशन समझकर इससे जुड़े थे। ईडी ने ये मामला तेलंगाना पुलिस की ओर से दर्ज की गई पांच प्राथमिकियों के आधार पर शुरू किया है। एजेंसी अब इन कलाकारों के बयान दर्ज करेगी, जिसे मनी लॉन्ड्रिंग अधिनियम के तहत कानूनी दस्तावेज माना जाएगा



## सोशल मीडिया ट्रेंड पर शामिल हुई, आरती सिंह बनाया मजेदार वीडियो

टेलीविजन अभिनेत्री आरती सिंह भले ही स्क्रीन पर अब देखने को नहीं मिलती लेकिन वह अपने फैंस के साथ जुड़े रहने के लिए सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करती रहती हैं। उन्होंने बुधवार को एक लेटेस्ट वीडियो शेयर किया, जिसमें वह डांस करती नजर आ रही हैं।

अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह तड़पाओगे तड़पा लो गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं। वीडियो में आरती पीले रंग की साड़ी पहनी हुई है। गाने के बोल के साथ शानदार एक्सप्रेशन देते हुए वह डांस करती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने वीडियो शेयर कर कैप्शन में लिखा,तड़पाओगे? तड़पालो! फैंस को उनका ये खास अंदाज काफी पसंद आ रहा है। फैंस कमेंट सेक्शन पर उन्हें हार्ट, फायर, और स्माइली इमोजी शेयर कर रहे हैं। बता दें, यह गाना कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है, जिसको फॉलो करते हुए अभिनेत्री रुपाली गांगुली, सपना चौधरी और भोजपुरी अभिनेत्री रानी चटर्जी ने भी वीडियो बनाई थी और लाखों व्यूज पाए थे। यह गाना साल 1957 में आई बरखा का है। जिसे लता मंगेशकर ने गाया है, इसके बोल राजिंदर कृष्ण ने दिए हैं। वहीं, यह फिल्म थाई पिरांधल वाझी पिराक्कुम का रीमेक थी। गाने का संगीत काफी मधुर है, जिसे चित्रगुप्त ने तैयार किया था। गाने की तरह फिल्म को भी लोगों ने काफी पसंद किया था।



### मेंटली परेशान करने की साजिश

## तनुश्री का अभिनेताओं पर बड़ा आरोप

सोशल मीडिया पर शेयर किए गए अपने वीडियो के बाद चर्चाओं में आई तनुश्री दत्ता ने अब पूरे मामले में कई खुलासे किए हैं और कुछ अभिनेताओं पर गंभीर आरोप भी लगाए हैं। रोज सुबह और रात को कोई मेरे घर की घंटी बजाता है, लेकिन दरवाजे खोलने पर सामने कोई नहीं होता। दिन-रात घर के बाहर अजीबोगरीब आवाजें आती हैं।

दरवाजा पीटा जाता है और घंटियों की आवाजें आती हैं। लेकिन कोई नजर नहीं आता। यह कहना है बॉलीवुड अभिनेत्री तनुश्री दत्ता का। जिन्होंने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह रोते हुए मदद मांगती दिखीं। उनका कहना है कि पिछले कुछ साल से उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा है। जिसके चलते पुलिस तक बुलानी पड़ी। डिजिटल से बातचीत में तनुश्री ने इस बारे में विस्तार से बात की और इसे एक साजिश बताया। एक्ट्रेस ने बॉलीवुड के दो बड़े अभिनेताओं पर कई तरह के आरोप भी लगाए।

### क्या आप खुलकर बता सकती हैं कि आपके साथ क्या हो रहा है?

मैं मुंबई में अकेली रहती हूं और यही मेरी सबसे बड़ी असुरक्षा बन चुकी है। पिछले कुछ साल से मेरे साथ जो हो रहा है, वह महज इत्तेफाक नहीं है। यह एक सोची-समझी मानसिक तकलीफ देने की कोशिश है। मेरे घर में दिन-रात अजीबोगरीब आवाजें आती हैं। अभिनेत्री ने आगे बताया कि मेरी बिल्डिंग दो इमारतों से जुड़ी हुई है। इसमें कई सर्विस वेंट्स हैं जो बाथरूम और किचन के बाहर हैं। मुझे शक है कि इन्हीं वेंट्स के जरिए घर के अंदर एंट्री ली जा रही थी। मैंने उन सभी वेंट्स को सील करवा दिया। इसके बाद चोरी रुक गई, लेकिन मानसिक उत्पीड़न नहीं थमा। नो बेल, नो कॉल। के निर्देश के बाद भी कोई रोज जबरदस्ती घर की घंटी बजाता है। यह टारगेटेड हरेसमेंट है। ऐसे लोग भेजे जाते हैं जो बाहर से सामान्य दिखते हैं लेकिन अंदर से किसी नेटवर्क या साजिश का हिस्सा होते हैं। एक्ट्रेस ने बीती रात की बात बताते हुए कहा कि कल मैंने सोशल मीडिया पर अपनी बात रखी और आज सुबह से ही शोर-शराबा शुरू हो गया। सुबह 8 बजे के बाद हमारी सोसायटी में कंस्ट्रक्शन की अनुमति नहीं है, फिर भी कोई जानबूझकर धड़ाम-धड़ाम करता रहा।




## 'सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज' को पेश करेंगे अनुराग, वेनिस फिल्म फेस्टिवल में होगा प्रीमियर

**बॉलीवुड के दिग्गज निर्माता-निर्देशक अनुराग कश्यप 'सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज' के साथ बतौर प्रस्तुतकर्ता जुड़ गए हैं। अनुराग 82वें वेनिस अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित होने वाली इस फिल्म को अपना समर्थन दे रहे हैं।**

निर्देशक अनुपर्णा रॉय इस फिल्म से अपनी शुरुआत कर ही हैं। उनकी पहली ही निर्देशित फिल्म 82वें वेनिस अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में वर्ल्ड प्रीमियर करने वाली एकमात्र भारतीय फिल्म है। यह महोत्सव इस साल 27 अगस्त से 6 सितंबर तक इटली के वेनिस लीडो में आयोजित होगा। मुंबई में दो प्रवासी महिलाओं के बीच बनते रिश्तों पर आधारित 'सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज' को ओरिजोंटी सेक्शन में प्रदर्शित किया जाएगा। यह एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है जिसमें नए ट्रेंड और मुद्दों को उजागर करने वाली फिल्मों के लिए डेब्युडेंट्स, नई प्रतिभाओं और स्वतंत्र फीचर फिल्मों व कम चर्चित सिनेमा पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। नाज शेख और सुमी बघेल स्टारर इस फिल्म का निर्माण बिभांशु राय, रोमिल मोदी और रंजन सिंह ने किया है। इस फिल्म को प्रजेंट करने पर अनुराग कश्यप का कहना है कि मैंने हमेशा नई प्रतिभाओं का समर्थन करने में विश्वास किया है, खासकर उन लोगों का जो कुछ अलग कहना चाहते हैं। अपने विचारों और विश्वासों से पहले से तक मानकों को चुनौती देना चाहते हैं। रंजन और मैं पिछले कई साल से ऐसी कई फिल्मों से जुड़े रहे हैं और ऐसी नई प्रतिभाओं को लगातार सामने आते देखना काफी अच्छा है।

## मेरे लिए सबसे पहले राइटर और डायरेक्टर होते हैं...



आमिर खान अपनी हालिया फिल्म सितारे जमीन पर से एक बार फिर साबित कर चुके हैं कि उन्हें पब्लिक की नब्ज पहचानना बखूबी आता है। एक खास बातचीत में आमिर ने अपनी भविष्य की प्राथमिकताओं पर खुलकर बात की...

### सितारे जमीन पर आपसे पहले दूसरे एक्टर्स को भी ऑफर की गई थी क्या?

यह फिल्म कई एक्टर्स को ऑफर की गई थी और सबको स्क्रिप्ट बहुत पसंद आई। आखिरकार फरहान अख्तर को फाइनल किया गया, और तमिल वर्जन के लिए शिवकार्तिकेयन को चुना गया क्योंकि डायरेक्टर प्रसन्ना तमिल बैकग्राउंड से हैं। हमने सोचा कि एक ही स्क्रिप्ट पर हिंदी और तमिल दोनों वर्जन बनाएं। सब फाइनल हो गया था। मैं बतौर प्रोड्यूसर स्क्रिप्ट के फाइनल ड्राफ्ट पर काम कर रहा था। पहले ही दिन, जब लेखक दिव्य निधि शर्मा स्क्रिप्ट पढ़ रहे थे और हम उस पर चर्चा कर रहे थे, तभी मेरे मन में ख्याल आया- यार, तू ही क्यों नहीं कर रहा ये फिल्म ?

### लोकेश कनगराज के साथ वाली फिल्म में क्या ब्लडी एक्शन करेंगे?

फिल्म की जो जरूरत है, मैं वह करूंगा। लोकेश एक रोमांचक डायरेक्टर हैं, जिनके साथ काम करना अच्छा है। मगर जो मेरा पर्सनल टेस्ट है, मुझे खून खराबे वाला वायलेंस देखना पसंद नहीं है और शायद बड़े दर्शक वर्ग को भी एक्शन पसंद है लेकिन ज्याद खून खराबा पसंद नहीं। मैंने एनिमल नहीं देखी, मगर वह लोगों को अच्छी लगी तो ही चली होगी। मुझे ब्लडी एक्शन पसंद नहीं, मगर मेरे लिए स्क्रिप्ट क्या है, वह मायने रखता है।

साभार एजेंसी

## हेलन, रेखा और माधुरी से मिली शिल्पा शेट्टी को खास प्रेरणा

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का लोकप्रिय डांस रियलिटी शो सुपर डांसर करीब 4 साल बाद फिर से वापस आ गया है। इस बार शो में और भी ज्यादा जोश और उत्साह देखने को मिलेगा। इस सीजन में देशभर से चुने गए 12 टैलेंटेड बच्चे हिस्सा ले रहे हैं, जो स्टेज पर धमाकेदार डांस परफॉर्मेंस देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ये कंटेस्टेंट न सिर्फ शो के जजों को बल्कि लाइव ऑडियंस को भी अपने डांस से इंप्रेस करेंगे। इस शो के दौरान जज और एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में खुलकर बात की और कुछ इमोशनल बातें भी शेयर कीं। उन्होंने बताया कि उनकी जिंदगी और करियर में तीन खास महिलाओं ने उन्हें हमेशा प्रेरित किया है। शिल्पा शेट्टी ने कहा, मेरी जिंदगी में हमेशा तीन ऐसी महिलाएं रही हैं, जिन्होंने मुझे प्रेरित किया है। ये तीन महिलाएं हेलेन जी, रेखा जी और माधुरी दीक्षित जी हैं। हेलेन जी की खासियत यह थी कि वो चाहे कुछ भी पहनें या कोई भी डांस करें, वो कभी भी बुरा नहीं लगता था। रेखा जी की आंखों में इतना असर था कि वो सिर्फ अपनी नजरों से बहुत



कुछ कह देती थीं। उनका लिप-सिंक और एक्सप्रेशन कमाल के थे। उन्होंने आगे कहा, माधुरी दीक्षित जी के हर परफॉर्मेंस में एक अलग ही अंदाज होता है। मैंने डांस करना माधुरी दीक्षित के वीडियो को देखकर ही सीखा है। ये तीनों कलाकार हमेशा से मेरी एक बड़ी प्रेरणा रही हैं। अपनी मां के बारे में बात करते हुए शिल्पा भावुक हो गईं। उन्होंने बताया कि आज वो जिस मुकाम पर हैं, उसका सबसे बड़ा श्रेय उनकी मां को जाता है, क्योंकि उनकी मां ने हमेशा उनका बिना शर्त साथ दिया और हर मोड़ पर उनका हौसला बढ़ाया। शिल्पा ने कहा, मेरी मां ने मेरे लिए बहुत कुछ किया है, जितना कोई सोच भी नहीं सकता। जब मैं 17 साल की थी, तब बहुत मासूम थी और ज्यादा कुछ नहीं जानती थी।

उस वक्त मेरी मां मेरे साथ घूमती थीं, और करीब 10 साल तक उन्होंने इस तरह से मेरा पूरा साथ दिया। उन्होंने मुझे सबसे पहले रखा। वह मेरी मां ही नहीं, बल्कि मेरी मैनेजर, सलाहकार और सबसे बड़ी आलोचक भी थीं। मैं जो कुछ भी आज हूं, वो सब अपनी मां की वजह से हूं।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## अपाचे हेलिकॉप्टर की सेना में एंट्री मिग–21 को वायुसेना से विदाई

**बहरहाल, अपाचे हेलिकॉप्टरों की तैनाती और मिग–21 की विदाई एक प्रतीकात्मक परिवर्तन है। यह दिखाता है कि भारत अब अपने रक्षा बलों को तकनीकी रूप से उन्नत, अत्याधुनिक और नेटवर्क–सक्षम बना रहा है। जहां मिग–21 ने दशकों तक आसमान में भारतीय शक्ति का प्रतीक बनकर सेवा दी, वहीं अपाचे जैसे नए प्लेटफॉर्म अब ज़मीन पर दुश्मन के मनोबल को तोड़ने का कार्य करेंगे। यह परिवर्तन न केवल सैन्य रणनीति का विस्तार है, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और मजबूत कदम भी है।**

*भारतीय सशस्त्र बलों में इन दिनों दो महत्वपूर्ण घटनाएं घट रही हैं– एक ओर अत्याधुनिक अपाचे AH-64E अटैक हेलिकॉप्टर सेना में शामिल हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर एक लंबा इतिहास समेटे मिग-21 फाइटर जेट भारतीय वायुसेना से विदाई ले रहा है। ये दोनों घटनाएं भारतीय रक्षा क्षमताओं में बदलाव का प्रतीक हैं और भविष्य की रणनीतिक दिशा को दर्शाती हैं। हम आपको बता दें कि अपाचे AH-64E विश्व के सबसे आधुनिक और प्रभावशाली अटैक हेलिकॉप्टरों में से एक है। अमेरिका द्वारा निर्मित यह हेलिकॉप्टर अब भारतीय थलसेना के पास भी होगा। पहले अपाचे हेलिकॉप्टर केवल भारतीय वायुसेना के बेड़े में थे, लेकिन अब इन्हें सेना को भी सौंपा जा रहा है, जिससे जमीनी अभियानों में जबरदस्त बढ़त मिलेगी। अपाचे की प्रमुख विशेषताओं की बात करें तो आपको बता दें कि यह हेलिकॉप्टर दिन और रात, किसी भी मौसम में ऑपरेशन करने में सक्षम है। इसके अलावा इसमें हेलफायर मिसाइल, 70 मिमी रॉकेट्स और 30 मिमी की ऑटोमैटिक गन लगी होती है, जो इसे अत्यंत मारक बनाती है। साथ ही अपाचे हेलिकॉप्टर ड्रोन और अन्य विमानों से जुड़कर एकीकृत ऑपरेशन करने में सक्षम है। इसके अलावा इसमें उन्नत रडार, नाइट विज़न और आत्मरक्षा प्रणाली होती है जो इसे दुश्मन की मिसाइलों से बचाती है। भारतीय सेना को कैसे मिलेगा लाभ यदि इसके बारे में बात करें तो आपको बता दें कि इसके आने से दुर्गम पहाड़ी इलाकों में तेजी से तैनाती और आक्रमण क्षमता बढ़ेगी। आतंकवाद और घुसपैठ विरोधी अभियानों में मजबूती मिलेगी तथा स्वदेशी टैंक रेजिमेंट्स के साथ संयुक्त ऑपरेशन की क्षमता बढ़ेगी। वहीं अगर मिग-21 की बात करें तो आपको बता दें कि यह भारतीय वायुसेना का पहला सुपरसोनिक लड़ाकू विमान था। इसे वर्ष 1963 में सोवियत संघ से आयात किया गया था। एक समय ऐसा था जब भारतीय वायुसेना के अधिकांश फाइटर स्क्वाड्रन मिग-21 पर ही आधारित थे। इसकी प्रमुख उपलब्धियों का जिक्र करें तो आपको बता दें कि 1971 के भारत-पाक युद्ध में मिग-21 ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कई पाकिस्तानी विमानों को मार गिराया था। इसके अलावा कारगिल युद्ध और बालाकोट स्ट्राइक जैसे अभियानों में भी इसका उपयोग हुआ था। हम आपको यह भी बता दें कि बीते दशकों में मिग-21 को फ्लाइंग कॉफिन और विधवा बनाने वाला भी कहा गया, क्योंकि इसमें तकनीकी खामियों और रख-रखाव की जटिलताओं के कारण कई दुर्घटनाएँ हुईं। अब जब यह 60 वर्षों की सेवा के बाद रिटायर हो रहा है, तो यह एक युग के अंत की तरह है। अब सवाल उठता है कि मिग-21 के बाद कौन लेगा इसकी जगह? तो इसके जवाब में हम आपको बता दें कि भारतीय वायुसेना अब पुराने विमानों की जगह नई पीढ़ी के फाइटर जेट्स ला रही है। इसमें सबसे पहला नाम तेजस का है। यह स्वदेशी रूप से विकसित चौथी पीढ़ी का लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट है जोकि उच्च गतिशीलता, उन्नत एवियोनिक्स और हथियार प्रणाली से लैस है। तेजस अब मिग-21 का प्राकृतिक उत्तराधिकारी माना जा रहा है। इसके अलावा भारतीय वायुसेना के पास अब राफेल है जोकि फ्रांस से आयातित बहुउद्देश्यीय फाइटर जेट है। यह लंबी दूरी की स्ट्राइक, डॉगफाइट और परमाणु हथियारों की तैनाती में सक्षम है। अभी विकास के चरण में हैं। भविष्य में स्वदेशी फिफ्थ जेनरेशन फाइटर जेट और नेवी फाइटर जेट भारतीय वायुसेना और नौसेना को और मजबूती देंगे।*

### एक्सप्रेस आलेख

**वर्तमान में भारत के यूपीआई सिस्टम का विश्व के 7 देशों यथा यूनाइटेड अरब अमीरात, फ्रान्स, ओमान, मारीशस, श्रीलंका, भूटान एवं नेपाल में उपयोग हो रहा है। इन देशों में रहने वाले भारतीय मूल के नागरिक यूपीआई के माध्यम से सीधे ही भारत के साथ आर्थिक व्यवहार कर रहे हैं। दक्षिणपूर्वीय देशों यथा मलेशिया, थाइलैंड, फिलिपींस, वियतमान, सिंगापुर, कम्बोडिया, दक्षिण कोरिया, जापान, ताईवान एवं हांगकांग आदि भी भारत के यूपीआई सिस्टम के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयास कर रहे हैं। यूनाइटेड किंगडम, आस्ट्रेलिया एवं यूरोपीयन देशों ने भी भारत के यूपीआई सिस्टम को अपने देश में लागू करने की इच्छा जताई है।**

## भारत के यूपीआई ने अमेरिका के वीजा को पीछे छोड़ा



प्रहलाद सबनानी

**मोदी की साइप्रस एवं नामीबिया यात्रा के दौरान इन दोनों देशों ने भारत के यूपीआई सिस्टम को अपने देश में शुरू करने के लिए भारत से निवेदन किया है। पूरे विश्व में अब कई देशों का विश्वास भारत के यूपीआई सिस्टम पर बढ़ रहा है और यदि ये देश भारत के यूपीआई सिस्टम को अपने देश में लागू कर देते हैं तो इससे भारत में विदेशी निवेश की राशि में भी तेज गति से वृद्धि होने की सम्भावना बढ़ जाएगी।**

हाल ही के समय में भारत, विभिन्न क्षेत्रों में, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नित नए रिकार्ड बना रहा है। कुछ क्षेत्रों में तो अब भारत पूरे विश्व का नेतृत्व करता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत ने बैंकिंग व्यवहारों के मामले में तो जैसे क्रांति ही ला दी है। अभी हाल ही में आर्थिक क्षेत्र में बैंकिंग व्यवहारों के मामले में भारत के युनिफाईड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) ने अमेरिका के 67 वर्ष पुराने वीजा एवं मास्टर कार्ड के पेमेंट सिस्टम को प्रतिदिन होने वाले आर्थिक व्यवहारों की संख्या के मामले में वैश्विक स्तर पर पीछे छोड़ दिया है। वैश्विक स्तर पर अब भारत विश्व का सबसे बड़ा रियल टाइम पेमेंट नेटवर्क बन गया है। भारत में वर्ष 2016 के पहले ऑनलाइन पेमेंट का मतलब होता था केवल वीजा और मास्टर कार्ड। वीजा और मास्टर कार्ड को चलाने वाली अमेरिका की ये दोनों कंपनिया पूरी दुनिया में ऑनलाइन पेमेंट का एकाधिकार रखती थीं। वीजा की शुरुआत, अमेरिका में वर्ष 1958 में हुई थी और धीमे धीमे यह कंपनी 200 से अधिक देशों में फैल गई और ऑनलाइन भुगतान के मामले में पूरे विश्व पर अपना एकाधिकार जमा लिया। वैश्विक स्तर पर इस कम्पनी को चुनौती देने के उद्देश्य से भारत ने वर्ष 2016 में अपना पेमेंट सिस्टम, यूपीआई के रूप में, विकसित किया और वर्ष 2025 आते आते भारत का यूपीआई सिस्टम आज पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर आ गया है। यूपीआई पेमेंट सिस्टम के माध्यम से ऑनलाइन बैंकिंग व्यवहार चुटकी बजाते ही हो जाते है। आज सब्जी वाले, चाय वाले, सहायता प्राप्त करने वाले नागरिक एवं छोटी छोटी राशि के आर्थिक व्यवहार करने वाले नागरिकों के लिए यूपीआई सिस्टम ने ऑनलाइन बैंकिंग व्यवहार करने को बहुत आसान बना दिया है। आज भारत के यूपीआई सिस्टम के माध्यम से प्रतिदिन 65 करोड़ से अधिक व्यवहार (1800 करोड़ से अधिक व्यवहार प्रति माह) हो रहे हैं जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वीजा कार्ड से माध्यम से प्रतिदिन 63.9 करोड़ व्यवहार हो रहे हैं। इस प्रकार, भारत के यूपीआई ने दैनिक व्यवहारों के मामले में 67 वर्ष पुराने अमेरिका के वीजा को पीछे छोड़ दिया है। भारत में केंद्र सरकार की यह सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक है। भारत अब इस मामले में पूरी दुनिया का लीडर बन गया है। भारत ने यह उपलब्धि केवल 9 वर्षों में ही प्राप्त की है। विश्व बैंक एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भी भारत के यूपीआई सिस्टम की अत्यधिक प्रशंसा करते हुए कहा है कि यह नई तकनीकी का चमत्कार है एवं यह सिस्टम अत्यधिक प्रभावशाली है। भारत का यूपीआई सिस्टम भारत को वैश्विक बैंकिंग नक्शे पर एक बहुत बड़ी शक्ति बना सकता है। भारत में यूपीआई की सफलता की नींव दरअसल केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई कई आर्थिक योजनाओं के माध्यम से पड़ी है। समस्त नागरिकों के आधार कार्ड बनाने के पश्चात जब आधार कार्ड को नागरिकों के बैंक




**भारत में वर्ष 2016 के पहले ऑनलाइन पेमेंट का मतलब होता था केवल वीजा और मास्टर कार्ड। वीजा और मास्टर कार्ड को चलाने वाली अमेरिका की ये दोनों कंपनिया पूरी दुनिया में ऑनलाइन पेमेंट का एकाधिकार रखती थीं।**

खातों से जोड़ा गया और केंद्र सरकार द्वारा देश के गरीब वर्ग की सहायता के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सहायता राशि को सीधे ही नागरिकों के बैंक खातों में जमा किया जाने लगा तब एक सुदृड्ढ पेमेंट सिस्टम की आवश्यकता महसूस हुई और ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम के रूप में यूपीआई का जन्म वर्ष 2016 में हुआ। यूपीआई को आधार कार्ड एवं प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत बैंकों में खोले गए खातों से जोड़ दिया गया। नागरिकों के मोबाइल क्रमांक और आधार कार्ड को बैंक खातों से जोड़कर यूपीआई सिस्टम के माध्यम से आर्थिक एवं लेन-देन व्यवहारों को आसान बना दिया गया। भारत में आज लगभग 80 प्रतिशत युवा एवं बुजुर्ग जनसंख्या का विभिन्न बैंकों के खाता खोला जा चुका है। यूपीआई के माध्यम से केवल कुछ ही मिनटों में एक बैंक खाते से दूसरे बैंक खाते में राशि का अंतरण किया जा सकता है। ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम के रूप में यूपीआई के आने के बाद तो अब भारत के नागरिक एटीएम कार्ड, डेबिट कार्ड एवं क्रेडिट कार्ड को भी भूलने लगे हैं। भारत से बाहर अन्य देशों में रहने वाले भारतीय मूल के नागरिक भी अपनी बचत को यूपीआई के माध्यम से अपने परिवार के सदस्यों के बैंक खातों में ऑनलाइन राशि का अंतरण चंद मिनटों में कर सकते हैं। पूर्व में, बैंकिंग चेनल के माध्यम से एक देश के बैंक खाते से दूसरे देश के बैंक खाते में राशि का अंतरण करने में 2 से 3 दिन का समय लग जाता था तथा विदेशी बैंकों द्वारा इस प्रकार के अंतरण राशि पर खर्च भी वसूला जाता है। अब यूपीआई के माध्यम से कुछ ही मिनटों में राशि एक देश के बैंक खाते से दूसरे देश के बैंक खाते में अंतरित हो जाती है। इससे भारतीय रुपए का अंतरराष्ट्रीयकरण भी हो रहा है। विश्व के अन्य देशों में पढ़ाई के लिए गए छात्रों को अपने खर्च चलाने एवं विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में फीस की राशि यूपीआई सिस्टम से जमा कराने में बहुत आसानी होगी। जिस भी देश में भारतीय मूल में नागरिकों की संख्या अधिक है उन देशों में भारत के यूपीआई सिस्टम को लागू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। आज 13,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि इन देशों में निवास कर रहे भारतीय मूल के नागरिकों द्वारा प्रतिवर्ष भारत में भेजी जा रही हैं। वैश्विक स्तर पर भारत के यूपीआई सिस्टम की स्वीकार्यता बढ़ने से अमेरिकी डॉलर पर भारत की निर्भरता भी कम होगी, इससे भारतीय रुपए की मांग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ेगी और डीडोलराईजेशन की प्रक्रिया तेज होगी। भारत ने यूपीआई के प्रतिदिन होने वाले व्यवहारों की संख्या के मामले में आज अमेरिका, चीन एवं पूरे यूरोप को पीछे छोड़ दिया है। वर्तमान में भारत के यूपीआई सिस्टम का विश्व के 7 देशों यथा यूनाइटेड अरब अमीरात, फ्रान्स, ओमान, मारीशस, श्रीलंका, भूटान एवं नेपाल में उपयोग हो रहा है। इन देशों में रहने वाले भारतीय मूल के नागरिक यूपीआई के माध्यम से सीधे ही भारत के साथ आर्थिक व्यवहार कर रहे हैं। दक्षिणपूर्वीय देशों यथा मलेशिया, थाइलैंड, फिलिपींस, वियतमान, सिंगापुर, कम्बोडिया, दक्षिण कोरिया, जापान, ताईवान एवं हांगकांग आदि भी भारत के यूपीआई सिस्टम के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयास कर रहे हैं। यूनाइटेड किंगडम, आस्ट्रेलिया एवं यूरोपीयन देशों ने भी भारत के यूपीआई सिस्टम को अपने देश में लागू करने की इच्छा जताई है। हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की साइप्रस एवं नामीबिया यात्रा के दौरान इन दोनों देशों ने भारत के यूपीआई सिस्टम को अपने देश में शुरू करने के लिए भारत से निवेदन किया है। पूरे विश्व में अब कई देशों का विश्वास भारत के यूपीआई सिस्टम पर बढ़ रहा है और यदि ये देश भारत के यूपीआई सिस्टम को अपने देश में लागू कर देते हैं तो इससे भारत में विदेशी निवेश की राशि में भी तेज गति से वृद्धि होने की सम्भावना बढ़ जाएगी।

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | प्रतिपदा 23:26 तक |
| नक्षत्रः | पुष्य 16:02 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | वज्र, 07:24 |
| सूर्योदयः | 05:40 |
| सूर्यास्तः | 19:07 |
| चंद्रमाः | कर्क राशि में |
| राहुकालः | 10:43-12:24 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | सावन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:57-12:51 |

## जन एक्सप्रेस

### पद की है तलाश !

*अवसर रहे निहार ।*
*पद की है तलाश ।।*
*ना रहना है आम ।*
*बन ही जाना खास ।।*
*गुणा भाग में माहिर ।*
*जा रहा संदेश ।।*
*पर पहले टटोलना ।*
*बढ़े ना कलेस ।।*
*दिख जाए पर जल्द ।*
*नया कुछ अवतार ।।*
*मनोरंजन की थोड़ी थोड़ी ।*
*बहती रहे बयार ।।*
*फैसला तो मान्य है ।*
*पर कसक है बाकी ।।*
*ना आई पर काम ।*
*कोई भी चालाकी ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## एवोकाडो बीज खाना सेहत के लिए हो सकता है नुकसानदायक

**एवोकाडो** खाना सेहत के लिए काफी लाभकारी होता है। इसे खाने से आपका पाचन तंत्र हेल्दी होता है साथ ही साथ शारीरिक ऊर्जा भी बढ़ती है। एवोकाडो खाना आपकी हड्डियों के लिए हेल्दी होने के साथ-साथ आपके मेंटल हेल्थ के लिए भी काफी अच्छा होता है। लेकिन, कई बार कुछ लोग एवोकाडो के बीज भी खाते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं एवोकाडो के बीज खाना सेहत के लिए कई तरीकों से नुकसानदायक साबित हो सकता है। एवोकाडो के बीज खाने से कई बार गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याओं का भी सामना करना पड़ सकता है। अगर आप पेट से जुड़ी समस्याओं का भी सामना कर रहे हैं तो ऐसे में एवोकाडो बीज आपके लिए हानिकारक साबित हो सकते हैं। हालांकि, एवोकाडो के बीज में कई पोषक तत्व होते हैं, जिन्हें खाने से सेहत को कई फायदे भी मिल सकते हैं।

**पेट से जुड़ी समस्याएं:** अगर आप एवोकाडो के बीज खाते हैं तो ऐसे में कई बार पेट से जुड़ी समस्याओं का भी सामना करना पड़ सकता है। अगर आप एवोकाडो खाते हैं तो ऐसे में डायरिया, गैस, अपच और पेट फूलने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ज्यादा मात्रा में एवोकाडो बीज खाना पेट के लिए ठीक नहीं है। इसे खाने से पाचन तंत्र पर प्रेशर डाल सकता है या उसे प्रभावित कर सकता है। इसलिए अगर आप पहले से ही पेट से जुड़ी समस्याओं से परेशान हैं तो ऐसे में एवोकाडो खाने से परहेज करना चाहिए।



**शरीर में हो सकती है टॉक्सिसिटी:** एवोकाडो के बीज का सेवन करना कई बार टॉक्सिसिटी का भी कारण बन सकता है। दरअसल, एवोकाडो के बीज में पेरसिन नामक कंपाउंड पाया जाता है। यह टॉक्सिक आमतौर पर जानवरों के जरिए एवोकाडो के बीज में फैल सकता है। इसलिए, एवोकाडो के बीज खाने से कई बार आपको टॉक्सिसिटी का भी सामना करना पड़ सकता है। इसलिए इसे खाने से आपको परहेज करना चाहिए।

**हो सकती है चोकिंग की समस्या:** अगर आप एवोकाडो के बीज को ज्यादा समय तक या जरूरत से ज्यादा खाते हैं तो ऐसे में कुछ मामलों में आपको चोकिंग की समस्या भी हो सकती है। इसलिए आपको खासतौर पर बच्चों और प्रेग्नेंट महिलाओं को एवोकाडो के बीज देने से बचना चाहिए। कुछ मामलों में यह आपके लिए हानिकारक साबित हो सकता है।


**एवोकाडो खाने के फायदे**

- एवोकाडो खाना सेहत के लिए कई तरीकों से फायदेमंद हो सकता है।
- एवोकाडो खाने से हड्डियां मजबूत होती हैं साथ ही साथ पाचन तंत्र के लिए भी काफी फायदेमंद हो सकता है।
- इसे खाने से आपकी आंखें अच्छी रहती हैं साथ ही साथ शरीर में होने वाली सूजन भी काफी कम होती है।
- शारीरिक ऊर्जा बढ़ाने के लिए भी आप एवोकाडो का सेवन कर सकते हैं। इससे आपको कमजोरी का एहसास नहीं होता है।
- इसे खाने से शरीर में ऑस्टियोपोरोसिस होने का खतरा काफी हद तक कम होता है।
- एवोकाडो खाने से आपकी कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ अच्छी रहती है, जिसे खाने से हार्ट भी हेल्दी रहता है।

जी हां, एवोकाडो के बीज खाना सेहत के लिए कई तरीकों से नुकसानदायक होते हैं। इसे खाने से पाचन संबंधी समस्याएं होने के साथ ही साथ कई बार टॉक्सिसिटी भी हो सकती है। अगर आप पाचन संबंधी समस्याओं से परेशान हैं तो ऐसे में एवोकाडो का सेवन करने से परहेज करना चाहिए।

### एक्सप्रेस विशेष

## विज्ञान में लोक को प्रतिष्ठित करने की मुहिम



गिरीश्वर मिश्र

**अन्य दूसरे अध्ययनों में वैज्ञानिक प्रक्रिया में जन–भागीदारी बाधक मानी जाती है इसलिए वह उसके प्रति उदासीन ही रहती है। वह उसे सशक्त भी नहीं करती क्योंकि शोधकर्ता और प्रतिभागी के बीच एक ज्ञान–शक्ति का अंतर है जिसे बनाए रखा जाता है।**

**सामाजिक विज्ञानों में आम जन शोध में प्रतिभागी के रूप में भाग लेते हैं और शोधकर्ता उनसे विभिन्न प्रकार के आँकड़े प्राप्त करता है जिसके अंतर्गत प्रतिभागी शोधकर्ता के कहे अनुसार बोल कर, लिख कर या कोई कार्य करते हुए अथवा दैहिक मापक के ज़रिए आवश्यक आँकड़े उपलब्ध कराता है। इस चरण के बाद शोधकर्ता और प्रतिभागियों के बीच सम्पर्क न अपेक्षित होता है न वांछित।**

**विज्ञान** को आधुनिक युग में तेज़ी से धर्म का दर्जा दिया जा रहा है। लोगों में सबकुछ को वैज्ञानिक घोषित करने की ललक बढती जा रही है । ऐसा हो भी क्यों न विज्ञान विश्वसनीय, पूर्वाग्रहमुक्त और पक्षपातहीन अंतिम सत्य का पर्यायवाची जो हो गया है। हालाँकि सदैव ऐसा नहीं होता और स्वयं विज्ञान के अर्थ भी बदल रहे हैं। तब भी 'आँखिन देखी' पर विश्वास करने वाली विज्ञान की विधि ज्ञान प्राप्त करने के लिए एक भरोसेमंद आधार के रूप में सुबुद्ध लोगों की अभी भी पहली पसंद बनी हुई है। टोना-टोटका, झाड़-फूंक, तंत्र-मंत्र और ओझा-सोखा को ले कर लोग हिचकने लगे हैं। आमतौर पर विज्ञान की बढ़ती साख का ही नतीजा है कि विज्ञान के प्रचार-प्रसार के लगातार प्रयास हो रहे हैं ताकि आम जनों में वैज्ञानिक मानसिकता साइंटिफिक टेम्पर का विकास हो सके और वे खुशहाल जीवन बिता सकें। भारत में होशंगाबाद और केरल में समाज को विज्ञान से जोड़ने की पहल शुरू हुई थी जिसका व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार न हो सका। यहाँ एक जुड़ा सवाल वैज्ञानिक साक्षरता का भी है क्योंकि विज्ञान के प्रति भावनात्मक रुझान ही काफ़ी नहीं हो सकती उसकी मुलभूत जानकारी भी आवश्यक है । चूँकि विज्ञान का क्षितिज निरंतर विस्तृत हो रहा है इसलिए वैज्ञानिक साक्षरता का स्तर भी बढ़ता रहता है और उसे नए ज्ञान के आलोक में बार-बार परिभाषित और पुर्नपरिभाषित किए जाने की ज़रूरत पड़ती है। गौरतलब है कि दुनिया और उसमें होने वाली घटनाओं को लेकर उत्सुकता सदा से वैज्ञानिकों के अध्ययन और विज्ञान के विकास के लिए एक बड़ा प्रेरक स्रोत रही है। परंतु विकसित हो रहे ज्ञान तक पहुँच सिर्फ बिरले और चुनिंदा लोगों की ही हो पाती है जो पहले से विशेष प्रकार का अध्ययन और औपचारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके रहते हैं। यह बात एक हद तक तो समझ में आती है पर इस तरह विकसित होता ज्ञान-सृजन व्यापक लोक-जीवन से प्रायः अछूता ही बना रहता है। ज्ञान और समाज के बीच में एक बड़ी खाई या दूरी बनी रहती है जिससे ज्ञान पर कुछ लोगों या समूहों का एकाधिकार और वर्चस्व समाज में शोषण और असंतुलन पैदा करता है। मानवता का इतिहास इसका गवाह है कि ज्ञान में जिसे बढ़त रही वही विजयी रहा। आज भी विभिन्न क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी के उन्नत रूप को लेकर विकसित राष्ट्रों के द्वारा इसी युक्ति से दबदबा बनाया जा रहा है। सत्य यही है कि समाज का बहुलांश या कहें एक बहुत बड़ा तबका ज्ञान-विज्ञान से अनभिज्ञ और ज्ञान-प्रक्रिया से बहिष्कृत-सा ही बना रहता है। इस तरह के अपरिचय के कारण उनको उस ज्ञान से लाभ मिलना एक बड़ी चुनौती हो जाती है। शिक्षा के सामाजिक वितरण में असमानता का मुद्दा जन-कल्याण के व्यापक लक्ष्य को पाने में बड़ी बाधा बन जाता है और अनेक स्तरों पर बना हुआ है। लोकतंत्र की दृष्टि से इस तरह का भेदभाव समाज को ज्ञानसम्पन्न होने के मार्ग में एक बड़ा रोड़ा बन जाता है। ज्ञान के अभाव का परिणाम यह होता है कि न केवल सामाजिक-आर्थिक विषमताएं पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलती चली आती हैं बल्कि सामाजिक परिवर्तन का प्रतिरोध भी होता है और समाज शैक्षिक-आर्थिक तौर पर पिछड़ जाता है। आज के तथाकथित ज्ञान युग में भी देश के अनेक समुदाय ही नहीं बल्कि विश्व के अनेक देश भी ज्ञान सृजन और ज्ञान के अनुप्रयोग की दृष्टि से पिछड़े हुए हैं। इस विसंगति के समाधान के लिए ज्ञान पर एकाधिकार से आगे बढ़ कर उसका व्यापक पैमाने पर प्रसार जरूरी है। इधर कुछ समय से अंतरराष्ट्रीय जगत में ज्ञान के प्रजातंत्रीकरण को लेकर गंभीरता के कुछ संकेत दिखाई पड़ रहे हैं। इस सिलसिले में शुरू हुई ÷जन-विज्ञान÷ सिटीज़न साइंस नाम की पहल उल्लेखनीय है। यह पहल ग़ैर व्यवसायी वैज्ञानिकों या नागरिक जनों द्वारा वैज्ञानिक शोध में सक्रिय भागीदारी की परिघटना को व्यक्त करती है। इसे सक्रिय प्रतिभागी अनुसंधान ऐक्शन रिसर्च का ही एक रूप कहा जा सकता है। इसमें विभिन्न मात्रा में शोध कार्य करने के दौरान उसके विभिन्न चरणों में जन-भागीदारी को अवसर दिया जाता है। यह भागीदारी अप्रत्यक्ष और निष्क्रिय सहयोग से आरम्भ हो कर शोध में प्रत्यक्ष सहयोग-सहकार की सीमा तक जा सकती है। उल्लेखनीय है कि यूरोपियन कमीशन, अमेरिकी सरकार और संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी वैश्विक संस्थाओं और व्यवस्थाओं द्वारा जन-विज्ञान की पहल को अब विशेष रूप से प्रोत्साहन दिया जा रहा है। आज की दुनिया में औद्योगिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तन जिस तेजी से हो रहे हैं उसे देखते हुए समाज विज्ञानों के लिए जन-विज्ञान की पहल का महत्व और बढ जाता है।

# 'गन्ना विकास विभाग करेगा दो लाख से अधिक किसानों से सीधा संवाद'

- गांव-गांव पहुंचकर होगा गन्ना सर्वे सट्टा का प्रदर्शन, किसान पाएंगे अपनी उपज से जुड़ी जानकारी

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



जनपद के गन्ना किसानों के लिए बड़ी खबर है। गन्ना विकास विभाग इस वर्ष जिले के दो लाख छत्तीस हजार गन्ना किसानों से सीधे संवाद करेगा। इसके तहत किसानों को उनकी गन्ना फसल से जुड़ी विस्तृत जानकारी ग्राम स्तरीय सट्टा प्रदर्शन के माध्यम से दी जाएगी। बुधवार को जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने गन्ना विकास परिषद मझोला के अंतर्गत गांव रामपुर बौरख में सट्टा प्रदर्शन कार्यक्रम का निरीक्षण किया और किसानों को दी जा रही सूचनाओं की पारदर्शिता की सराहना की।जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि इस बार 1207 ग्राम ग्रामों में एक लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में गन्ना फसल का सर्वे किया गया है। जिन किसानों के नाम सर्वे में दर्ज हुए हैं, उन्हें ग्राम सभा स्तर पर लगाए जा रहे सार्वजनिक प्रदर्शन में प्लॉटवार गन्ना सर्वे, प्रजातिवार गन्ना क्षेत्रफल, बेसिक कोटा, बेसिक सट्टा, रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर, आधार नंबर व अन्य जरूरी सूचनाएं 63 कॉलम प्रारूप में दिखाई जाएंगी। किसानों को इन आंकड़ों की प्रत्येक ग्राम स्तर पर एक प्रति भी दी जाएगी, जिस पर किसान को आंकड़ों को देखा एवं संतुष्ट हूं लिखकर हस्ताक्षर करना होगा।

### मोबाइल नंबर का होगा शत-प्रतिशत सत्यापन

सट्टा प्रदर्शन के दौरान सभी किसानों के मोबाइल नंबरों का सत्यापन कराया जाएगा, ताकि आगामी पेराई सत्र में स्स्र् के माध्यम से पर्ची किसान के पंजीकृत नंबर पर ही प्राप्त हो सके। इसके अतिरिक्त गन्ना क्षेत्रफल का मिलान राजस्व अभिलेखों से किया जाएगा, और यदि किसी किसान के नाम फर्जी, डबल, मृतक, भूमिहीन या भूमि से अधिक गन्ना क्षेत्र दर्ज पाया गया तो उसकी सूचना ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक को दी जाएगी।

### सभी किसानों को मिलेगा ऑनलाइन कैलेंडर

जिले में सट्टा प्रदर्शन को सुचारु रूप से सम्पन्न कराने के लिए कुल 108 टीमें बनाई गई हैं। इनमें गन्ना विकास परिषद पीलीभीत में 20, बीसलपुर में 32, पूरनपुर में 32, बरखेड़ा में 23 और मझोला में 4 टीमें कार्यरत हैं। ग्राम स्तरीय सट्टा प्रदर्शन के दौरान प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण के बाद सभी किसानों को ऑनलाइन प्राथमिक कैलेंडर भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### अधिकारियों को निर्देश, समय से पहुंचे गांव, करें निस्तारण

निरीक्षण के दौरान जिला गन्ना अधिकारी श्री भार्गव ने सभी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों को निर्देशित किया कि वे अपनी टीमों के साथ समय से गांव पहुंचकर किसानों के अभिलेखों का प्रदर्शन करें और यदि कोई आपत्ति मिलती है तो उसका नियमानुसार समाधान तत्काल कराया जाए। किसानों से अपील-मौके पर ही हल कराएं समस्या उन्होंने सभी किसान भाइयों से अपील की कि वे अपने गांव में लगने वाले सट्टा प्रदर्शन में अवश्य उपस्थित हों और अपनी फसल से संबंधित जानकारी की पुष्टि करें। यदि किसी प्रकार की कठिनाई होती है तो विभागीय टोल फ्री नंबर पर संपर्क करें।

### निरीक्षण में मौजूद रहे कई अधिकारी व किसान नेता

निरीक्षण के दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक रामभद्र द्विवेदी, सचिव मझोला, संजीव राठी (जी.एम. केन, पीलीभीत चीनी मिल), नीरज जैन (सर्किल प्रभारी) के अलावा गांव के प्रगतिशील किसान हर्जिंदर सिंह, सुखविंदर सिंह, सतनाम सिंह, जगतार सिंह, सतवीर सिंह आदि किसान उपस्थित रहे।

# बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। पलिया कलां खीरी**



बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल पलिया परिसर में निःशुल्क हेल्थ शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मेदांता अस्पताल लखनऊ से आए डॉ अमित कुमार व टीम ने परीक्षण कर निःशुल्क दवाओं वितरण किया।शिविर का उद्घाटन यूनिट हेड ओ पी चौहान ने फीता काटकर किया।इस अवसर पर मेदांता अस्पताल से आए डॉक्टर अमित कुमार (एम डी) के साथ आये डाक्टरो की टीम ने परीक्षण कर उन्हें आवश्यक निःशुल्क दवाएं वितरित की। कर्मचारियों, अधिकारियों और उनके परिवार के सदस्यों का भी शिविर में जांच किया गया।स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए चीनी मिल द्वारा समय-समय पर शिविर का आयोजन किया जाता है आज आयोजित चिकित्सा शिविर में 266 चीनी मिल के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं महिलाओं ने जनरल चेकप करवाया।यूनिट हेड ने लखनऊ से आये एम हास्पिटल के डॉक्टरों की टीम एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया तथा उन्होंने सभी कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि समय-समय पर बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड पलिया द्वारा इस तरह का आयोजन किया जाता रहेगा।

# आदमखोर बाघिन का आतंक हुआ खत्म, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

- दो ग्रामीणों की मौत और कई पर हमले के बाद वन विभाग ने चलाया ऑपरेशन, बाघिन को पकड़ा गया
- रंग लाई महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद की मेहनत, लगातार ग्रामीणों के पास जाकर बढ़ा रहे थे उनका साहस

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



न्यूरिया क्षेत्र में बीते कई दिनों से दहशत का कारण बनी आदमखोर बाघिन को आखिरकार वन विभाग की टीम ने गुरुवार को पकड़ लिया। करीब दो सप्ताह तक जंगल और गांवों के बीच घूम रही इस बाघिन ने दो लोगों की जान ले ली थी, जबकि तीन अन्य पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया था। बाघिन की गिरफ्तारी के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

### डांडिया गांव के पास बेहोश कर पकड़ी गई बाघिन

गुरुवार सुबह वन विभाग की 20 टीमों ने सर्च ऑपरेशन चलाया। चार ड्रोन, वन्यजीव विशेषज्ञ और ट्रैप कैमरों की मदद से डांडिया गांव के समीप बाघिन की लोकेशन पाई गई। मौके पर तैनात डॉक्टरों की टीम ने ट्रेंक्यूलाइजर गन से बाघिन को बेहोश किया, जिसके बाद उसे सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। इस ऑपरेशन को पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डॉक्टर दक्ष गंगवार और कानपुर से आए डॉक्टर नासिर की टीम ने सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

### बाघिन के हमले में गई थीं दो जानें

14 जुलाई को ग्राम जूही निवासी किसान दयाराम पर खेत जाते समय हमला हुआ था, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद 17 जुलाई को डांडिया फुलहर गांव में एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसी दिन दो अन्य लोग घायल हो गए थे। लगातार हो रहे इन हमलों से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था। कई गांवों में लोगों ने खेतों में जाना छोड़ दिया था। इस अवसर पर महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने जन एक्सप्रेस के जिला प्रभारी मुकेश कुमार को जानकारी देते हुए बताया कि बाघिन की गिरफ्तारी होने पर जहां ग्रामीणों ने राहत की सांस ली हैं। मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना, प्रमुख सचिव अनिल कुमार, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, डीएफओ भरत कुमार एवं संपूर्ण वन विभाग की टीम को बधाई देता हूं।



"हम अपने मुखिया, पूज्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को विशेष बधाई देते हैं। उनके सहयोग और संज्ञान से ही यह कार्य संभव हुआ। जो खतरा कई दिनों से जनता पर मंडरा रहा था, वह अब टल गया है। सभी ग्रामीणों से अपील है कि वे सजग रहें क्योंकि जंगल पास है, कोई भी जंगली जानवर कभी भी आ सकता है।

–स्वामी प्रवक्तानंद महाराज
महामंडलेश्वर एवं विधायक 128 विधानसभा बरखेड़ा, पीलीभीत

### प्रशासन और विशेषज्ञों ने निभाई बड़ी भूमिका

जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने लगातार स्थिति पर नजर रखी। डीएफओ भरत कुमार के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने अभियान को सफल बनाया। ऑपरेशन के दौरान किसी प्रकार का जान-माल का नुकसान नहीं हुआ, जो इसे और भी सराहनीय बनाता है।

### बढ़ते अतिक्रमण से जंगली जानवरों का पलायन

वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार, जंगलों में अतिक्रमण और मानवीय विस्तार के कारण जंगली जानवरों का इंसानी बस्तियों की ओर आना अब सामान्य होता जा रहा है। यदि समय रहते समाधान नहीं ढूंढा गया, तो आने वाले समय में यह समस्या और भी विकराल रूप ले सकती है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बारिश में भीगकर विधायक ने किया कटान क्षेत्र का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला विधानसभा के विधायक अमन गिरी ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान दाऊदपुर ग्राम पंचायत का दौरा किया। उन्होंने सरदार मोहन सिंह के यहां कार्यकर्ताओं के साथ विकास और सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की। इस बैठक में सिख समुदाय के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।विधायक ने जगत पाल गुप्ता के घर पर गांव की समस्याओं को सुना। किसानों के साथ यूरिया खाद की उपलब्धता पर भी बातचीत की। महिलाओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उन्होंने अधिकारियों से संपर्क किया। बूथ अध्यक्ष चेतराम वर्मा के यहां भाजपा संगठन के मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। हुजूरपुर और बेचेपुरवा में बाढ़ कटान का निरीक्षण इस दौरे का मुख्य उद्देश्य था। भारी बारिश के बीच विधायक बेचेपुरवा बंधे पर पहुंचे। वहां उन्होंने स्थिति का जायजा लिया। बारिश में भीगते हुए पूरा निरीक्षण किया और अधिकारियों को बंधा कटान रोकने के लिए तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए।ग्रामीणों ने विधायक के इस प्रयास की सराहना की। उनका कहना था कि बारिश में विधायक का आना ही उनकी आधी समस्या हल कर देता है। विधायक के आदेश के बाद जेसीबी से बेचेपुरवा के बंधे पर काम शुरू हो गया। इससे स्थानीय लोगों ने राहत महसूस की। इस अवसर पर गुरदीप सिंह, निर्मल सिंह, प्रमुख वीरेन्द्र भूषण, वेद दीक्षित, प्रधान कलेक्टर राज, प्रधान दाऊदपुर सज्जन खान, प्रधान बलराम मौर्य, पूर्व प्रधान श्रवण मिश्रा, पूर्व प्रधान ओम प्रकाश भार्गव, पंकज मिश्रा, सभासद भोली गिरी, सभासद रक्षपाल, सभासद राजू रावत सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। विधायक अमन गिरी अपने पिता स्वर्गीय अरविंद गिरी की तरह जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं।उनका लक्ष्य गोला का सर्वांगीण विकास करना है।

### बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर-खीरी।** गुरुवार को रमही पुल के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ।रोडवेज बस और बाइक की टक्कर में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई।घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान और घटना के विस्तृत विवरण की जानकारी अभी प्राप्त नहीं हुई है। स्थानीय लोगों की मांग है कि इस मार्ग पर वाहनों की गति सीमा को कड़ाई से लागू किया जाए। इस मार्ग पर पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।



### निजी चिकित्सालय में सरकारी दवाएं मिलने के मामले में सीएमओ ने किया जांच टीम का गठन

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** सोशल मीडिया पर निजी चिकित्सालय में सरकारी दवाओं के मिलने का वीडियो वायरल होने के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संतोष गुप्ता द्वारा संज्ञान लेते हुए एसीएमओ डॉ रवी मोहन गुप्ता की अध्यक्षता में तीन सदस्य जांच टीम का गठन कर दिया है। यह टीम पूरे मामले पर रिपोर्ट बनाकर सीएमओ को सौंपेगी। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि यह मामला सीएचसी निघासन में तैनात एक संविदा चिकित्सक के निजी चिकित्सालय में कुछ सरकारी दवाओं के मिलने का है। वीडियो वायरल होने व संज्ञान में के बाद तत्काल जांच टीम का गठन कर दिया गया है। मामले की जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### आज बंद रहेगा लखीमपुर-गोला मार्ग

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** पूर्वोत्तर रेलवे, लखीमपुर द्वारा जारी सूचना के अनुसार लखीमपुर-गोला मार्ग (एनएच-730) स्थित रेलवे ट्रैक के समपार सं. 155/स्पेशल किमी. 165/14-15 पर 25 जुलाई 2025 को आवश्यक मरम्मत कार्य किया जाएगा। इस कारण सुबह 9:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक सड़क मार्ग पर ट्रैफिक पूरी तरह बंद रहेगा। रेलवे के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (पथ) द्वारा जिला प्रशासन को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि इस दौरान ट्रैक की पैकिंग एवं आवश्यक मरम्मत कार्य किया जाना है, ताकि ट्रेनों की गति और सुरक्षा बनी रहे। मरम्मत के दौरान कोई भी वाहन इस मार्ग से नहीं गुजर सकेगा। यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए ट्रैफिक को अन्य वैकल्पिक मार्गों की ओर मोड़ा जाएगा।रेलवे ने लोगों से अपील की है कि वे निर्धारित समय के दौरान मार्ग से न गुजरें और प्रशासन द्वारा तय वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें।

### लूट का आरोप साबित न होने पर व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष को मिली क्लीन चिट

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत।** भाजपा नगराध्यक्ष इंद्रेश सिंह चौहान द्वारा दर्ज कराई गई कथित लूट की रिपोर्ट में व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल और निमित अग्रवाल को पुलिस ने क्लीन चिट दे दी है। सुनगढ़ी पुलिस ने मामले की विवेचना पूरी कर अन्य आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने की धाराओं में चार्जशीट दाखिल कर दी है।घटना 18 अप्रैल की सुबह करीब नौ बजे की है, जब भाजपा नगराध्यक्ष इंद्रेश सिंह चौहान अपने वार्ड में भ्रमण पर थे। उनका आरोप था कि दूधिया मंदिर रोड स्थित धीरेंद्र सहाय की बगिया के पास कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया और उनके पास से 50 हजार रुपये नकद तथा चेन लूट ली। इस मामले में उन्होंने व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल, निमित अग्रवाल उर्फ निम्मू सहित छह नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ सुनगढ़ी थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी।घटना के बाद नगराध्यक्ष ने गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाना गेट पर धरना भी दिया था। मामला दो दिन तक हाईप्रोफाइल सुलह और तनाव का कारण बना रहा, लेकिन बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। इसके बावजूद पुलिस ने विवेचना जारी रखी। विवेचना के दौरान पुलिस को लूट के कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिले, जिसके बाद लूट की धारा पूर्व में ही रिपोर्ट से हटा दी गई। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी पवन कुमार पांडेय के अनुसार, गहन जांच के बाद यह स्पष्ट हो गया कि अनूप अग्रवाल और निमित अग्रवाल के खिलाफ कोई प्रमाण नहीं है। दोनों को आरोपमुक्त कर दिया गया है।

# राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

- जनपद न्यायाधीश की अपील, ज्यादा से ज्यादा लोग उठाएं लाभ

गुरुवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर जनपद में 01 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत न्यायालय में विचाराधीन वैवाहिक विवाद, सड़क दुर्घटना से संबंधित दावे, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, उपभोक्ता शिकायत, ऋण वसूली, सम्पत्ति विवाद समेत अन्य दीवानी मामलों का सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारण किया जा रहा है।जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सैय्यद माऊज बिन आसिम के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान में अब तक जिले के विभिन्न न्यायालयों से 50 वाद सुलह के लिए चिह्नित किए गए हैं, जिनमें से 15 वादों का सफलतापूर्वक निस्तारण मध्यस्थ अधिवक्ताओं द्वारा कराया जा चुका है।अपर जिला जज एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वीरेन्द्र नाथ पाण्डेय ने आमजन से अपील की है कि वे इस राष्ट्रीय अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने लंबित मामलों को आपसी सहमति से सुलझाकर न्याय प्रक्रिया को आसान बनाएं। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता के माध्यम से विवादों का समाधान तेज, सस्ता और सौहार्दपूर्ण होता है।प्राधिकरण का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को न्याय दिलाना और लंबित मामलों की संख्या को कम करना है। ऐसे में लोगों से अपील है कि वे न्यायालय के माध्यम से चल रहे इस विशेष अभियान में भाग लेकर सुलह-समझौते का लाभ उठाएं और न्यायिक प्रक्रिया को सुगम बनाएं।

# सिरसा में गोवंशीय पशुओं का वध करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल




**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसा के नजदीक खेत में 20 जुलाई को गोवंशीय पशु के अवशेष मिलने की सूचना पर भारतीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष संजय मिश्रा कार्यकर्ता के साथ पहुंचे थे। उन्होंने पवित्र माह सावन में हो रही घटनाओं पर पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की थी। जानकारी लगने के बाद सीओ प्रतीक दहिया और कोतवाल सतेंद्र कुमार पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गए थे। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। घटना के खुलासे को लेकर पुलिस लगातार संदिग्धों की धरपकड़ में लगी हुई थी सर्विलांस, एसओजी टीमें भी लगातार तलाश में जुटी हुई थी।पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इस दौरान आरोपियों ने घटना को अंजाम देने की बात कबूली। तस्करों की निशानदेही पर पशुवध के उपकरण भी मिले हैं। पुलिस ने गुरुवार दोपहर तीन बजे तीनों आरोपियों को भेज भेज दिया है।

# भक्ति और सौहार्द का मिला संगम: कांवरियों का मुस्लिम समाज ने किया पुष्पवर्षा से स्वागत

- पीलीभीत में गंगाजल लाने वाले शिवभक्तों का मुस्लिम समाज ने किया अभिनंदन, लगाए बम बम भोले के जयकारे

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**




श्रावण मास में भक्ति, आस्था और भाईचारे की अनुपम मिसाल उस समय देखने को मिली जब कछला से गंगाजल लेकर लौट रहे कांवरियों का स्वागत मुस्लिम समाज के लोगों ने पुष्पवर्षा और जयकारों के साथ किया। इस भावनात्मक दृश्य ने धार्मिक सौहार्द की मिसाल कायम कर दी। रोडवेज बस स्टैंड के समीप स्थित कलीम शमसी के प्रतिष्ठान पर मुस्लिम समुदाय के लोग बड़ी संख्या में एकत्र हुए और शिवभक्त कांवरियों का स्वागत कर पुष्प वर्षा की। कांवरियों को पटके पहनाए गए और पूरे जोश व श्रद्धा से बम बम भोले के जयकारे लगाए गए। मुस्लिम समाज द्वारा किया गया यह स्वागत सिर्फ एक प्रतीकात्मक द्द्ह्य्ह्ल्ह्ह्द्ध नहीं, बल्कि एक गहरा सामाजिक संदेश था कि आस्था अलग हो सकती है, पर इंसानियत और आपसी सम्मान ही किसी समाज की असली पूंजी है। कांवरियों को भी इस अप्रत्याशित सम्मान से खुशी और गर्व की अनुभूति हुई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा, सैयद शोएब अली, कलीम शमसी, समीउद्दीन शमसी, अबरार, सोनू महातिया, खुर्रम, सैयद मोहसिन अली, सद्दाम, नदीम वारसी, मोहम्मद फुरकान, इरफान, गुलाम रसूल, गुफरान, तारिक अली, अबरार हुसैन, अभिषेक सिंह, हसीन आतिशबाज, शाहिद हुसैन, सभासद राशिद हुसैन, सभासद साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, मोहम्मद शरीफ, इकबाल हजरत, निजाकत अली कादरी, विपिन कुमार, राजू फौजी सहित भारी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

### सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश लेकर लौटी कांवर यात्रा

इस भव्य स्वागत ने यह साबित कर दिया कि पीलीभीत की मिट्टी में आपसी भाईचारा और धार्मिक समरसता की गहरी जड़ें हैं। कांवर यात्रा न केवल आस्था का प्रतीक बनकर उभरी, बल्कि धार्मिक सद्भाव की मिसाल बनकर लौट रही है।

# गांव जगतपुर में मंडरा रहा ड्रोन ग्रामीणों में दहशत का माहौल, पुलिस मामले की जाँच में जुटी

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



गजरौला थाना क्षेत्र में संदिग्ध ड्रोन देखा गया था। अब सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव जगतपुर में ड्रोन देखा गया। जिसके बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है और चोरों के डर से ग्रामीण रातभर जागकर काट रहे हैं। जानकारी के अनुसार वुधवार रात लगभग दस बजे एक ड्रोन गांव में उड़ता हुआ देखा गया। ड्रोन उड़ने की सूचना लगते ही ग्रामीण इकट्ठा हो गए और ड्रोन का पीछा करना शुरू किया गया। बताया जा रहा है कि ड्रोन से रेकी कर रहे किसी गिरोह की आशंका जताई जा रही हैं। हालांकि ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट चेतावनी दी कोई भी संदिग्ध गतिविधि या उड़ान वस्तु दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें और इसके बाद थाना अध्यक्ष ने गांव में पुलिस की रात्रि गस्त बढाते हुए लोगों से अपील की है कि अफवाह पर ध्यान न दे और किसी भी तरह की गतिविधि होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दे।

# शारदा नदी का घोल बनने से कटान का खतरा बना ग्रामीणों ने बचाव कार्य कराने की उठाई मांग



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

**हजारा(पूरनपुर)।** ट्रांस शारदा क्षेत्र में शारदा नदी द्वारा घोल बनाए जाने के कारण कटान की संभावना को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर बचाव कार्य शीघ्र शुरू करने की मांग उठाई है। ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव राणा प्रताप नगर व नहरोसा के मध्य शारदा नदी के द्वारा घोल बनाएं जाने से कटान का खतरा बनता जा रहा है।बाढ़ खंड के द्वारा पूर्व में परियोजना के तहत बाढ़ बचाव कार्य कराया गया था मगर शारदा नदी परियोजना को अपने आगोश में लेते हुए कटान कर बचाव कार्य को निगल लिया था अब उसी स्थान पर शारदा नदी घोल बना रही है घोल ऐसे ही बनता रहा और बचाव कार्य नहीं कराया गया तो शारदा नदी कटान शुरू कर देगी।अगर कटान शुरू होता है तो गांव राणा प्रताप नगर व नहरोसा के कृषकों की कृषि भूमि मय फसलों के कटान के जद में आ जाएगी इतना ही नहीं नहरोसा गांव की आबादी को भी प्रबल खतरा उत्पन्न हो सकता है।यहां बता दें कि अभी हाल में ही शारदा नदी ने गांव श्रीनगर के आधा दर्जन कृषकों की कृषि भूमि को निशाना बनाते हुए गन्ना,मक्का,केला,धान आदि फसलों का कटान शुरू कर दिया था जहां श्रीनगर गांव के ग्रामीणों ने अधिकारियों से शीघ्रता एवं मजबूती से बचाव कार्य कराने की मांग किया था जिस पर बाढ़ खंड विभाग ने बचाव कार्य किया था जहां इस समय कटान थम गया है।गुरुवार को गांव राणा प्रताप नगर व नहरोसा के ग्रामीण शारदा नदी पर पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए बाढ़ खंड विभाग से शीघ्र बाढ़ बचाव कार्य शुरू कराने की मांग किया है। प्रदर्शन करने वालों में प्रमुख रूप से कमरुद्दीन अंसारी, अनिल कुमार,मनोहर लाल,राजेन्द्र राजभर,सुभाष वर्मा,अनिरुद्ध मदेशिया(पूर्व प्रधान पति)छेदीलाल वर्मा,मुर्तुजा अंसारी, सज्जाद अहमद,यदुनंदन मदेशिया सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

"राणा प्रताप नगर व नहरोसा गांव के मध्य पूर्व में परियोजना के तहत बचाव कार्य कराया गया था जहां घोल बनने की जानकारी मिली है अभियंताओं को मौके पर भेजकर निरीक्षण कराते हुए आवश्यकतानुसार बचाव कार्य कराया जाएगा।

–सौरव ओझा, एसडीओ बाढ़ खंड पूरनपुर,पीलीभीत

# सीएम योगी ने कहा– जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों पर तेजी से हो सड़कों का निर्माण

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार ने इंटरस्टेट कनेक्टिविटी और फोरलेन कनेक्टिविटी की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। इसका लाभ गोरखपुर-बस्ती मंडल को भी मिल रहा है। उन्होंने सड़क कनेक्टिविटी को लगातार सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए कहा कि सड़कों को लेकर जनप्रतिनिधियों से मिले प्रस्तावों को लोक निर्माण विभाग गंभीरता से ले। जनप्रतिनिधियों (सांसदों-विधायकों) और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोरखपुर और बस्ती मंडल के सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए आगामी परियोजनाओं/प्रस्तावों की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने दोनों मंडलों से आए जनप्रतिनिधियों से विधानसभावार उनके क्षेत्र की सड़क आवश्यकताओं को लेकर चर्चा की। साथ ही कहा कि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान हेतु और क्षेत्रीय जन



आकांक्षा के अनुरूप नई सड़क परियोजनाओं का प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराएं। इन प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्यवाही होगी।

एनेक्सी भवन सभागार में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने सबसे पहले गोरखपुर-बस्ती मंडल के सभी विधानसभा क्षेत्रों में आगामी सड़क निर्माण परियोजनाओं, प्रस्तावों का डिजिटल प्रेजेंटेशन देखा। लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने आगामी प्रस्तावों से अवगत कराया।

हर विधानसभा क्षेत्र में सड़कों की भावी परियोजनाओं का हाल जानने के बाद मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र में सड़कों की भावी आवश्यकता की कार्ययोजना पर चर्चा की और लोक निर्माण विभाग के अफसरों को उसके अनुरूप निर्देश दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार ने इंटरस्टेट कनेक्टिविटी और फोरलेन कनेक्टिविटी की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। इसका लाभ गोरखपुर-बस्ती मंडल को भी मिल रहा है। उन्होंने सड़क कनेक्टिविटी को लगातार सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए कहा कि सड़कों को लेकर जनप्रतिनिधियों से मिले प्रस्तावों को लोक निर्माण विभाग गंभीरता से ले।

जितने भी प्रस्ताव आएं, उनमें से प्राथमिकता का निर्धारण जनप्रतिनिधियों की सहमति से हो। जनप्रतिनिधि जिन सड़कों को प्राथमिकता दें, सबसे पहले उनका इस्टीमेट बनाएं और शिलान्यास कराकर निर्माण कार्य शुरू हो। इसके बाद अन्य सड़कों को भी चरणवार बनाया जाए। उन सड़कों को सबसे पहले प्राथमिकता दी जाए, जो बड़ी आबादी को लाभान्वित करने वाले हों।

उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्र की सड़कों को सीएम ग्रिड योजना में शामिल कर विकसित किया जाए। सीएम ने इस दौरान सड़क निर्माण परियोजनाओं को तय समय सीमा में पूरा करने और गुणवत्ता में कोई भी समझौता न करने के निर्देश दिए। कहा कि जनप्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्र की सड़कों के निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग करते रहें ताकि गुणवत्तापूर्ण कार्य तेजी से होता रहे। गुणवत्ता पर प्रश्न नहीं उठना चाहिए।

## जिला स्तरीय क्रिकेट में देवरिया एकेडमी बनी चैंपियन

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

रवींद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बुधवार को खेला गया। इसमें देवरिया क्रिकेट एकेडमी ने स्पोर्ट्स स्टेडियम की टीम को आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में देवरिया स्टेडियम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 10 ओवर में टीम ने छह विकेट के नुकसान पर 96 रन बनाए, जिसमें आदित्यनाथ सिंह ने 32 तथा आकाश ने 30 रन का योगदान दिया। विपक्षी टीम से गेंदबाजी करते हुए शेखर ने दो तथा अजय, मानस, वारिस एवं दिलीप ने क्रमशः एक-एक विकेट प्राप्त किया। जवाब में उतरी देवरिया क्रिकेट एकेडमी की टीम ने नौवें ओवर में दो विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया, जिसमें अल्तमस ने 38, सुंदरम ने 17 तथा सुल्तान ने 10 रन का योगदान दिया। देवरिया स्टेडियम की तरफ से गेंदबाजी करते हुए आकाश एवं राहुल ने एक-एक विकेट प्राप्त किया।

# पुलिस मुठभेड़ में गौ तस्कर घायल, गौवंश लेकर जा रहा था बिहार, किया बरामद



**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

कुशीनगर जिले के कसया थाना क्षेत्र में पुलिस और पशु तस्कर के बीच मुठभेड़ हुई। एयरपोर्ट रोड के पास चेकिंग के दौरान पुलिस को देखते ही एक पिकअप वाहन सवार तस्कर ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें तस्कर मकसूद पुत्र सुभान, निवासी पुरखास, गोपालगंज (बिहार) घायल हो गया।

घायल तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। मौके से पुलिस ने 6 गौवंश, एक अवैध तमंचा, जिंदा और खोखा कारतूस, एक पिकअप वाहन (बिना नंबर), बांका, लकड़ी का ठीहा और 400 रुपये नकद बरामद किए हैं।

# नशा कारोबारी और वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । ठूठीबारी/महराजगंज**

स्थानीय कोतवाली पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए नशीले पदार्थ ब्राउन शुगर की तस्करी के प्रयास में लगे एक युवक को गिरफ्तार किया है। उक्त युवक नेपाल राष्ट्र में प्रतिबंधित ब्राउन शुगर की खेप सप्लाई कराने की साजिश में शामिल था। युवक के विरुद्ध ठूठीबारी कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज था और फरार चल रहा था।

जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना के निर्देशन में ठूठीबारी कोतवाली पुलिस प्रशासन ने मुखबिर की गुप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र गड़ौरा चीनी मिल के समीप से वांछित अभियुक्त अंकेश पुत्र प्रेम बहादुर निवासी लोहरौली को धरदबोचा है। पूछताछ में उसने तस्करी से जुड़े अहम सुराग भी दिए हैं, जिसके आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बताते चले कि बीते दिन मंगलवार को 22वी वाहिनी एसएसबी सहायक कमांडेंट



प्रिया यादव, आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर वैभव कुमार यादव और ठूठीबारी कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने भरवलिया गांव के समीप से एक संदिग्ध बाइक सवार युवक के कब्जे से 30 पुड़ियों में 35.53 ग्राम ब्राउन शुगर और एक मोबाइल फोन भी बरामद किया। गिरफ्तारी के उसने बताया कि लोहरौली के अंकेश ने मादक पदार्थ को नेपाल में सप्लाई करने के लिए दिया था। इस आधार पर पुलिस ने दो नामजद और एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर फरार अभियुक्त को गिरफ्तार करने प्रयास में लग गई थी।फिलहाल वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी को मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने की दिशा में बड़ी सफलता माना जा रहा है।

इस संबंध कोतवाल महेंद्र मिश्रा ने बताया कि नशीली पदार्थ के कारोबार में शामिल और एनडीपीएस एक्ट का वांछित अभियुक्त अंकेश को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## घर में आगजनी का आरोप, दी तहरीर

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

थाना क्षेत्र गांव भलुही निवासी ममता देवी ने पुलिस को तहरीर देकर घर में आगजनी का आरोप लगाते हुए कुछ लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। ममता देवी ने बताया कि हमारे लड़के से कुछ दिन पूर्व गांव के ही कुछ लोगों से विवाद हो गया था। उसी रंजिश को लेकर चार जून को घर पर आकर उन लोगों द्वारा विवाद किया गया था। दस जुलाई की रात करीब एक बजे मेरे दरवाजे पर खड़ी बाइक पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दिया गया था। मेरे तहरीर पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं किया था। बीते मंगलवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे एक बाइक पर तीन लोग सवार होकर बोतल में पेट्रोल भरकर आए और मेरे घर में फेंक कर आग लगा दिया। जिससे मेन दरवाजे पर लगा पर्दा और जंगले पर लगा शीशा टूट गया। जिसका फुटेज सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गया है।

# कब्जामुक्त कराएं जमीन, पीड़ितों को दिलाएं हक

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गरीबों की जमीन पर यदि किसी ने कब्जा किया है तो तत्काल जमीन को कब्जा मुक्त कराने के साथ दबंगों को सबक सिखाया जाए। जमीन का मामला यदि किसी परिवार का हो तो दोनों पक्षों के बीच संवाद कर उसका निस्तारण कराएं।

हर पीड़ित को हक दिलाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है।



सीएम योगी, गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे।

मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ सीएम ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

जनता दर्शन में एक महिला ने जमीन कब्जा किए जाने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जमीन कब्जा की शिकायत पर त्वरित एक्शन लिया जाए। जमीन कब्जामुक्त होनी चाहिए यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए। एक अन्य महिला की जमीन संबंधी शिकायत पर उन्होंने कहा कि महिला को उनकी जमीन का हिस्सा दिलाया जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे।

सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं के साथ उनके बच्चे भी आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें दुलारकर आशीर्वाद दिया। उनका नाम और स्कूल जाने के बारे में पूछा। उन्हें अपने हाथों से चॉकलेट देते हुए खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# शिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु, किया जलाभिषेक

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

सावन की शिवरात्रि के दिन बुधवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिरों के गर्भगृह से लेकर बाहर सड़क तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। प्रमुख मंदिरों में भीड़ अधिक रही। श्रद्धालुओं ने भांग, धतूर, बेल पत्र, पुष्प, बेर, दूध और जल से भरे कलश से भगवान शिव का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। पडरौना नगर के शिवाला मंदिर, बुढ़िया माई मंदिर, लखरांव मंदिर, अंबे मंदिर, खिरकिया मंदिर स्थित शिवालयों सहित छावनी के महादेव मंदिर एवं भन्नुनाथ मंदिर, लमुहा शिवमंदिर, करहिया शिवमंदिर, रामपुर मटिहनिया स्थित प्राचीन शिवमंदिर सहित सभी शिवालयों में पूजा-अर्चना और जलाभिषेक के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।



श्रद्धालुओं ने शिवालयों में जलाभिषेक कर जयकारे लगाए। सावन के तेरस के अवसर पर इन मंदिरों के परिसर में मेला लगा रहा। सिद्धनाथ मंदिर में भी जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। प्राचीन कुबेरस्थान शिवमंदिर में भी जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

## आरओ प्लांट कर्मचारी को दिन दहाड़े गोली मारी

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

घायल अमरेश को उसके परिजनों ने तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत अब स्थिर है और वह खतरे से बाहर है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमा हरकत में आ गई।

जिले में बृहस्पतिवार की सुबह दिनदहाड़े एक युवक को गोली मारे जाने से हड़कंप मच गया। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम लंगड़ी देवरिया की है, जहां खुशी आरओ प्लांट पर कार्यरत 25 वर्षीय अमरेश कुशवाहा उर्फ छोटू को अज्ञात बदमाशों ने कहासुनी के बाद बाएं पैर में गोली मार दी। घायल अमरेश को उसके परिजनों ने तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत अब स्थिर है और वह खतरे से बाहर है।

# जनपद के चौकी प्रभारी समेत 22 पुलिसकर्मियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव

### एसपी ने कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस विभाग में किया फेरबदल

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

जनपद में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लेते हुए 4 चौकी प्रभारियों समेत कुल 22 पुलिसकर्मियों का तबादला किया है। इस फेरबदल को जिले में अपराध नियंत्रण और प्रभावी पुलिसिंग के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

जानकारी के अनुसार तबादलों में जिन प्रमुख चौकी प्रभारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें चौकी प्रभारी अशोक गिरी, रमेश वरुण, अखिलेश यादव और साहिद सिद्दीकी का नाम शामिल है। अशोक गिरी, जो अब तक सिसवा मुंशी चौकी के प्रभारी थे, उन्हें घुघली भेजा गया है। रमेश वरुण को सिसवा



मुंशी चौकी की प्रभारी बनाया गया है। अखिलेश यादव को कलेक्ट्रेट चौकी प्रभारी बनाया गया है।

साहिद सिद्दीकी, जो पहले आईटीएम में तैनात थे, उन्हें सदर कोतवाली स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा पांच उपनिरीक्षक और अन्य पुलिसकर्मियों को भी विभिन्न थानों व चौकियों में नई तैनाती दी गई है। यह कदम लंबे समय से एक ही स्थान पर जमे पुलिसकर्मियों के स्थानांतरण की नीति के तहत उठाया गया है। एसपी सोमेंद्र मीणा ने स्पष्ट किया कि ये स्थानांतरण पुलिसिंग में नई ऊर्जा और निष्पक्षता लाने के उद्देश्य से किए गए हैं, जिससे जनता को बेहतर सेवा मिल सके और कानून-व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके।

# तस्कर निकला एयरपोर्ट पर पकड़ा गया युवक व्हाट्सएप पर फोटो भेजकर बेचता था पिस्टल

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

एयरपोर्ट पर मंगलवार को सुरक्षा जांच के दौरान पिस्टल के साथ पकड़ा गया युवक सूर्य प्रकाश असलहों की तस्करी करता है।

पुलिस की जांच में यह भी पता चला कि आरोपी व्हाट्सएप पर असलहों का फोटो भेजकर अपने दो साथियों की मदद से बेचता था। पुलिस ने ओसामा अंसारी और उसके चचेरे भाई अम्मार अंसारी को भी बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।

एयरपोर्ट की सुरक्षा एजेंसियों ने मंगलवार को बैग स्कैनिंग के दौरान सूर्यप्रकाश यादव को पिस्टल के साथ दबोच कर एम्स पुलिस के हवाले कर दिया था।

सीओ कैंट योगेंद्र सिंह ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने पहले



खुद को मुर्गी फार्म संचालक होने के साथ ही पुरानी गाड़ियों की खरीद-फरोख्त करने की बात कही थी। पिस्टल के बारे में जानकारी से इन्कार कर दिया था।

पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ की तो बताया कि वह 20 हजार रुपये में इलाके के ही रहने वाले अभय मिश्रा से मुंगेर की पिस्टल खरीदकर महंगे दाम में बेचता है। तस्करी में रामपुर कारखाना के किशुनपाली निवासी ओसामा अंसारी और उसका चचेरा भाई अम्मार अंसारी भी शामिल हैं। पिस्टल की खरीद फरोख्त के लिए वह ओसामा व अम्मार को व्हाट्सएप पर फोटो भेजता है। इसके बाद दोनों ग्राहक को खोजते हैं।

जानकारी के बाद एसओजी व एम्स थाने की पुलिस ने मंगलवार रात दोनों आरोपियों के घर पर दबिश देकर उन्हें भी दबोच लिया। सीओ ने बताया कि तीनों आरोपियों को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया।

सोमवार रात में घर से निकल गया था सूर्यप्रकाश = सूर्य प्रकाश के परिजनों की माने तो वह सोमवार रात में ही घर से निकल गया था। उसके पिता व बड़े भाई मुंबई में रहते हैं।

सूर्य प्रकाश मां के साथ घर पर रहता था। सोमवार रात में वह अपने मित्रों के साथ रुका था। सुबह वह एयरपोर्ट के लिए निकला।

## भाजपाइयों ने जयंती पर चंद्रशेखर आजाद को किया नमन

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

स्वतंत्रता संग्राम के महानायक अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मेडिकल कॉलेज गेट स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यकर्ताओं ने उनके बलिदान को नमन किया। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन मिश्र ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद ने अंग्रेजी हुकूमत की जड़ें हिला दी थीं। भाजपा नेता शैलेंद्र सिंह आजाद ने कहा कि आजाद साहस और बलिदान के प्रतीक थे। इस दौरान भाजपा के पूर्व मीडिया प्रभारी अंबिकेश पांडेय, पुनीत सिंह अमेठिया, रत्नेश्वर गर्ग, अखिलेश मिश्रा, विजेंद्र चौहान, अरुण मिश्र, विजय कुशवाहा, शैलेश, सुधांशु आदि ने चंद्रशेखर आजाद के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# राज्य सलाहकार पहुंचे... पीएम आदर्श ग्राम योजना के तहत कराए गए कामों का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामवासियों से सीधा संवाद किया और विकास योजनाओं के प्रभाव की जानकारी ली। ग्रामीणों ने योजनाओं में पारदर्शिता और लाभ मिलने पर संतोष जताया, वहीं कुछ स्थानीय समस्याएं भी उजागर की गईं, जिन पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

लार ब्लॉक के अंतर्गत प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत चयनित भस्करी गांव में बृहस्पतिवार को योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत परखी गई। प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के राज्य सलाहकार सदस्य दीपक गौतम



कन्नौजिया ने गांव का दौरा कर आरओ प्लांट, स्ट्रीट लाइट, खंडजा निर्माण और अन्य बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामवासियों से सीधा संवाद किया और विकास योजनाओं के प्रभाव की जानकारी ली। ग्रामीणों ने योजनाओं में पारदर्शिता और लाभ मिलने पर संतोष जताया, वहीं कुछ स्थानीय समस्याएं भी उजागर की गईं, जिन पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। निरीक्षण दल में जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास, जिला प्रबंधक अनुगम, खंड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक शामिल रहे। सभी ने सक्रिय रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और गांव की समस्याओं और संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। राज्य सलाहकार सदस्य दीपक गौतम कन्नौजिया ने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य चयनित गांवों को सामाजिक समरसता और बुनियादी सुविधाओं से युक्त आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करना है।

उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीणों की भागीदारी से ही योजनाएं सार्थक और प्रभावशाली बनती हैं।

# केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री से सदर विधायक ने की मुलाकात

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के झारखंडी रेलवे लाइन पर ओवर ब्रिज तथा इतिहास थोक बाजार में बह रही विसुही नदी पर पुल निर्माण सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर सदर विधायक पलटू राम ने गुरुवार को केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात करके समस्याओं के निराकरण हेतु अनुरोध पत्र सौंपा।

जानकारी के अनुसार 24 जुलाई को सदर विधायक पलटू राम ने जनता की समस्या को दूर करने के लिए सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। विधायक ने उनसे मिलकर बलरामपुर झारखंडी समपार फाटक पर ऊपरगामी सेतु बनवाने के लिए निवेदन किया है। उन्होंने बताया कि सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री से मिलकर बताया गया कि बलरामपुर झारखंडी समपार फाटक निरंतर बंद होने से आमजन को गंभीर समस्या होती है। यह मार्ग बहराइच श्रावस्ती तुलसीपुर को जोड़ने वाली लाइफ लाइन सड़क है। उन्होंने कहा कि समपार फाटक निरंतर बंद होने से एम्बुलेंस, पुलिस, छात्र-छात्राएं एवं ड्यूटी पर जाने वाले कर्मचारियों के साथ-साथ लोगों को भी काफी परेशानी होती है। मरीज को अस्पताल पहुंचने में देर होने पर उनकी मौत हो जाती है इसलिए उपरगामी सेतु का निर्माण कराया जाए। वही सदर विधायक ने इटियाथोक बाजार में जर्जर सकरे पुल का निर्माण करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जर्जर व सकरा पुल होने से कभी भी दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने कहा कि बड़े वाहन के आवागमन में काफी दिक्कत होती है। इस पुल पर चार पहिया वाहन एक साथ आवागमन नहीं कर सकते हैं। सदर विधायक ने सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री से दोनों समस्याओं के निदान की मांग की है।

## पुलिस ने अवैध तमंचा बनाने की फैक्ट्री पकड़ी

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** थाना गांधीपार्क पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने रॉयल एवेन्यू होटल के पास एक खंडरनुमा मकान में छापेमारी कर बड़ी सफलता हासिल हुई है। इस कार्रवाई में एक अवैध तमंचा बनाने वाली फैक्ट्री का पदार्फाश हुआ है। पुलिस ने मौके से 21 तैयार किए गए तमंचे और दो अधबने तमंचे साथ ही कारतूस बरामद किए।इसके अलावा तमंचे बनाने की मशीन और अन्य सामान भी जब्त किया गया। टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है,जबकि दो अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक के अनुसार गिरफ्तार किए गए आरोपी ने अपना नाम आशीष बताया है।वह बाबा को कॉलोनी थाना गांधी पार्क का रहने वाला है।फरार आरोपियों की पहचान राहुल और डीसू राघव के रूप में हुई है।पुलिस आरोपी से पूछताछ कर खरीदारों की जानकारी जुटा रही है।इससे जनपद और आसपास के क्षेत्रों में तमंचों के खरीदारों की पहचान की जा सकेगी। साथ ही पुलिस टीम फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।पुलिस गिरफ्तार किए गए आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# खुलासा: कई राज्यों की युवतियों का जबरन कराया धर्म-परिवर्तन

## पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तीनों अभियुक्तों को भेजा जेल

जन एक्सप्रेस। आगरा



जनपद के थाना सदर की पंजाबी परिवार की दो सगी बहनों के अवैध धर्मांतरण का मामला सामने आने के बाद पुलिस हर दिन नए-नए खुलासे कर रही है। पुलिस ने पहले दिन आगरा के रहमान समेत 10 अन्य आरोपियों को अरेस्ट किया था। पुलिस टीम ने दिल्ली में छापे मार कार्रवाई करते हुए धर्मांतरण कराने वाला मास्टरमाइंड अब्दुल रहमान को अरेस्ट किया। पुलिस टीम ने इसके चंगुल में फंसी रोहतक की एक युवती को भी मुक्त कराया था। बुधवार को पुलिस ने अब्दुल रहमान के दो बेटे अब्दुल्ला और अब्दुल रहीम सहित जुनैद कुरैशी पुत्र मोहब्बे अली को अरेस्ट किया था।

पुलिस द्वारा तीनों अभियुक्तों से पूछताछ में सामने आया, कि देश के कई राज्यों में अवैध धर्मांतरण का नेटवर्क फैला हुआ है। कई और राज्यों की युवतियों का जबरदस्ती धर्म परिवर्तन कराया गया। ये युवतियां देश के विभिन्न राज्यों में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, झारखण्ड, दिल्ली के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के बरेली, अलीगढ़, रायबरेली व गाजियाबाद की रहने वाली हैं। आगरा पुलिस की टीमों द्वारा कुछ युवतियों से एवं उनके परिजनों से संपर्क किया गया है, वहीं बाकी युवतियों/परिजनों से भी संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने पकड़े गए तीनों अभियुक्तों जुनैद कुरैशी, अब्दुल्ला एवं अब्दुल रहीम को कोर्ट में न्यायाधीश के समक्ष पेश किया। जहां से तीनों अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

# युवक का शव नाले में मिलने से मची खलबली

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

बहन के घर गए युवक का शव नाले में मिलने से लोगों में खलबली मच गई। आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर इलाका पुलिस के अलावा परिजन पहुँच गए। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। मृतक के पिता हत्या ने आशंका जताई है।युवक की मौत से परिजन बेहाल हैं।थाना क्वार्सी इलाके के जीवन गढ़ गली नम्बर एक मे निसार का परिवार रहता है।वह मजदूरी करते हैं।

जबकि उनका सबसे बड़ा बेटा सलमान 25 वर्षीय एक होटल में।वेटर की नौकरी करता था।निसार ने बताया कि वह मूल रूप से थाना पाली मुकीमपुर के गांव बोहना कोटरा के रहने वाले हैं।जीवनगढ़ में।किराए पर रहते हैं। सोमवार को सलमान नगला पटवारी में अपनी बहन हिना के पास गया था।शाम को घर के लिए वापस ई रिक्शा से चला। लेकिन घर नही पहुंचा।

उसको काफी तलाश किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।सलमान की गुमशुदगी पुलिस को दी और उसकी तलाश जारी रखी। इसी दौरान महेशपुर के पास नाले में एक युवक का शव पड़ा मिलने की खबर मिली।सूचना पर इलाका पुलिस व परिजन मोके पर आ गए। शव को लोगों की मदद से बाहर निकाला गया। परिजनों ने मृतक की शिनाख्त सलमान के रूप में कर ली। निसार ने आरोप लगाया कि उनके बेटे सलमान की हत्या हुई है।

# स्कूली बच्चों ने जानी आगरा मेट्रो की खूबियां

जन एक्सप्रेस। आगरा




प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन द्वारा शहर में आगरा मेट्रो की उपयोगिता एवं विशेषतओं को लेकर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। मेट्रो टीम ने मिल्टन पब्लिक स्कूल में जागरूकता सत्र करते हुए बच्चों को आगरा मेट्रो के महत्व एवं विशेषतओं को लेकर जानकारी दी। कार्यक्रम में मिल्टन पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।

मेट्रो के अधिकारियों ने बच्चों को अवगत कराते हुए बताया कि मेट्रो एक ईको-फ्रेंडली एवं ग्रीन इनीशिएटिव है। मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के रूप में, कार्बन उत्सर्जन रहित मेट्रो की टेक्नोलॉजी पर्यावरण के अनुकूल है, और पर्यावरण के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। जागरूकता सत्र के दौरान छात्र-छात्राओं को मेट्रो का उपयोग के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि शहरवासी मेट्रो का प्रयोग करके जाम, धूल आदि समस्याओं से बचते हुए, मेट्रो से सफर कर अपनी यात्रा को सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनाते हैं। यही नहीं दिव्यांगजनों के लिए यात्रा आसान हो, इसके लिए मेट्रो ट्रेन और स्टेशन में रैंप, एस्कलेटर, लिफ्ट, टैक्टाइल पाथ, पैसेंजर डिस्प्ले सिस्टम, लिफ्ट और ट्रेनों में ब्रेल लिपि का प्रयोग किया जाता है।

कार्यक्रम समापन के दौरान बच्चों ने कई सवाल पूंछे। इसके बाद यात्रियों की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आगरा मेट्रो के प्रयासों की स्कूल अध्यापकों ने सराहना की। वर्तमान में आगरा मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम कॉरिडोर के प्रायोरिटी सेक्शन में मेट्रो का संचालन किया जा रहा है। साथ ही प्रथम कॉरडोर से शेष भाग में तेज गति के साथ निर्माण कार्य किए जा रहे हैं।

# बुजुर्ग महिला ने फंदे से लटककर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

बुजुर्ग महिला ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। उनका शव गांव के बाहर पेड़ से लटका बच्चों ने देखा और ग्रामीणों को बताया।परिजन और ग्रामीण मौके पर भारी संख्या में इकट्ठा हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।जानकारी के मुताबिक थाना दादों इलाके के गांव आजमाइन पुर ढेर निवासी नत्थू सिंह किसान हैं। परिवार में तीन बेटे और 2 बेटियां हैं। सभी की शादी हो चुकी है। बेटे खेतीबाड़ी करते हैं। उनकी 69 वर्षीय पत्नी ब्रह्म देवी कुछ समय से डिप्रेशन में रहती थी। उन्होंने घर से करीब एक किलोमीटर दूर अपने खेत पर पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रास्ते से गुजर रहे बच्चों ने महिला का शव पेड़ से लटका देखा। इसके बाद बच्चों ने खेतों में काम कर रहे किसानों को जानकारी दी। भारी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए और पहचान कर परिजनों को सूचना दी। घटना की जानकारी पाकर इलाका पुलिस के अलावा मृतका के परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि ब्रह्म देवी कुछ समय से डिप्रेशन में चल रही थी। इसी कारण से उन्होंने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं, ग्रामीणों में चर्चा है कि ब्रह्म देवी का बहू से किसी बात पर विवाद हो गया था।

# मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय व इनफॉरमेशन लाइब्रेरी नेटवर्क के बीच एमओयू साइन



जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर में नव सृजित माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर और इंफॉर्मेशन एंड लाइब्रेरी नेटवर्क सेंटर (INFLIBNET), गांधीनगर के बीच INFLIBNET सेवाओं के संबंध में एक एमओयू (MOU) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह कार्यक्रम लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में माननीय राज्यपाल महोदया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस एमओयू के क्रियान्वयन से माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के छात्रों को डिजिटल लाइब्रेरी, ई-बुक्स, शोध कार्य एवं थीसिस की सुविधाएं प्राप्त होंगी। एक ही स्थान पर सभी सेवाएँ उपलब्ध होने से विद्यार्थियों को शोध कार्य एवं शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि का अवसर मिलेगा।

## एएमयू में निशुल्क चर्म रोग चिकित्सा का आउटरीच शिविर आयोजित

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** प्रसिद्ध यूनानी चिकित्सक, विचारक और जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय तथा हमदर्द लैबोरेट्रीज के संस्थापक, साथ ही अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलाधिपति, हकीम अब्दुल हमीद की 25वीं पुण्यतिथि के अवसर पर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अजमल खां तिब्बिया तिब्बिया कॉलेज के अमराज-ए-जिल्द वा जोहरविया विभाग द्वारा, ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांफ्रेंस (एआईयूटीसी), उत्तर प्रदेश चैप्टर के सहयोग से मदरसा मुआज बिन जबल, वादी-ए-इस्माईल, धौर्रा माफी में निशुल्क चर्म रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का उद्घघाटन एएमयू के 1970 बैच के पूर्व छात्र और समाजसेवा व चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में सक्रिय सगीर अहमद ने किया। इस अवसर पर उन्होंने विभाग को उपचार और अनुसंधान हेतु आवश्यक उपकरण भी भेंट किए।

कार्यक्रम को यूनानी चिकित्सा संकाय के डीन प्रो. फिरासत अली और एकेटीसी के प्राचार्य प्रो. बदरुद्दुजा ने भी संबोधित किया।

# एसएसबी 50वीं वाहिनी द्वारा मानव चिकित्सा शिविर का किया आयोजन




जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में तैनात सशस्त्र सीमा बाल 50 वीं वाहिनी के कमांडेंट संजय कुमार के निर्देशन में बुधवार को निःशुल्क ओपीडी मानव चिकित्सा शिविर का आयोजित किया गया। जानकारी के अनुसार 23 जुलाई को 50 वीं वाहिनी सशस्त्र सीम बल के एफ समवाय कंचनपुर के सीमा चौकी गिधवा के परशुरामपुर गांव में डॉ. आर के सिद्धार्थ (चिकित्सा अधिकारी) सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा के सहयोग से निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 28 पुरुष, 33 महिला एवं 32 बच्चे सहित कुल 93 सीमावर्ती लोगों का निःशुल्क जाँच किया गया एवं दवाइयों का वितरण किया गया।

## वैद्य गोकुलचंद फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने किया पौधारोपण

**अलीगढ़।** वैद्य गोकुलचंद फाऊंडेशन (चैरिटेबल ट्रस्ट) के मैनेजिंग ट्रस्टी इंजीनियर के सी शर्मा, मुख्य ट्रस्टी डॉक्टर सुभाष चंद्रा एवं ट्रस्टी शशि शर्मा ने 100 वृक्ष भगवान परशुराम मंदिर आसना मथुरा रोड अलीगढ़ पर रोपित किए हैं।

ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष पी सी शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवकुमार गौड़, संरक्षक/ट्रस्टी इंजीनियर रामवीर शर्मा, महासचिव डॉक्टर एन के शर्मा एवम् मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा शर्मा ने अवगत कराया है कि वैद्य गोकुल चंद्र फाऊंडेशन (चैरिटेबल ट्रस्ट) द्वारा पूर्व में 200 ट्री गार्ड उपलब्ध करा दिए थे,जिसके क्रम में ट्रस्ट के सम्मानित पदाधिकारियों ने प्रथम चरण में 100 वृक्ष(ट्री गार्ड सहित) आज रोपित कर दिए हैं। वृक्षारोपण के उपरांत बी एल कपूर हॉस्पिटल दिल्ली के चैयरमेन एवं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सुभाष चंद्रा ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने हेतु वृक्षारोपण अति आवश्यक है, पौधारोपण करना आसान है किंतु वृक्ष सुरक्षित रहे उसके लिए ट्री गार्ड एवं देखरेख होना अति आवश्यक है।

## प्रिज्मैटिक सेल टेक्नोलॉजी के साथ श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ

जन एक्सप्रेस। आगरा

पियाजियो व्हीकल्स प्रा. लि. (पीवीपीएल) ने आज अपनी नई 2025 आपे इलेक्ट्रिक ईवी रेंज लॉन्च की, जिसमें दो नए मॉडलों—आपे ई-सिटी अल्ट्रा और आपे ई-सिटी एफएक्स मैक्स को शामिल किया गया है। ये उन्नत इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर, ब्रांड की यात्री वाहन श्रृंखला को और मजबूती देते हैं और अंतिम मील की यात्रा के लिए बेहतरीन परफॉर्मेंस और भरोसेमंद समाधान पेश करते हैं।

आपे ई-सिटी अल्ट्रा की खासियत इसकी मजबूत फुल मेटल बॉडी, 10.2 किलोवाट की एडवांस्ड एलएफपी बैटरी और स्मार्ट टेलीमैटिक्स है, जो इसे शहरी उपयोग के लिए एक आधुनिक और टिकाऊ विकल्प बनाते हैं। वहीं आपे ई-सिटी एफएक्स मैक्स, अपने सेगमेंट में 30 एनएम का अग्रणी टॉर्क और स्मार्ट एनर्जी मॉनिटरिंग फीचर के साथ लंबी बैटरी लाइफ और लगातार शानदार प्रदर्शन सुनिश्चित करता है।

पियाजियो व्हीकल्स प्रा.लि., इटली स्थित ऑटोमोबाइल दिग्गज पियाजियो ग्रुप की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है और भारत में छोटे यात्री व वाणिज्यिक वाहनों की प्रमुख निमार्ता है। इस अवसर पर पियाजियो व्हीकल्स प्रा. लि. के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री डिएगो ग्राफी ने कहा, भारत तेजी से इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर अग्रसर है और थ्री-व्हीलर इस बदलाव की अगुवाई कर रहे हैं। हमें विश्वास है कि इलेक्ट्रिक वाहन शहरी परिवहन को नया रूप देने और आजीविका सुधारने का बड़ा अवसर हैं। आपे ई-सिटी अल्ट्रा और एफएक्स मैक्स को भारतीय ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। ये बेहतरीन रेंज, कम बैटरी डिग्रेडेशन, दमदार परफॉर्मेंस और बेहद कम परिचालन लागत के साथ आते हैं – जिससे वे आर्थिक प्रगति में सहायक बनते हैं।


थ्री-व्हीलर ईवी सेगमेंट में अग्रणी

# एएमयू में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां जोरों पर

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में स्वतंत्रता दिवस को देशभक्ति और गरिमामय रूप से मनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। इस सिलसिले में आज प्रशासनिक ब्लॉक के कांफ्रेंस हॉल में कुलपति प्रोफेसर नाइमा खातून की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें 15 अगस्त के कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया।

बैठक के दौरान प्रो. खातून ने स्वतंत्रता दिवस के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करते हुए इसे हमारे देश की पुनरुत्थान और प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। उन्होंने विश्वविद्यालय समुदाय से इस दिवस को गरिमा और गौरव के साथ मनाने में सक्रिय भागीदारी का आव्हान किया।



15 अगस्त को मुख्य कार्यक्रम स्ट्रेची हॉल में आयोजित होगा, जिसकी शुरूआत प्रातः 9:11 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराने से होगी। इसके बाद राष्ट्रगान और एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया जाएगा। कुलपति इस अवसर पर संबोधन देंगी तथा सर सैयद हॉल (नॉर्थ और साउथ) में पौधारोपण करेंगी। वे विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों से भी मुलाकात करेंगी।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर पॉलिटेक्निक ऑडिटोरियम में एक विशेष मुशायरे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्वतंत्रता की भावना को शायरों द्वारा कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय भवनों को रोशनी से सजाया जाएगा। बैठक में प्रो-वाइस चांसलर प्रो. मोहम्मद मोहसिन खान और रजिस्ट्रार मोहम्मद इमरान (आईपीएस) ने भी विचार रखे। कार्यक्रम की सुचारू रूप से प्रस्तुति सुनिश्चित करने के लिए 13 अगस्त को फुल-ड्रेस रिहर्सल भी होगी।

## आर्थिक संबंधों में मिली परिवर्तनकारी उपलब्धि

जन एक्सप्रेस। आगरा

भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज यूनाइटेड किंगडम की एक ऐतिहासिक यात्रा की, जिसका समापन आज भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर के साथ हुआ। माननीय प्रधानमंत्री के साथ गए प्रतिनिधिमंडल में भारतीय उद्योग जगत के 16 प्रमुख नेताओं ने भाग लिया, जिनका नेतृत्व भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक एवं अध्यक्ष तथा इंडिया-यूके सीईओ फोरम के सह-अध्यक्ष श्री सुनील भारती मित्तल ने किया। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित इस व्यापार प्रतिनिधिमंडल की उपस्थिति ने भारत-यूके आर्थिक साझेदारी को आगे बढ़ाने में सरकार और उद्योग जगत के बीच मजबूत सहयोग को उजागर किया। इस अवसर पर श्री सुनील भारती मित्तल ने कहा, भारतीय उद्योग जगत के सभी सेक्टर भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का पूरे उत्साह के साथ स्वागत करते हैं। यह समझौता आधुनिक और दूरदृष्टि से युक्त साझेदारी को स्थापित करता है, जो नवाचार को प्रोत्साहित करेगा, बाज़ार तक पहुँच को सरल बनाएगा और निवेश को बढ़ावा देगा। भारत और यूके दोनों देशों के व्यवसायों को इससे भारी लाभ होगा, क्योंकि यह प्रमुख उद्योगों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने की ठोस नींव रखता है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा गठित भारतीय उद्योग प्रतिनिधिमंडल ने ब्रिटिश सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों, नीतिनिर्माताओं और चुनिंदा यूके सीईओ के साथ संवाद किया। चर्चा में विशेष रूप से जिन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया, उनमें कौशल विकास और गतिशीलता, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और उन्नत प्रौद्योगिकी, सतत-विकास (संधारणीयता) एवं जलवायु कार्रवाई, तथा फार्मास्युटिकल और स्वास्थ्य सेवा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल थे।

# किसान दिवस में पानी, सड़क, नहरों के शिकायतों की झड़ी बिजली विभाग की खुली पोल, डीएम बोलीं, होगा समाधान

**जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर**



किसान हमारे अन्नदाता हैं, अधिकारी ध्यान रखें कि इन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। उक्त बातें जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने गुरुवार को आयोजित किसान दिवस में संबंधित विभागों के अधिकारियों से कही। विकास भवन सभागार में किसानों ने बिजली के विभाग के मनमाने रवैये पर जमकर अपनी भड़ास निकाली। पूर्व जेष्ठ प्रमुख और किसान नेता लाला मिश्रा ने कहा कि जांच के नाम पर बिजली विभाग के अधिकारी, किसानों का न सिर्फ शोषण कर रहे, बल्कि धन उगाही करने में जुटे हुए हैं। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष कंचन सिंह फौजी ने सिंचाई का मुद्दा उठाते हुए धुरिया माइनर की सर्विस पटरी का मामला उठाया। कहा लगभग तीन किलोमीटर पटरी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। जिससे बाराडीह का झोटईपुरवा, चितविश्राम, अहरौराडीह की जनता सहित 20-25 गांव के किसानों, मजदूर व छात्रों का स्कूल आना जाना मुश्किल हो गया है। किसान नेताओं ने कहा कि खरीफ सीजन में सहकारी समितियों व अन्य केंद्रों पर डीएपी, यूरिया खाद का अभाव बना हुआ है। भारतीय किसान यूनियन (लोक शक्ति) के जिलाध्यक्ष धर्मदेव उपाध्याय ने आनंदीपुर माइनर का मुद्दा उठाया। कहा माइनर में पानी की जगह जलकुंभी का भंडार बना हुआ है। जिससे पानी आगे की ओर नहीं बढ़ पा रहा है। इसी तरह किसान अरुण कुमार सिंह ने लालगंज से कलवारी संपर्क मार्ग से लालगंज ओवर ब्रिज के पास एन.एच.आई. की तरफ से बने ध्वस्त नाली का मुद्दा उठाया। कहा इससे आए दिन दुर्घटना होती रहती है। किसान ने मामले की जांच कराने की मांग की। इस अवसर पर सीडीओ विशाल कुमार, पी.डी. धर्मजीत सिंह, उप कृषि निदेशक विकेश कुमार सिंह पटेल, जिला कृषि अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार यादव, अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड चुनार हरिशंकर प्रसाद, एक्सईएन सिरसी रामशंकर राजपूत, बीडीओ सिटी मुनीश कुमार सिंह, डॉ रश्मिता सिंह सहित अन्य किसान नेता मौजूद रहे।

### टोपी वालों के आगे अन्य किसानों की पूछ नहीं, कुछ बोलने से पहले हांथ से छीन लेते हैं माइक

किसान दिवस में टोपी वाले किसान नेताओं के आगे अन्य किसानों का कोई वजूद नहीं है। कार्यक्रम में ऐसे लोगों से शुरु होकर अंत भी ऐसे ही नेताओं में गुजर जाता है। अन्य किसान अधिकारियों से अपनी बात तक नहीं कर पाते हैं। गुरुवार को आयोजन में कुछ ऐसा ही नजारा देखने का मिला। किसान दिवस के दौरान जमालपुर क्षेत्र से आए एक किसान माइक के लिए टोपी वाले किसान नेताओं से गुहार लगा रहा था। फरियादी बार-बार अपनी कुर्सी से उठकर ऐसे नेताओं से माइक के लिए मिन्नतें कर रहा था। काफी देर बाद माइक मिली भी तो एक अन्य किसान नेता ने लपक कर माइक छिन कर अपनी बात कहने लगा। थका हारा किसान प्रार्थना पत्र लेकर सीधे जिलाधिकारी के पास पहुंचकर अपना फरियाद सुनाया।

# भीषण गर्मी में समय परिवर्तन को लेकर शिक्षक संघ ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**



उमस गर्मी के भीषण तीखे होते तेवरों का बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर को देखते हुए उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ला ने परिषदीय स्कूलों के समय परिवर्तन की मांग उठाई है। डीएम को संगठन की पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपकर समय परिवर्तन का अनुरोध किया है। जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ला ने कहा कि मौसम काफी गर्म हो रहा है। मौसम विभाग आगामी दिनों में और भी इजाफे की बात कह रहा है। समय से पहले ही भीषण गर्मी के चलते छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है यहां तक कि उन्हें वर्तमान स्कूल समय के अनुसार दोपहर तक स्कूलों में रोक पाना भी मुश्किल हो रहा है। उन्होंने प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि प्रदेश के अन्य कई जिलों में बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए समय परिवर्तन किया जा चुका है। ऐसी स्थिति में जल्दी ही प्रशासन को बच्चों के इतने निर्णय लेना चाहिए। वहीं जिला मंत्री राघवेंद्र सिंह व जिला कोषाध्यक्ष अध्यक्ष अभय सिंह यादव ने कहा कि तेज धूप ,गर्मी और अत्यधिक उमस चलते सभी परिषदीय विद्यालयों के संचालन का समय सुबह 7.00 बजे से दोपहर 12.00 तक किया जाए। यह जानकारी शिक्षक संघ के जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ला ने दिया। ज्ञापन देने वालों में राघवेंद्र सिंह, अभय सिंह यादव, मंजेश राजभर,विपिन त्रिपाठी, रवि प्रताप सिंह, राजनरायन तिवारी, नवनीत मालवीय,राजीव पाण्डेय, विष्णु माझी, पंच बहादुर यादव,विपिन शुक्ला सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

# विंध्याचल धाम सुरक्षा चौकी प्रभारी समेत 24 लाइन हाजिर, एक निलंबित

**जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर**

विंध्याचल मंदिर के आसपास मारपीट की घटनाएं बढ़ने और सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही बरतने पर एसएसपी सोमेन बर्मा ने बृहस्पतिवार को विंध्याचल धाम सुरक्षा चौकी प्रभारी समेत 24 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। वहीं, बुधवार को पंडों के बीच हुई मारपीट के मामले में आरक्षी को निलंबित कर दिया है। विंध्याचल में पहली बार इतनी बड़ी कार्रवाई हुई है। मां विंध्यवासिनी मंदिर के गर्भगृह में चार जुलाई की रात तीर्थ पुरोहितों के बीच मारपीट हो गई थी। बड़े श्रृंगारिया और उनके बेटे की जमकर पिटाई की गई थी। मामले में मुकदमा भी दर्ज किया गया था। इसके पहले भी विंध्याचल मंदिर में कई घटनाएं हुई थी। वहीं, बुधवार को दक्षिणा के पैसे के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी। इस दौरान एक पक्ष ने कैंची से हमला कर पंडा निवेदित भट्ट को घायल कर दिया था।

### चौकी के ये पुलिसकर्मी हुए लाइन हाजिर

मिर्जापुर। विंध्याचल धाम सुरक्षा चौकी के प्रभारी राजकुमार पांडेय, उप निरीक्षक गौरी शंकर चौधरी, उप निरीक्षक वशिष्ठ नारायण सिंह, राधेश्याम, देवनाथ तिवारी, मुख्य आरक्षी मनुराम गौड़, प्रहलाद यादव, संजय सिंह यादव, अनिल कुमार यादव, कृपाशंकर यादव, मिथलेश राय, निर्मल यादव, आरक्षी शिवम कुमार, दुर्गेश कनौजिया, दीपांशु पासवान, सुनील यादव, विपिन चौहान, सोनू राम, बृजेश कुमार, धर्मेंद्र पांडेय, कृपाशंकर भारती, सत्येंद्र सिंह, पंकज दिवाकर, मंजेश सिंह को निलंबित किया गया है। आरक्षी कांताराम को निलंबित किया गया है।

# पैसा लेकर आपरेशन करने के मामले में जांच कमेटी गठित

**जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर**

मंडलीय अस्पताल में आपरेशन के लिए पैसा लेने के मामले में मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. संजीव सिंह ने चार सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। फिलहाल अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। कटरा कोतवाली क्षेत्र के डंगहर निवासी भाईलाल ने नगर विधायक रत्नाकर मिश्र से शिकायत कर आपपरेशन न करने और 12 हजार रुपये लेने का आरोप लगाया था। बताया कि उसकी पत्नी को पथरी था। 19 जुलाई को सर्जन आपरेशन के लिए ले गए। वहां चीरा लगाने के बाद आपरेशन करने से मना कर दिया। आपरेशन के लिए 12 हजार रुपये भी लिया था। नगर विधायक ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से शिकायत करने के साथ ही जिलाधिकारी और मेडिकल कालेज के प्राचार्य से मामले में कार्रवाई के लिए कहा था। शिकायत के बाद पीड़ित का पैसा वापस हो गया था पर मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। मामले में मेडिकल कालेज के प्राचार्य ने जांच कमेटी गठित की है। प्राचार्य डा. संजीव सिंह ने बताया कि सीएमएस डॉ. एसके श्रीवास्तव की अध्यक्षता में चार सदस्यीय जांच कमेटी बनाई गई है।

# जांच अधिकारी बदलने की मांग, पीड़िता ने एसपी से लगाया न्याय की गुहार

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

लालगंज थाना क्षेत्र की सोखापुरवा उर्फ छरौछा निवासिनी धनपता पत्नी मोहनलाल ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाया है। धनपता ने एसपी को बताया कि उनके परिवार वालों से गांव के ही कृपाशंकर, पप्पू गुप्ता आदि से विवाद हो गया था। उक्त लोगों ने गलत तथ्यो के आधार पर उनके परिवारवालों के विरूद्ध लालगंज थाने में मुकदमा पंजीकृत करा दिया गया। धनपता के अनुसार महसो चौकी इन्चार्ज और मामले की विवेचना कर रहे अनस अख्तर ने डरा धमका कर सादे कागज पर उसके परिवार के सदस्यों से हस्ताक्षर करा लिया और अब धमकी दे रहे हैं कि फर्जी मुकदमों में फंसाकर जिन्दगी बरबाद कर देंगे। धनपता ने विवेचना अधिकारी को बदलकर न्याय दिलाने की मांग किया है। धनपता ने बताया कि एसपी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि विवेचना अधिकारी को बदल दिया जायेगा।

# पशुओं में टीकाकरण का अभियान शुरू, हरी झण्डी के साथ टीमें रवाना

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

गुरूवार को नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा ने पशुओं को बीमारी से बचाने हेतु 45 दिनों तक चलने वाले विशेष टीकाकरण अभियान की टीम को पशु चिकित्सालय सदर के परिसर में हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. ए.के. गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय रोग नियंत्रण कार्यक्रम में खुरपका, मुंहपका बीमारी की रोकथाम के लिये टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। इसके लिये जनपद में कुल 20 टीमें बनायी गई है। चार माह से छोटे पशुओं के बच्चों, आठ माह के ऊपर गर्भित और बीमार पशुओं को टीका नहीं लगाया जायेगा। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. ए.के. गुप्ता ने बताया कि जनपद में 4 लाख 22600 टीका उपलब्ध कराया गया है। टीकाकरण के साथ ही पशुओं का रजिस्टेऊशन और भारत पशु धन ऐप पर अपलोड़िग का कार्य भी किया जायेगा। बताया कि टीकाकरण से पशुओं की मृत्यु दर कम हो जायेगी और उनके दूध की विदेशों में भी आपूर्ति हो सकेगी। टीकाकरण के लिये विभागीय स्तर पर कर्मचारियों में दायित्वों का वितरण कर दिया गया है। वे निर्धारित क्षेत्रों में जाकर टीकाकरण का कार्य करेंगे। टीकाकरण अभियान की टीम को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करने के बाद नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार पशुओं की रक्षा और दुग्ध उत्पादन बढान की दिशा में गंभीर है। इस अवसर पर मुख्य रूप से उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी चिकित्सा स्वास्थ्य डा. पी.के. वर्मा, डा. सीमा भारती, डा. अवधेश प्रसाद, डा. सतीश वर्मा, डा. विजय श्रीवास्तव, डा. सुषमा चौरसिया, डा. नजमुल इस्लाम, डा. सन्तोष श्रीवास्तव, डा. दिनेश मौर्य, डा. धर्मेन्द्र चौधरी, डा. फजील खान, डा. अजय वरूण, डा. धोबी राजू राम बुझारत, डा. अजय गौड़ के साथ ही राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद विभाग के अनेक अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### पुलिस ने अभियुक्त को तमंचा के साथ किया गया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। गौराबादशाहपुर। जौनपुर।** गौराबादशाहपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर एक अभियुक्त मूलचन्द्र यादव उर्फ अभिषेक पुत्र दयाराम यादव ग्राम समोधीपुर थाना गौराबादशाहपुर को एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गुरुवार को मैरादखान पुलिया से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर चालान न्यायालय भेज दिया गया।

### पीएम सूर्य घर योजना का रजिस्ट्रेशन शुरू

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जफराबाद सिरकोनी विकास खण्ड में गुरुवार को पीएम सूर्य घर योजना के तहत रजिस्ट्रेशन का काम शुरू कर दिया गया। इस योजना का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। ज्ञात हो पीएम सूर्य घर बिजली योजना में तीन किलोवाट की बिजली संयंत्र पर 60 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी ।तीन किलोवाट क्षमता के सोलर रूफटॉप प्लांट पर केंद्र सरकार द्वारा 78 हजार रुपये तथा प्रदेश सरकार द्वारा 30 हजार रुपये की छूट मिल रही है ।तीन किलोवाट का आवासीय कनेक्शन का बिल दो हजार एक सौ से दो हजार पांच सौ के बीच आता है ।सोलर पैनल लगने से यह बिल मात्र तीन से चार सौ रुपये ही आएगा ।सोलर प्लांट किश्तों पर लगवाया जा सकता है ।इसी प्रकार दो किलोवाट के संयत्र पर 70 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी ।इस प्लान में केंद्र सरकार 80 हजार रुपये तथा प्रदेश सरकार 30 हजार रुपये सब्सिडी देगी ।यह भी किश्तों पर मिल सकेगा। खण्ड विकास अधिकारी नीरज जायसवाल ने बताया कि इस योजना के लिए आधार कार्ड,बिजली कनेक्शन का स्लिप चाहिए ।इससे लोगो का काफी फायदा मिलेगा ।गुरुवार से रजिस्ट्रेशन का काम शुरू हो गया है ।तीन लोगों का स्टॉप ब्लॉक में इस काम के लिए लगाया गया है ।सचिवों तथा प्रधानों के जरिये आम जनता तक संदेश पहुंचाया जा रहा है।

### रुपए न लौटाने पर कोर्ट ने मुकदमा दर्ज करने का दिया आदेश

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** सिविल कोर्ट जौनपुर के न्यायायिक मजिस्ट्रेट प्रथम ने जमीन के लिए दिये गये सात लाख रूपये वादी को न लौटाने पर सख्त रूख अख्तियार करते हुए प्रभारी निरीक्षक सरपतहां जौनपुर को सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। सपरतहा थानाक्षेत्र के ग्राम रूधौली निवासी राजेश पुत्र राम अजोर ने न्यायायिक मजिस्ट्रेट प्रथम सिविल कोर्ट के यहां जरिये अधिवक्ता वाद दाखिल किया कि गांव के ही गंगा प्रसाद पुत्र रमाकांत, अनूप उर्फ सिंकू पुत्र जमुना प्रसाद, हरिश्चंद्र उर्फ कल्लू पुत्र प्रहलाद, कौशल आदि एक गोल बंद किस्म के लोग हैं। यह सब जमीन खरीद फरोख्त का कार्य करते हैं और इन्होंने जमीन बेचने के बहाने सात लाख रुपया जमीन बैनामा करने लिए लिया था। उक्त लोगों के द्वारा न तो बैनामा किया गया और न ही हमें हमारा रूपया ही वापस कर रहे हैं। रूपया मांगने पर गाली गलौज देते है ओर आमादा फौजदारी हो जाते हैं। सरपतहां थाने व पुलिस अधीक्षक के यहां कई बार प्रार्थना पत्र दिया परन्तु कोई कार्यवाही नही हुई। राजेश ने तत्सम्बन्धी वाद न्यायालय मे दाखिल किया, जिस पर अधिवक्ता नवनीत कुमार यादव द्वारा बहस किया गया। न्यायायिक मजिस्ट्रेट प्रथम ने दाखिल वाद को स्वीकार करते हुए सरपतहां थाने से पूर्व में इस मामले में कोई मुकदमा दर्ज है अथवा नही संबंधी रिपोर्ट मांगी गई। जब थाने द्वारा बताया गया कि अभी कोई रिपोर्ट दर्ज नही है, तो न्यायालय ने प्रभारी निरीक्षक थाना सरपतहां को आदेशित किया कि उपरोक्त प्रतिवादियों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना की कार्यवाही करें एवं एफआईआर एक प्रति न्यायालय को भी उपलब्ध करावें।

# रोडवेज बस परिचालक को मनबढों ने पीटा

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत निजामपुर गांव के समीप स्थानीय डिपो पर आ रही बस परिचालक को बीती देर रात मनबढो ने ईंट से मारकर घायल कर दिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। प्रयागराज जनपद के फूलपुर निवासी रोडवेज परिचालक 30 वर्षीय अशोक कुमार बस मे यात्रियों को लेकर स्थानीय रोडवेज डिपो पर आ रहा था। बस जैसे ही निजामपुर चौराहे के पास पहुंची मनबढों ने बस रोककर परिचालक पर हमला कर दिया। शोरशराबे की आवाज़ सुनकर मनबढ़ मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपचार हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# पुलिया में जलभराव की समस्या का होगा समाधान : डीआरएम

**जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर**

उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के डीआरएम रजनीश अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को मिर्जापुर, विंध्याचल और जिगना रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने अमृत भारत योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। विंध्याचल में पुलिया में जलभराव की समस्या दूर करने का आश्वासन दिया। सुबह साढ़े नौ बजे मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल मिर्जापुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। वहां पर प्लेटफार्म पर चल रहे अमृत भारत योजना के कार्य में कमी मिलने पर उसे दूरुस्त करने का निर्देश दिया। इसके बाद बाहर कालोनी का निरीक्षण किया। कालोनी में नाला खुला होने पर उसे ढकने और सफाई बेहतर करने का निर्देश दिया। अस्पताल के पास बन रहे जीआरपी थाना और पार्सल घर निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। बाहर की ओर पटरी को सही से निर्माण करने एक और एटीएम स्थापित करने और वीआईपी वेटिंग रुम को चालू करने का निर्देश दिया। तीसरी लाइन के निर्माण के बारे में बात किया। इसके बाद विंध्याचल रेलवे स्टेशन पहुंचे। विंध्याचल रेलवे स्टेशन करीब ढाई घंटे तक अमृत भारत योजना अंतर्गत नव निर्माण कार्य, प्लेटफॉर्म सर्कुलेटिंग एरिया, रेहड़ा पुल, आवास सहित कई अन्य स्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई कमियां मिली। जिसको दुरुस्त करने का निर्देश दिया। प्लेटफार्म नंबर एक से सटे हुए नई रेल पटरी बिछाई जाएगी। इसके लिए प्लेटफार्म नंबर एक पर मौजूद सभी कार्यालय हटाए जाएंगे।

# शिक्षको की मानी गई मांगे, धरना स्थगित, बकाया वेतन टेजरी भेजा गया



**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

गुरूवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक षिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल के नेतृत्व में संघ पदााधिकारियों, शिक्षकों ने अर्न्तजनपदीय स्थानान्तरण से आये शिक्षकों के वेतन भुगतान सुनिश्चित कराने सहित अनेक मुद्दों को लेकर वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना शुरू किया। धरना स्थल पर पहुंचे बीएसए अनूप तिवारी और वित्त एवं लेखाधिकारी हिमांचल ने वार्ता के बाद सभी मांगे मान लिया। वेतन टेऊजरी भेज दिया गया, इसके बाद धरने को स्थगित कर दिया गया। संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने संघ पदाधिकारयों और शिक्षकों के साथ धरना स्थल पर मुद्दों और मांगों पर विस्तार से विन्दुवार वार्ता किया। वित्त एवं लेखाधिकारी हिमांचल से पोर्टल पर ऑन लाइन चयन वेतनमान का बकाया, बीएसए द्वारा रोके गये एक दिन का वेतन भुगतान और अन्य प्रकार के बकाया भुगतान, जी.पी.एफ. अग्रिम और सेवा निवृत्त शिक्षकों के नोशनल वेतन वृद्धि आदि को लागू करने, चयन वेतनमान के पोर्टल पर आये सभी प्रकरण को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय को अग्रसारित करने का आग्रह किया। इसके बाद शिक्षकों की सभी मांगे मान ली गई। बीएसए ने आश्वासन दिया कि अति शीघ्र सभी का आन लाइन व आफ लाइन चयन वेतनमान स्वीकृत कर भुगतान कर दिया जायेगा। वित्त एवं लेखाधिकारी ने कहा कि सेवा निवृत्त शिक्षकों का नोशनल वेतनवृद्धि तैयार कर टेऊजरी भेज दिया जायेगा। जीपीएफ के सभी प्रकरण निस्तारित कर दिये गये है।

संघ के जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ल ने बताया कि धरना देने वालों में मुख्य रूप से जिला मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष अभय सिंह यादव, संरक्षक सतीश शंकर शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश कुमार, इन्द्रसेन मिश्र, राजकुमार सिंह, शैल शुक्ल, विनोद यादव, देवेन्द्र वर्मा, चन्द्रभान चौरसिया, दिवाकर सिंह, सुनील पाण्डेय, राजीव पाण्डेय, रीता शुक्ल, राजीव पाण्डेय, विजय कन्नौजिया, दिनेश वर्मा, राघवेन्द्र पाण्डेय, रविन्द्रनाथ, भैयाराम राव, अजय कुमार, योगेश्वर शुक्ल, ओम प्रकाश पाण्डेय, चन्द्रिका सिंह, सन्तोष शुक्ल, बुधिराम यादव, शिवाकान्त पाण्डेय, मारूफ अहमद, राजेश कुमार, रामपाल वर्मा, उमाशंकर मणि, त्रिलोकीनाथ, राम लखन दूबे, ओंकारनाथ उपाध्याय, राहुल उपाध्याय, विजय वर्मा, प्रणव मिश्र, रवि शुक्ल आदि शामिल रहे।

# ग्राम प्रधानों और सचिवों को किया गया प्रशिक्षित

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



**गौराबादशाहपुर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स के विषय पर ग्राम प्रधानों और सचिवों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को विकास खंड के सभागार में किया गया। इस कार्यशाला में ग्राम प्रधानों और सचिवों को नौ बिंदुओं पर आधारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षित किया गया।

कार्यशाला में उपस्थित विशेषज्ञ प्रशिक्षक संदीप यादव और अभय कुमार ने बताया कि पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स के तहत निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने से पंचायतों का समग्र विकास संभव है। इन लक्ष्यों में स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, बुनियादी ढांचा, और सामुदायिक भागीदारी जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान यह भी जानकारी दी गई कि सूचकांक में वृद्धि होने पर पंचायतों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को और गति मिलेगी।कार्यशाला में खंड विकास अधिकारी कृष्णमोहन यादव और प्रभारी एडीओ राजेश यादव ने ग्राम प्रधानों को लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

सचिव माता प्रसाद, रामकृष्ण पाल, अरविंद यादव, विपिन राय, स्वतंत्र कुमार, अखिलेश, श्रुति गुप्ता, चंद्रजीत यादव, मनीषचंद्र, प्रधान नरेंद्र यादव, संतोष मौर्य, जयहिंद यादव, नीरज यादव, राम साहब यादव, फौजी अनिल यादव, अगनु राम, अविनाश आदि उपस्थित रहे।

# कांवरियों का जत्था वाराणसी के लिए रवाना

- डीजे और हाथी के साथ खेतासराय नगर में निकाला गया भव्य जुलूस

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



खेतासराय बाबा विश्वनाथ के धाम और बाबा बैजनाथ धाम देवघर (झारखंड) के लिए गुरुवार को सैकड़ो कावरियों का जत्था गाजे बाजे के साथ रवाना हुआ। खेतासराय थाना क्षेत्र के आधा दर्जन गांव से निकली कांवरियों की यह टोली खेतासराय कस्बा स्थित प्राचीन काली मंदिर के सामने पहले इकट्ठा हुई। फिर यहां से पुलिस की कड़ी चौकसी के बीच, हाथी, डीजे और बैंड बाजे के साथ पूरे खेतासराय नगर में भ्रमण करते हुए विशाल जुलूस निकाला गया। प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी खरगीपुर गोधना गांव से कांवर उठाने और बाबा विश्वनाथ के धाम जल चढ़ाने वाली महिलाओं की संख्या सबसे अधिक रही। गोधना गांव के कांवरियों का नेतृत्व भाजपा नेता बलिहारी राजभर कर रहे थे। जबकि खेतासराय कस्बा में भाजपा नेता पूर्व सभासद जगदंबा प्रसाद पांडेय के नेतृत्व में सभी कांवरियों का स्वागत किया गया। रवाना होने से पूर्व कांवरियों ने कस्बे के सभी शिवालयों में दर्शन पूजन किया। डीजे साउंड के साथ कांवरियों ने दुर्गा नगर मोहल्ले से गोला बाजार, मुख्य चौराहा, खुटहन मार्ग से जुलूस निकाला। इस दौरान बोल बम व हर हर महादेव के जयकारा से पूरा इलाका गूंज उठा। कई संस्था और समाजसेवियों ने जगह जगह कांवरियों को जलपान भी कराया। भाजपा नेता उपेंद्र मिश्र सिंटू, रूपेश गुप्ता मोनू, धर्म रक्षक मनीष गुप्ता, आचार्य कृष्ण मुरारी मौर्य , स्वामीनारायण राधेश्याम जयसवाल, खेतासराय व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा, नाटे यादव समेत भाजपा नेता मौजूद रहे। सुरक्षा के मद्देनजर खेतासराय थाना प्रभारी रामाश्रय राय, वरिष्ठ उप निरीक्षक अनिल पाठक, हेड कांस्टेबल संजय पांडेय, अम्बिका यादव भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# मनबढ़ों ने मारपीट कर रिहायशी मड़हा गिराया, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जफराबाद।क्षेत्र के धनेजा गांव में बुधवार को मनबढ़ों ने मारपीट कर एक व्यक्ति के रिहायशी मड़हे को गिरा दिया।मड़हा गिराने का वीडियो सोशल मिडिया पर वायरल हो रहा है।अभी पुलिस को सूचना नही मिली है। ऊक्त गांव निवासी जयसिंह चौहान पुत्र रामलाल चौहान ने आरोप लगाया है कि उसके गांव के ही आधा दर्जन युवक दोपहर में लाठी डंडा लेकर उसके घर में आकर गाली गलौज देने लगे।जब उन्हें मना किया गया तब वे लोग रिहायशी मड़हे में घुस कर मारने पीटने लगे।लोगों के बीचबचाव के बाद वे जान बची।उसके बाद उन लोगों ने मड़हे को गिरा दिया।घटना के बाद पूरा परिवार दहशत में है। इस बारे में थानाप्रभारी विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि अभी कोई तहरीर नही मिली है।तहरीर मिलती है तो आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करके विधिक कार्यवाही की जाएगी

# अवैध सम्बन्ध को लेकर हुई थी अरविन्द की हत्या

■ एएसपी उत्तरी ने किया अरविन्द हत्याकाण्ड का खुलासा, दो गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



गुरुवार को सर्विलांस टीम और स्वाट टीम प्रभारियों के साथ में घुंघटेर पुलिस ने एक माह पूर्व हुए अरविन्द हत्याकाण्ड का खुलासा कर दिया है। हत्या के पीछे अवैध सम्बन्ध की बात कही जा रही है। पुलिस ने इस घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार करके आलाकत्ल और एक बाइक बरामद की। घुंघटेर थाना प्रभारी ने दोनो आरोपियों को जेल भेज दिया है। घटना का खुलासा अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी ने पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान की। जानकारी के अनुसार, बीती 22 जून को थाना घुंघटेर के ग्राम व पोस्ट बजगहनी निवासी माता प्रसाद गौतम पुत्र स्व. बेचालाल ने थाना बड्डूपुर में जा करके लिखित तहरीर दी। जिसमें उसने बताया कि 25 वर्षीय अरविन्द लोध पुत्र स्व. रामपाल को जेजेएम रोड लखनऊ अपने साथ लाया था और अरविन्द उसके घर में पारिवारिक सदस्य के रुप में रहकर खेतों की रखवाली करता था। हमेषा की तरह बीती 21 जून की सुबह जब मेरी पुत्री खेत में पहुंची तो उसने देखा कि अरविन्द की लाष पड़ी हुई है। गले में चोट के निषान हैं उक्त तहरीर पर थाना प्रभारी घुंघटेर ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरु कर दी थी। पुलिस अधीक्षक ने भी इस ब्लाइण्ड मर्डर के खुलासे के लिए सर्विलांस और स्वॉट टीम प्रभारियों को लगा दिया था। गुरुवार सुबह थाना घुंघटेर के जमुआ पुल के पास पुलिस ने थाना घुंघटेर के ग्राम बजगहनी निवासी संतोष कुमार पुत्र जानकी प्रसाद और बृजेष कुमार पुत्र मैकूलाल को धर दबोचा। इनकी निषादेही पर पुलिस ने आलाकत्ल एल्मुनियम के तार का बण्डल और हत्या में प्रयोग की गयी बाइक बरामद की। पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी संतोष वादी का सगा भतीजा है और राजगीर का काम करता है। जबकि बृजेष कुमार उसके साथ में हमेषा रहता है। बीती 18 जून की दोपहर को जब संतोष घर में पानी पीने गया था तो उसने देखा कि उसकी चाची मृतक के साथ में आपत्तिजनक स्थिति में पड़ी हुई हैं इसके बाद ही संतोष कुमार ने अपने सहयोगी बृजेष के साथ मिल करके घटना को अंजाम देने की साजिष रची और बीती 20/21 जून की रात्रि को संतोष और बृजेष ने मिलकर खेत में सो रहे अरविन्द की एल्मुनियम के तार से गला दबाकर हत्या कर दी और फरार हो गये।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल पर पहुँच व्यवस्थाओं को देखा

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



ब्रहस्पति को जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर की उपस्थिति में माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के दिनांक 26 जुलाई 2025 को प्रस्तावित चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल के मौके पर पहुँच व्यवस्थाओं को देखा गया और चण्डीगढ़ विश्वविद्यालय के मीटिंग हाल में अधिकारियों के साथ वैठक की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्टेज हेलीपैड सेफ हाउस वी आईपी गैलरी बैरिकेडिंग पार्किंग सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं को मौके पर जाकर देखा और मुख्य विन्दुओ पर जानकारी लेकर संबंधित अधिकारी को समय रहते सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील गोंड जी अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव सिटी मजिस्ट्रेट श्री राजीव राज अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह उप जिलाधिकारी हसनगंज प्रज्ञा पांडेय सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# बीस हजार की घूस लेते चकबंदी लेखपाल गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



क्षेत्र में रिष्वतखोरी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इस बार निंदूरा क्षेत्र में एंटी करप्शन टीम ने चकबंदी लेखपाल को रंगे हाथ रिष्वत लेते गिरफ्तार किया है। जिसमें आरोपी ने बीस हजार रुपए की रिष्वत मांगी थी। इस बात की शिकायत मिलने पर टीम ने उसे ट्रैक किया और रंगे हाथों दबोच लिया। मामला विकास खंड निंदूरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बहरौली का है। जहां पर लखनऊ के इंदिरा नगर निवासी यासिर और आशिक अली की बहरौली में कृषि से संबंधित भूमि है। भूमि पैमाइश को लेकर क्षेत्र में तैनात चकबंदी लेखपाल संजय सैनी ने बीस हजार रुपए आशिक अली से मांग की थी। जिसकी शिकायत आशिक अली ने एंटी करप्शन विभाग से की थी। जांच के बाद ट्रैप टीम सक्रिय होकर बीते बुधवार दोपहर करीब 2 बजे लखनऊ कुर्सी रोड़ स्थित क्लब के पास रंगे हाथ बीस हजार रुपए के साथ उसे दबोच लिया। पकड़े जाने के बाद आरोपी के खिलाफ थाना गोमती नगर लखनऊ में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्जकर मामले की जांच विभाग ने शुरू कर दी है। इस संबंध में कुर्सी थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया, इस संबंध में ऐसी किसी प्रकार की जानकारी हमें प्राप्त नहीं हुई है।

# जियनपुर गांव पहुंचे 7 राज्यों के 22 प्रतिनिधि, लगाई चौपाल

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**




**असन्द्रा।** सात अलग-अलग राज्यों से भारत सरकार द्वारा नामित 32 सदस्यीय टीम में से 22 लोगों ने गुरुवार को सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के जियनपुर गांव का दौरा किया। डॉ. लखन सिंह के नेतृत्व में टीम ने मनरेगा की कार्यप्रणाली का अध्ययन किया। इसकी अध्यक्षता बीडीओ सिद्धौर पूजा सिंह व सचिव दीपक कुमार ने की। तेज धूप के कारण टीम निर्धारित गांव सेमरी नहीं गई। जियनपुर से ही लौट गई। जियनपुर स्थित डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम मिनी स्टेडियम में टीम ने खिलाड़ियों से भी मुलाकात की। परिसर किनारे हर सिंदूर, रुद्राक्ष और चंदन के वृक्ष भी रोपित किए। प्रतिनिधिमंडल ने मनरेगा श्रमिक, रोजगार सेवक रफत बानो, पंचायत सहायक इरम बानो, प्रधान छम्मी और पंचायत सचिव दीपक कुमार से जाब कार्ड, मनरेगा मजदूरी और कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में पूछताछ की। उन्होंने अपने विचार भी साझा किए। टीम में छत्तीसगढ़ (6), तेलंगाना (5), त्रिपुरा (3), कर्नाटक (4), राजस्थान (3), केरला (2) और तमिलनाडु (3) से अशोक चौबे, ममता, उमादेवी, लक्ष्मी देवी, सरोज चौधरी, अमित भाटिया, उमाशंकर शाहू और अनिकेत आदि थे। बीडीओ पूजा सिंह ने बताया कि तीन दिवसीय दौरे अंतिम दिन बाराबंकी में तेज धूप चलते सेमरी गांव नहीं जा सके। जियनपुर से ही वापस लौट गए। जबकि सेमरी गांव स्थित अन्नपूर्णा गोदाम को लेकर सचिव अवस्थी द्वारा तैयारी थी। इस अवसर पर बीडीओ पूजा सिंह, सचिव संजय चौधरी, अजयनाथ गौड़, सियाराम, रविंद्र कुमार, दीपक कुमार, गीता वर्मा, सुषमा अवस्थी, पंचायत सहायक इरम बानो और रोजगार सेवक रफत बानो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# वाहनों से जबरन वसूली करतीं चार महिलाएं गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के जैतीपुर मार्ग पर चालकों से जबरन वसूली कर रही पांच महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये महिलाएं पैसे न देने वालों पर अभद्रता का आरोप लगाने की धमकी देती थीं। पुलिस ने चारों को शांति भंग की धारा में चालान किया है। जानकारी के अनुसार जैतीपुर मार्ग पर पांच महिलाएं यहां से गुजरने वाले वाहनों को रोककर उनसे चंदा मांगती थीं। जब वाहन चालक चंदा देने से इनकार करते थे, तो वे उनके साथ अभद्रता करने के साथ ही उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती थीं। बताते हैं बीते दो दिनों में सैकड़ों वाहन चालक इसका शिकार हुए। जिसके बाद किसी ने इसकी शिकायत पुलिस से की।पुलिस ने पांच महिलाओं चंची वारो पत्नी आकाश वारो, काजल वारो पत्नी भोन्तू वारो, सपना वारो पत्नी श्याम वारो, खुशबू वारो पत्नी कमल वारो और रीना वारो पत्नी विनोद वारो निवासी गण चारमाले, थाना बटवा, जिला अहमदाबाद, गुजरात को पकड़ा। कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद महिलाओं को पकड़ा गया और हिदायत देने के साथ ही शांति भंग की धारा में चालान किया गया है।

# कार में एक के एक दो बाइकें पीछे से भिड़ी

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



कार के अचानक ब्रेक लगाने से एक के एक दो बाइकें पीछे से भिड़ी। जिससे दंपति सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। अधेड़ को परिजन निजी अस्पताल में इलाज कराने ले गये। कानपुर जिले के रावतपुर निवासी श्याम कुमार शर्मा (50) पुत्र शंकर दयाल गुरुवार को विकास खंड के मकदुमपुर गांव में भांजे से मिलने आया था। दोपहर में बाइक से वापस जारहा था। इस दौरान हाइवे पर ब्लॉक कार्यालय के समीप आगे चल रही कार में पीछे से भिड़कर गंभीर रूप से घायल हो गया। तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार दंपति विपिन सिंह (33) पुत्र शत्रुघ्न सिंह और गुंजन सिंह (29) निवासी कुंदन रोड अकरमपुर उन्नाव भी हाइवे पर गिरे श्याम शर्मा की बाइक से टकरा गए और गंभीर रूप से घायल हो गये। एम्बुलेंस ने घायलों को सीएचसी नवाबगंज में भर्ती कराया। परिजन अधेड़ को निजी अस्पताल में इलाज कराने ले गये।

# ऑनलाइन बैंकिग के माध्यम से फ्रॉड कर निकाली गई संपूर्ण धनराशि पीड़ित के खाते मे कराई गई रिफण्ड

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

उन्नाव ऑनलाइन बैंकिग के माध्यम से फ्रॉड कर निकाली गई 32000/- रु0 की संपूर्ण धनराशि थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा पीड़ित के खाते मे रिफण्ड कराई गई।आवेदक सौरभ निवासी शेरअली खेड़ा थाना कोतवाली सदर उन्नाव द्वारा साइबर पोर्टल पर आनलाइन प्रार्थना पत्र दिनांक 18.07.2025 को ऑनलाइन बैंकिग के माध्यम से 32000/- रू0 का फ्रॉड होने विषय में दिया गया था । जिस पर दिनांक 24.07.2025 को थाना कोतवाली सदर उन्नाव की टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए फ्राड की गयी 32000 /- रू0 की संपूर्ण धनराशि आवेदक के खाते में रिफण्ड करायी गई। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह के साथ अपराध निरीक्षक राजेश यादव महिला आरक्षी सोनिया शर्मा उपस्थित रही।

# बंजर भूमि को बनाया हरा भरा



■ इसी तर्ज पर पंचायतों को दो-दो सौ वृक्ष रोपने का बीडीओ ने दिया लक्ष्य

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

रोपित वृक्षों के बचाव, रखरखाव व विकास को देखना हो तो सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के मियां वाकी वाटिका भेडिया चले आए। क्योंकि सरकार हर साल लाखों रुपए खर्च कर वृक्ष रोपित करती। मगर मई-जून की तपती दोपहरी व आवरा गोवंश के संघर्ष नष्ट अधिकाशरू नष्ट हो जाते हैं। मगर यहां खाली पड़ी बंजर भूमि को बीडीओ ने मनरेगा योजना के तहत लेकर मियांवाकी की पद्धाति से वित्तीय वर्ष 2024-25 में करीब 2000 वृक्ष लगाएं। जिसमे से 1600 वृक्ष आज भी जीवित, हरे भरे व लहलहाते हुए तेजी से विकास कर रहे। जिसे देखकर मन प्रफुल्लित होता है। उनकी इस पहल को डीएम शशांक त्रिपाठी ने सराहना करते हुए सभी पंचायत में इसी भांति से दो-दो सौ वृक्ष लगाने का लक्ष्य दिया है। उद्यान में लगे वृक्षों की सिंचाई के लिए प्रधान प्रतिनिधि संदीप मिश्र सीमित के संसाधनों में सामुदायिक शौचालय में लगे समरसेबल पंप में पाइप लगाकर सिंचाई की। दो मनरेगा मजदूर अनिल कुमार व परीदीन से रखवाली कराई। साथ ही समय-समय पर दवा, खाद का छिड़काव कराया। जिससे अमरुद, शीशम, आंवला, सागौन समेत अन्य प्रजाति के 16 सौ पौधे मौजूद हैं। फलों की बिक्री से पंचायत का राजस्व भी दिनों दिन बढ़ रहा। यहां मात्र सीमेंट पिलर व तार कटीले तार लगाकर पेड़ों की सुरक्षा है। करीब करीब एक साल पहले ब्लाक सिद्धौर में उनके चार्ज लेने से अब तक कई योजनाओं का संचालन नजीर बन चुका है। जिसमे क्षेत्रीय स्वयं सहायता समूह की महिला का जेल में कैटींन, जियनपुर में पहला मिनी स्टेडियम व खाली पड़ी बंजर भूमि को हरा भरा बनाना व सेमरी का अन्नपूर्णा गोदाम शामिल हैं। उन्होंने बताया कि उद्यान में सूखे 400 पेड़ों के सापेक्ष 600 पौधे रोपित होंगे। आगे उन्होंने बताया कि इस उद्यान की तर्ज पर डीएम ने सभी पंचायत को इसी तरीके से दो-दो वृक्ष को लगाने का लक्ष्य दिया है।

# '44 आउट ऑफ़ स्कूल का भविष्य सुधारेंगे सेवानिवृत्त शिक्षक'

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

बाराबंकी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार शैक्षिक सत्र 2025-26 में 07-14 आयु वर्ग के चिन्हांकित आउट ऑफ स्कूल बच्चों को विद्यालय में नामांकन के उपरान्त उन्हें विशेष प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु विशेष प्रशिक्षक का चयन किया जाना है। उन्होंने बताया कि विशेष प्रशिक्षक के आवेदन प्राप्त करने हेतु सूचना विद्यालय, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र तथा अन्य प्रमुख स्थानों पर प्रधानाध्यापक द्वारा चस्पा किया जायेगा। 05 से अधिक ऑउट ऑफ स्कूल बच्चों की संख्या के आधार पर विशेष प्रशिक्षण हेतु 01 विशेष प्रशिक्षक का चयन विद्यालय प्रबंध समिति की 04 सदस्यीय उपसमिति द्वारा किया जायेगा। विशेष प्रशिक्षक के रूप में सेवानिवृत्त अध्यापक के चयन को वरीयता दी जायेगी, यदि सवानिवृत्त अध्यापक की उपलब्धता नही हो पाती है तो सेवानिवृत्त अध्यापक के स्थान पर वॉलंटियर का चयन किया जायेगा। विशेष प्रशिक्षक के चयन हेतु अभ्यर्थियों का आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर फोटो एवं योग्यता सम्बन्धी प्रमाण-पत्रों की प्रति सहित एक प्रति विद्यालय स्तर पर प्रधानाध्यापक, इंचार्ज के पास तथा दूसरी प्रति बीआरसी स्तर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा की जायेगी आवेदन पत्र का प्रारूप प्रधानाध्यापक एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा अभ्यर्थी को आवेदन पत्र की प्राप्ति रसीद उपलब्ध करायी जायेगी। सेवानिवृत्त अध्यापक के चयन के सन्दर्भ में यदि 1 से अधिक सेवानिवृत्त अधपकों के आवेदन प्राप्त होते हैं।

# अवैध स्कूलों और कोचिंग सेंटरों पर शिक्षा विभाग की कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहे गैर-मान्यता प्राप्त स्कूलों और कोचिंग सेंटरों के खिलाफ विभाग ने नोटिस दिए जाने के बावजूद नियमों का उल्लंघन कर रहे पांच ऐसे संस्थानों को बंद कराया है। यदि ये संस्थान दोबारा संचालित होते पाए गए, तो संचालकों के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।खंड शिक्षा अधिकारी दीपेश कुमार ने बताया कि राज्य सरकार की मंशा बिल्कुल स्पष्ट है कि किसी भी सूरत में अमान्य विद्यालयों को चलने न दिया जाए। विभाग यह सुनिश्चित कर रहा है कि जिस संस्थान को जितनी कक्षाओं तक की मान्यता प्राप्त है, वह केवल उतनी ही कक्षाओं का संचालन करे। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण और सही शिक्षा उपलब्ध कराना है। बीईओ ने आगे बताया कि जो संस्थान बिना किसी मान्यता के चल रहे हैं, या जो कोचिंग सेंटर की आड़ में स्कूल चला रहे हैं, उन सभी पर कार्रवाई की जा रही है।क्षेत्र में कोचिंग सेंटर बताकर स्कूल चला रहे थे पांच संस्थानों के.डी. पब्लिक स्कूल, के.एल.जे.पी. पब्लिक स्कूल, राधा कृष्ण एकेडमी, यूनिवर्सल किंडरगार्टन एकेडमी, एम.एस.ए.जी. बिचपरी को बंद कराया गया है।इन सभी संस्थानों के संचालकों को स्पष्ट रूप से हिदायत दी गई है कि अगर इनमें से कोई भी संस्थान दोबारा स्कूल शुरू करता पाया गया, तो उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जगजीवन दास की समाधि स्थल में होगा विकास

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



श्री कोटवा धाम को पर्यटन विभाग में शामिल कर लिया गया है। यह धाम सतनाम प्रवर्तक बड़े बाबा जगजीवन दास साहब का समाधि स्थल है। विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह ने पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह से मिलकर कोटवा धाम के विकास की मांग की। मंत्री ने कोटवाधाम को पर्यटन विभाग में शामिल करने का निर्णय लिया।कोटवा धाम में हर पूर्णिमा को लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। सीतापुर, बहराइच, गोंडा, अयोध्या, हरदोई, लखीमपुर के अलावा पंजाब और नेपाल से भी श्रद्धालु आते हैं। प्रत्येक मंगलवार को हजारों की संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं। कोटवा धाम के महंत निलेन्द्र बख्श दास ने एमएलसी अंगद कुमार सिंह, पर्यटन मंत्री, मुख्यमंत्री, और खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा का आभार जताया। उन्होंने कहा कि अब कोटवाधाम की कमियों को दूर किया जा सकेगा। कोटवाधाम में स्थित सरोवर की स्थिति खराब है। श्रद्धालुओं को स्नान करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पर्यटन विभाग ने जगजीवन दास मंदिर को वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना में शामिल किया है। इस विकास से क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षण मिलेगा। स्थानीय पर्यटन और रोजगार को बढ़ावा मिलने की संभावना है। इस निर्णय से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है।

# अधिकारियों ने केंद्र प्रभारियों को दिया प्रशिक्षण




**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

गुरुवार को इफको द्वारा उप कृषि निदेशक कार्यालय के सभागार में नगद बिक्री केंद्र प्रभारियों के लिए एक दिवसीय सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बिक्री केंद्र प्रभारियों को तकनीकी जानकारी प्रदान करना एवं किसानों तक उन्नत उत्पादों की सही जानकारी पहुँचाना था। कार्यक्रम का संचालन व स्वागत इफको के क्षेत्र प्रबंधक राजकुमार ने किया। अध्यक्षता धीरेन्द्र वर्मा, पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक, बाराबंकी एवं उत्तर प्रदेश सहकारी बैंक ने की। उन्होंने कहा कि इफको किसानों की अपनी सहकारी संस्था है, जो उन्हें उच्च गुणवत्ता वाले उर्वरकों की आपूर्ति करती है। साथ ही, उन्होंने नैनो उर्वरकों व अन्य उत्पादों के माध्यम से व्यवसाय बढ़ाने व किसानों को जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम के उपाध्यक्ष के रूप में इफको आम सभा, अयोध्या के सदस्य अशोक कुमार उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि उप कृषि निदेशक धीरेन्द्र सिंह ने प्रदेश सरकार की किसान कल्याण योजनाओं तथा नैनो उर्वरकों के सकारात्मक प्रभाव की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि जिला कृषि अधिकारी राजित राम ने उर्वरक वितरण की ऑनलाइन व्यवस्था में रिटेलर्स की भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ. आनंद श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्रबंधक इफको लखनऊ ने नैनो उर्वरकों, मृदा स्वास्थ्य एवं संतुलित पोषण पर विस्तृत व्याख्यान दिया। कनिष्ठ क्षेत्र प्रतिनिधि रुचि तिवारी ने नैनो उर्वरकों की प्रयोग विधि व लाभों को सरलता से समझाया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 60 नगद बिक्री केंद्र प्रभारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का समापन दीपक चौधरी, कनिष्ठ क्षेत्र प्रतिनिधि, इफको द्वारा किया गया।

# गडढो में तब्दील हो गया है छतौनी मिर्जापुर सम्पर्क मार्ग

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

जिले के प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग तहत सिद्धौर ब्लाक क्षेत्र ग्रामीण सड़कों की हालत दयनीय है। यह जर्जर सड़कें लोगों के लिए दुखदाई बनी है। गड्ढों में तब्दील सड़क में बारिश का पानी जमा होने से लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ऐसा ही कुछ हाल सिद्धौर क्षेत्र के छतौनी मिर्जापुर गांव जोड़ने वाले करीब 3 किलोमीटर लंबी सड़क का है। इस संपर्क मार्ग की जगह-जगह डामर, तारकोल और बजरी उखड़ने से इसकी गिट्टियां सड़क पर बिखरी है। यहां पर करीब एक हजार से ज्यादा छोटे-बड़े गड्ढे हैं। यूं कहे सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दीलहै। जिसका कुछ साल पहले पीडब्ल्यूडी विभाग के ठेकेदार द्वारा निर्माण कराया गया था। अब इस जर्जर सड़क पर राहगीर व स्कूली बच्चों के आवागमन से दिक्कतें है। वह बारिश में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। उन्हें समय से स्कूल पहुंचने में भी दिक्कतें हैं। इतना ही नहीं गांव तक एंबुलेंस के नहीं पहुंचती है। उनके पुर्जे खराब हो रहे हैं। यहां से गुजरने पर वाहनों का टायर पंचर होने चालकों को दिक्कत हैं। बाइक व ई-रिक्शा के साकर आए दिन बेकार हो रहे। लोगों को आर्थिक स्थिति हो रही है। मगर विभागीय अधिकारी मूकदर्शक बने हुए है। स्थानीय निवासी गणेश कुमार, रौनक, महेंद्र प्रताप सिंह, फूलचंद रावत, जगरना देवी, कल्लू, मैकूलाल व ज्वाला प्रसाद आदि ने बताया करीब 6 महीने से सड़क जर्जर है।

# डीएम ने दिए फाइलेरिया और संचारी रोग उन्मूलन के लिए प्रभावी अभियान के निर्देश

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन, संचारी रोग नियंत्रण अभियान, नेशनल डि वार्मिग डे आदि के संबंध बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया जानलेवा नहीं है लेकिन यह प्रभावित व्यक्तियों एवं उनके परिवारों पर गंभीर सामाजिक और आर्थिक प्रभाव डालता है। फाईलेरिया उन्मूलन अभियान 10 अगस्त से 28 अगस्त 2025 तक चलेगा। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में मच्छरों की संख्या बढ़ जाती है, जिसके कारण लोगों को मच्छर जनित रोग मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, जापानी इन्सेफेलाइटिस, जीका वायरस, चिकनगुनिया आदि का खतरा बढ़ जाता है। इन्हीं बीमारियों में से एक हैं लिंफेटिक फाइलेरियासिस या हाथीपांव जो लोगों को दिव्यांग बना सकता है। रोग से ग्रस्त हो जाने पर इसका सम्पूर्ण इलाज संभव नहीं है। लेकिन संक्रमित व्यक्ति लगातार 5 सालों तक डीईसी और एल्बेण्डाजोल की एक - एक गोली बिना लापरवाही किये ले, तो संक्रमण का फैलाव रुक जाता है। इस अभियान के सफल आयोजन के लिए 1094 सदस्यीय टीम का गठन किया गया हैं, जिनका 182 चिकित्सकों द्वारा सुपरविजन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि फाईलेरिया की खुराक खिलाने के लिए तीन आयुवर्ग निर्धारित किया गया है। इसमें 2 से 5 वर्ष के बच्चों के लिए 1 एल्बेंडाजोल एवं 1 डीईसी की खुराक तथा 6 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चों को 1 एल्बेंडाजोल एवं 2 डीईसी एवं 15 वर्ष के ऊपर वाले लोगों को 1 एल्बेंडाजोल एवं 3 डीईसी की दवा खिलाई जाएगी। दवा खाने से पहले व्यक्ति खाली पेट नहीं रहे और दवा को चबा कर खाना है। 2 वर्ष से कम आयु के शिशु एवं गर्भवती महिलाओं को यह दवा नही खिलाई जायेगी।

# विधिक सेवा प्राधिकरण ने सुलह समझौते से निपटा दिया दहेज़ अधिनयम का मामला

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव लवली जायसवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यस्थ अधिवक्ता प्रेम चन्द्र शर्मा ने लगभग तीन वर्ष से चल रहे वैवाहिक विवाद को सुलझाते हुये अंतिम रूप से निस्तारित कराया दिया। पीडिता चादिनी द्वारा अपने पति एवं ससुरालीजन के विरूद्ध थाना सौरिख के अतंर्गत दहेज प्रताडना का वाद वर्ष 2023 में दर्ज कराया था जिसका निस्तारण सुलह समझौते के माध्यम से आज प्राधिकरण द्वारा करा दिया गया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ की कार्ययोजना वर्ष 2025-26 के कम में आज वृद्धाश्रम राजघाट रोड पुलिस लाईन का निरीक्षण एवं वृद्धजनों को विधिक जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन सचिव लवली जायसवाल द्वारा किया गया। सचिव द्वारा निरीक्षण दौरान वृद्धजनों से उनके खानपान, एवं स्वास्थ्य चिकित्सा के संबंध में जानकारी ली गयी तथा उनकी समस्याओ को सुना गया कुछ वृद्धजन द्वारा बीमारी की अवस्था में समय से इलाज हेतु समुचित दवा इत्यादि न मिलने की शिकायत की गयी जिस पर उनके निराकरण हेतु वृद्धाश्रम के प्रबन्धक को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। वृद्धश्रम में साफ सफाई भी उचित नहीं पायी गयी जिस पर प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि संस्था में साफ-सफाई की व्यवस्था को तत्काल दुरूस्त करायें।

# चुनाव आयोग ने कर्नाटक में धोखाधड़ी की : राहुल गांधी

## हजारों बोगस वोटर जोड़े, हमारे पास 100 प्रतिशत सबूत, बच जाएंगे, इस गलतफहमी में न रहें

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बिहार में वोटर्स लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के विरोध के बीच चुनाव आयोग पर कर्नाटक में भी धोखाधड़ी का आरोप लगाया। राहुल ने गुरुवार को संसद के बाहर कहा कि वोटर लिस्ट रिवीजन के नाम पर कर्नाटक में हजारों बोगस वोटरों के नाम जोड़े गए। राहुल ने कहा, चुनाव आयोग ने कर्नाटक की एक सीट पर धोखाधड़ी कराई। हमारे पास इसके 100 प्रतिशत सबूत हैं। एक ही निर्वाचन क्षेत्र में 50, 60 और 65 साल के हजारों-हजार नए वोटरों को सूची में जोड़ा गया है और 18 साल से ज्यादा उम्र के वोटरों को सूची से हटा दिया गया है। कांग्रेस सांसद ने कहा, हमे अभी एक सीट की जांच में यह गड़बड़ी मिली। मुझे पूरा यकीन है कि हर सीट पर यही नाटक चल रहा है। मैं चुनाव आयोग को एक मैसेज देना चाहता हूं। अगर आपको लगता है कि आप इससे बच निकलेंगे, अगर आपके अधिकारी सोचते हैं कि वे बच जाएंगे, तो ये आपकी गलतफहमी है। हम आपको बच के जाने नहीं देंगे। राहुल के आरोपों पर चुनाव आयोग के सूत्रों ने कहा, अगर इस मामले में चुनाव याचिका दायर की गई है, तो इस पर हाई कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए। अगर, याचिका नहीं लगाई गई है, तो निराधार आरोप क्यों लगाए जा रहे हैं?

### राजनीतिक विचारधाराओं से परे जाकर सोचिए: चुनाव आयोग

राहुल गांधी ने यह बातें ईडी के उस बयान के बाद कही हैं, जिसमें बिहार में वोटरों के वेरिफिकेशन प्रोसेस का बचाव किया गया था। चुनाव आयोग ने गुरुवार को एक बयान में अपने आलोचकों से सवाल पूछा कि क्या मृत और प्रवासी मतदाताओं के नाम पर फर्जी वोट डालने की अनुमति देनी चाहिए। चुनाव आयोग ने पूछा, रिवीजन प्रोसेस का मकसद सिर्फ अयोग्य मतदाताओं को वोटर लिस्ट से हटाना है। क्या चुनाव आयोग के पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से तैयार की जा रही प्रामाणिक मतदाता सूची निष्पक्ष चुनाव और मजबूत लोकतंत्र की आधारशिला नहीं है? ईडी ने कहा, इन सवालों पर, कभी न कभी, हम सभी को और भारत के सभी नागरिकों को, राजनीतिक विचारधाराओं से परे जाकर, गहराई से सोचना होगा। और शायद आप सभी के लिए यह सोचने का सबसे अच्छा समय अब आ गया है। ईडी ने बताया है कि बिहार में 99 प्रतिशत वोटरों को SIR के तहत वेरिफाई कर लिया गया है। इनमें 21.6 लाख मृत मतदाताओं का पता चला है। 31.5 लाख वोटर्स हमेशा के लिए पलायन कर गए हैं। 7 लाख वोटर्स एक से ज्यादा जगहों पर रजिस्टर्ड हैं। वहीं, 1 लाख मतदाता लापता हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि डोर-टू-डोर वेरिफिकेशन के बावजूद, करीब 7 लाख मतदाताओं के फॉर्म अभी तक नहीं मिले हैं।

### लोकसभा कार्यवाही सिर्फ 12 मिनट चली

इधर, विपक्ष ने गुरुवार को भी बिहार SIR के विरोध में चुनाव आयोग और भाजपा सरकार के खिलाफ संसद में मानसून सत्र के दौरान नारेबाजी की। सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसद हंगामा करने लगे। कांग्रेस सहित कई विपक्षी सांसद वेल में आकर पोस्टर लहराने लगे। हंगामे के बीच लोकसभा की कार्यवाही सिर्फ 12 मिनट चल सकी। वहीं राज्यसभा की कार्यवाही सिर्फ 1:45 मिनट चल पाई। हंगामे के कारण दोनों सदनों का कार्यवाही शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष ने संसद के बाहर मकर द्वार पर भी विरोध-प्रदर्शन किया। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, ध्रस्त्र सहित दूसरे विपक्षी दलों का आरोप है कि स्क्कबिहार के पिछड़े समुदायों के लोगों को वोटिंग से रोकने की एक कोशिश है। इसके जरिए लोगों के नाम वोटर्स लिस्ट से हटाए जा रहे हैं, जिसका असर इस साल होने वाले विधानसभा चुनावों के नतीजों पर पड़ सकता है।

# बाघिन का अंतत: रेस्क्यू, वन विभाग की तत्परता

## शासन की सक्रियता और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी का परिणाम



उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जनपद के न्यूरिया क्षेत्र में बीते 45 दिनों से जारी बाघिन के आतंक का आखिरकार गुरुवार को सुखद अंत हुआ। नौ जून को गन्ने के खेत में सिंचाई कर रहे किसान मुकेश की मौत से शुरू हुई इस त्रासदी ने धीरे-धीरे न्यूरिया के 15 गांवों को अपने डर के साए में समेट लिया। कई मासूम जानें गईं, अनेक ग्रामीणों के दिन जंगल की निगरानी में और रातें जागते डर के साथ बीतीं।



मुकेश कुमार

लेकिन इस पूरे घटनाक्रम का जो समापन हुआ, वह एक सकारात्मक और सराहनीय उदाहरण बन गया। बाघिन को पकड़ने के लिए चलाए गए 11 घंटे लंबे रेस्क्यू अभियान की सफलता ने प्रदेश के वन विभाग, जिला प्रशासन, ट्रेंकुलाइज एक्सपर्ट्स और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की संयुक्त और दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रमाण दिया है। 20 से अधिक टीमें, ड्रोन निगरानी, क्षेत्रीय अधिकारियों की सतर्कता और मैदान में डटे डॉक्टरों का धैर्य – इन सभी कारकों ने मिलकर एक आदमखोर बाघिन को सुरक्षित पिंजरे में पहुंचाया, वह भी बिना किसी और हानि के। इस सफलता में सबसे पहले हम प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को धन्यवाद देना चाहेंगे, जिनके नेतृत्व में प्रशासनिक मशीनरी न सिर्फ हरकत में आई बल्कि पूरे मिशन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, प्रमुख सचिव अनिल कुमार, डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, एसपी अभिषेक यादव और पीटीआर के वन अधिकारियों – डीएफओ भरत कुमार, मनीष सिंह, और फील्ड डायरेक्टर सहित पूरी टीम ने बिना रुके कार्य किया। यही प्रशासनिक समर्पण किसी भी आपदा या संकट के समाधान की कुंजी होती है। वहीं, इस घटनाक्रम में एक नाम और विशेष उल्लेखनीय रहा – वह है महामंडलेश्वर और बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद जी का। उन्होंने न केवल स्वयं बाघिन की लोकेशन पर पहुंचकर परिस्थिति का जायज़ा लिया, बल्कि वन विभाग के अधिकारियों से समन्वय कर स्थिति को संभाला। उनका यह योगदान इस बात का संकेत है कि जब जनप्रतिनिधि वास्तव में जनता के हितों के लिए सड़क पर उतरते हैं, तो परिणाम भी सकारात्मक आता है। लेकिन यह केवल एक जीत नहीं, बल्कि एक चेतावनी भी है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व से बाहर आकर गांवों में विचरण कर रहे बाघों की बढ़ती संख्या यह संकेत देती है कि या तो वनों में उनके रहने के लिए पर्यावरणीय दबाव बढ़ रहा है, या मानवीय विस्तार ने उनके प्राकृतिक क्षेत्रों में दखल दिया है। यह विषय केवल वन विभाग तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे समाज और नीति निर्धारकों के लिए चिंता का विषय है। अब आवश्यक है कि हम दीर्घकालिक समाधान की दिशा में आगे बढ़ें। बाघों के लिए सुरक्षित कॉरिडोर, गांवों में चेतावनी और सुरक्षा प्रणाली, पीटीआर की सीमा पर घनी निगरानी व्यवस्था तथा जनजागरूकता अभियान समय की मांग हैं। इसके साथ ही, ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए उचित मुआवजा, मनोवैज्ञानिक परामर्श और पुनर्वास योजनाएं भी लागू की जाएं। इस अभियान की सफलता को लेकर प्रदेश सरकार व विभाग की जितनी सराहना की जाए कम है, लेकिन साथ ही यह एक चेतावनी भी है – भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए हमें वन्यजीव संरक्षण और मानव-वन्यजीव संघर्ष की नीतियों में ठोस सुधार की ओर भी देखना होगा।

# अमित शाह ने नई सहकारिता नीति पेश की

## कहा, विकसित भारत की अवधारणा मजबूत होगी, रोजगार के नए अवसर बनेंगे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

नई दिल्ली के अटल अक्षय ऊर्जा भवन में गृहमंत्री अमित शाह ने नई सहकारिता नीति पेश की। उन्होंने कहा कि इससे विकसित भारत की अवधारणा मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि यह पॉलिसी भारत की जरूरतों और विकास को ध्यान में रखकर बनाई गई है। सहकारिता यानी मिलकर काम करने की सोच को वही सरकार सही मायने में समझ सकती है जो देश की जमीन से जुड़ी हो। शाह ने आगे कहा, अगर गांव, किसान और आम लोग खुशहाल, रोजगार से जुड़े और संतुष्ट होंगे, तो देश की अर्थव्यवस्था कभी कमजोर नहीं होगी। उन्होंने बताया कि इस नई नीति का मकसद है। सहकारी संस्थाओं को मजबूत करना, गांवों को आत्मनिर्भर बनाना और लोगों को नए रोजगार देना। साथ ही उन्होंने सभी राज्यों को 31 जनवरी 2026 तक अपनी-अपनी राज्य सहकारिता नीति तैयार करने का निर्देश दिया। यह नीति अगले 20 साल यानी 2045 तक के लिए बनाई गई है। इसके तहत हर पंचायत में समितियां खुलेंगी। पॉलिसी का मकसद है कि गांव-गांव में बनी सहकारी समितियों को और मजबूत किया जाए, जिससे लोग खुद जुड़कर रोजगार पा सकें और देश की तरक्की में हिस्सा ले सकें। देश के हर गांव में सहकारी संस्थाएं स्थापित की जाएंगी। फरवरी 2026 तक 2 लाख प्राइमरी एग्रीकल्चरल क्रेडिट सोसाइटीज स्थापित किए जाएंगे।

### शाह बोले, नीति का लक्ष्य है 2047 तक विकसित भारत

शाह ने कहा कि इस नीति को बनाते समय इस बात का ध्यान रखा गया कि इसका केंद्रबिंदु लोग, गांव, कृषि, गांव की महिलाएं, दलित और आदिवासी हों। उन्होंने आगे कहा, अगर इसे एक वाक्य में कहा जाए तो इसका विजन है- सहयोग की समृद्धि के जरिए 2047 तक विकसित भारत बनाना। इसका मिशन है- पेशेवर, पारदर्शी, तकनीकी रूप से सक्षम, जिम्मेदार, आर्थिक रूप से स्वतंत्र और सफल छोटी सहकारी संस्थाएं खड़ी करना। शाह ने आगे कहा, सरकार का लक्ष्य है कि हर गांव में कम से कम एक सहकारी संस्था हो, ताकि गांवों की तरक्की के साथ देश भी आगे बढ़े। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु की अध्यक्षता में एक 48 सदस्यीय कमेटी बनाई गई थी, जिसमें देशभर की सहकारी संस्थाओं, केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारी और जानकार लोग शामिल थे। कमेटी ने अहमदाबाद, बेंगलुरु, गुरुग्राम और पटना जैसे शहरों में 17 बैठकें और 4 वर्कशॉप कीं। इसमें देशभर से आए 648 सुझावों को ध्यान से समझकर इस नीति में शामिल किया गया। दरअसल, सरकार चाहती है कि गांव, किसान और छोटे व्यापारी आपस में मिलकर आगे बढ़ें। इसी के लिए यह नीति बनाई गई है, जो अगले 20 सालों तक सहकारिता के जरिए लोगों को आत्मनिर्भर और देश को विकसित बनाने में मदद करेगी।



### किसानों की स्थिति में 5 बड़े बदलाव होंगे

- **आर्थिक आजादी:** अब किसान मंडी और बिचौलियों पर निर्भर नहीं रहेंगे, सहकारी समितियां सीधे उपज खरीदेंगी।
- **स्थानीय व्यवस्थाएं:** गांवों में डेयरी कलेक्शन, खाद-बीज वितरण और अनाज भंडारण की जिम्मेदारी सहकारी समितियों की होगी।
- **महिला-युवा भागीदारी:** समितियों में महिलाओं और युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी, जिससे सामाजिक और आर्थिक मजबूती मिलेगी।
- **डिजिटल सहकारिता:** सभी समितियां डिजिटल होंगी, जिससे कामकाज पारदर्शी और तेज होगा।
- **प्रशिक्षण और शिक्षा:** गांव के युवाओं को सहकारी प्रबंधन की ट्रेनिंग दी जाएगी, जिससे वे समितियों को बेहतर ढंग से चला सकें।

### क्यों जरूरी है नई नीति?

सहकारिता नीति आखिरी बार साल 2002 में बनाई गई थी, लेकिन तब से अब तक दुनिया, तकनीक और देश की अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव आ चुका है। आज का दौर डिजिटल हो गया है, किसान नई-नई चुनौतियों से जूझ रहे हैं और गांवों में रोजगार की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा महसूस की जा रही है। कई जगहों पर सहकारी संस्थाएं अपनी भूमिका निभाने में पीछे रह गईं, इसलिए अब एक ऐसी मॉर्डन और प्रोफेशनल नीति की जरूरत थी, जो उन्हें गांवों की आर्थिक रीढ़ बना सके।

# रेणुकास्वामी मर्डर, सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाईकोर्ट को दोबारा फटकारा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कर्नाटक हाईकोर्ट को कन्नड़ एक्टर दर्शन थुगुदीपा को जमानत देने के फैसले पर दूसरी बार फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा- हाईकोर्ट ने रेणुकास्वामी मर्डर केस में ज्यूडिशियल पावर का गलत इस्तेमाल किया है। इससे पहले 17 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट से एक्टर दर्शन को मिली जमानत पर सवाल उठाए थे। इस दौरान कहा था कि लगता है हाईकोर्ट ने अपने विवेक का सही इस्तेमाल नहीं किया। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने एक्टर की जमानत रद्द करने का फैसला सुरक्षित रखा है। दरअसल, एक्टर दर्शन को रेणुकास्वामी मर्डर केस में 13 दिसंबर 2024 को हाईकोर्ट से जमानत मिली थी।

# वसुंधरा में प्रीपेड मीटर की शुरुवात से ही उखड़ने लगे उपभोक्ता

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा वसुंधरा के क्षेत्रों में प्रीपेड मीटर लगाने का विरोध अब आक्रोश में बदलने लगा है। क्षेत्रीय जनता ने निगम क्षेत्रों में खासकर वैशाली,वसुंधरा और इंदिरापुरम में विद्युत विभाग के स्मार्ट मीटर के विरोध शुरू कर दिए हैं। लगातार पड़ोसी राज्यों से मिल रही स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों की खबरें अब जनता को भी विचलित करने लगी है। ट्रांस हिंडन आरडब्ल्यूए के वरिष्ठ पदाधिकारी कैलाश चंद्र शर्मा ने मुहिम की शुरुवात कर दी है। समस्त जनता और संगठनों से राय शुमार आरम्भ होने से आम लोगों सहित संगठनों ने विद्युत विभाग के इस निर्णय के खिलाफ़ गुस्सा भड़क गया है। आम उपभोक्ता की माने तो विभाग पहले बकाया क्षेत्रवार और लाइनलॉस प्रमुख रूप से जारी करे,जिससे उसके प्रयासों को वहीं लागू किया जाय जहां लाइन लॉस और बकाया राशि ज्यादा है। वसुंधरा के निवासियों को विभाग प्रयोगशाला समझकर हर पहल को यहीं थोपने लगता है। जिसका जनता विरोध करती है। सामाजिक कार्यकर्ता और राजनगर एक्सटेंशन के आरडब्ल्यूए प्रतिनिधि भूपेंद्र नाथ ने कहा है कि विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा पूरा प्रदेश भुगत रहा है। एक तरफ सरकार पीपीपी मॉडल के नाम पर सार्वजनिक संस्थानों के निजीकरण पर आमादा है तो दूसरी तरफ शहरी क्षेत्रों में प्रीपेड मीटर जैसे प्लान उन इलाकों पर लागू किए जा रहे जहां का राजस्व रिकॉर्ड सर्वाधिक पूरे प्रदेश में रहता है।

# मुंबई ट्रेन ब्लास्ट: सुप्रीम कोर्ट की हाईकोर्ट के फैसले पर रोक

## 3 दिन पहले 12 आरोपी बरी हुए, सुप्रीम कोर्ट बोला, फिलहाल दोबारा जेल भेजना जरूरी नहीं





**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने 2006 के मुंबई सीरियल ट्रेन ब्लास्ट मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले पर गुरुवार को रोक लगा दी। हाईकोर्ट ने 21 जुलाई को सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया था। महाराष्ट्र सरकार ने इस फैसले के खिलाफ 23 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा, बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश पर रोक से आरोपियों की जेल से रिहाई पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। ट्रेन ब्लास्ट केस में 13 लोग आरोपी थे। 12 सभी रिहा हो गए हैं। एक आरोपी की मौत हो गई है। 11 जुलाई 2006 को मुंबई के वेस्टर्न सब अर्बन ट्रेनों के सात कोचों में सिलसिलेवार धमाके हुए थे। इसमें 189 पैसेंजर की मौत हो गई थी और 824 लोग घायल हो गए थे। सभी धमाके फर्स्ट क्लास कोचों में हुए थे। घटना के 19 साल बाद यह फैसला आया है। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एनके सिंह की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट में महाराष्ट्र राज्य की ओर से सॉलिसिटर जनरल (स्व) तुषार मेहता पेश हुए।

**तुषार मेहता:** फैसले के बाद जेल से रिहा हुए आरोपियों को सरेंडर करने का निर्देश देने का अनुरोध नहीं कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि फैसले पर रोक लगाई जाए।

**सुप्रीम कोर्ट बेंच:** हमें सूचित किया गया है कि सभी आरोपियों को रिहा कर दिया गया है। ऐसे में उन्हें वापस जेल भेजने का कोई सवाल नहीं उठता। सुप्रीम कोर्ट की दलीलों को ध्यान में रखते हुए विवादित फैसले को मिसाल (नजीर) नहीं माना जाएगा। विवादित फैसले पर रोक लगाई जाती है।

### ‘सरकारी वकील केस साबित करने में नाकाम’

बॉम्बे हाईकोर्ट ने 21 जुलाई को महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट की विशेष अदालत का फैसला खारिज कर दिया था। निचली अदालत ने बम विस्फोट की साजिश रचने और उसे अंजाम देने के लिए 5 आरोपियों को मौत की सजा और 7 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि प्रॉसीक्यूशन यानी सरकारी वकील आरोपियों के खिलाफ केस साबित करने में नाकाम रहे। यह मानना मुश्किल है कि आरोपियों ने अपराध किया है। इस वजह से उन्हें बरी किया जाता है। अगर वे किसी दूसरे मामले में वॉन्टेड नहीं हैं, तो उन्हें तुरंत जेल से रिहा किया जाए।

### फैसले के दिन 2 आरोपी जेल से रिहा हुए थे

बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश के बाद 21 जुलाई की शाम 12 में से दो आरोपियों को नागपुर सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया था। पहले आरोपी एहतेशाम सिद्दीकी को 2015 में निचली अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। वहीं, दूसरा आरोपी मोहम्मद अली उम्रकैद की सजा काट रहा था। एक अधिकारी ने बताया कि 12 लोगों में शामिल नवीद खान अभी नागपुर जेल में ही रहेगा, क्योंकि वह हत्या के प्रयास के एक मामले में विचाराधीन कैदी है।

# अनिल अंबानी की 50 कंपनियों पर ईडी की रेड



- 3000 करोड़ के लोन फॉड का मामला, यस बैंक से लिए पैसों का गलत इस्तेमाल का आरोप

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

अनिल अंबानी पर नई मुसीबत आ गयी है। प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को अनिल अंबानी ग्रुप की कंपनियों के कई परिसरों में छापेमारी की है। साथ ही श्बष्ठ ने यस बैंक के खिलाफ भी छापेमारी की है। इस छापेमारी से रिलायंस पावर और रिलायंस इन्फ्रा के शेयरों में गिरावट देखी गई। दोनों कंपनियों के शेयर 5 फीसदी से अधिक टूटकर कारोबार कर रहे हैं। धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मुंबई और दिल्ली में 50 कंपनियों और लगभग 25 व्यक्तियों के 35 से अधिक परिसरों की तलाशी ली जा रही है। ईडी सूत्रों ने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मुंबई और दिल्ली में 50 कंपनियों और लगभग 25 व्यक्तियों के 35 से अधिक परिसरों की तलाशी ली जा रही है। ईडी सूत्रों ने बताया कि वे 2017 और 2019 के बीच यस बैंक से लगभग 3,000 करोड़ रुपये के अवैध ऋण डायवर्जन के आरोपों की जांच कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने पाया है कि लोन दिए जाने से ठीक पहले, यस बैंक के प्रमोटरों को उनके बिजनेस में धन प्राप्त हुआ था। इसीलिए एजेंसी रिश्व और लोन के इस मामले की जांच कर रही है।

### कैसे सामने आया मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला

सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी अनिल अंबानी समूह की कंपनियों को यस बैंक द्वारा लोन स्वीकृतियों में घोर उल्लंघनों के आरोपों की जांच कर रही है। मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला कम से कम दो सीबीआई एफआईआर और राष्ट्रीय आवास बैंक, सेबी, राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) और बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा साझा की गई रिपोर्टों से उपजा है। ईडी द्वारा की जा रही इस कार्रवाई के बाद अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर और रिलायंस इन्फ्रा के शेयर औंधे मुंह गिरे हैं। दोनों कंपनियों के शेयरों में 5-5 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। रिलायंस पावर के शेयर 5 फीसदी की गिरावट के साथ 59.77 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रहे हैं। वहीं, रिलायंस इन्फ्रा के शेयर लगभग 5 फीसदी की गिरावट के साथ 360 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रहे हैं।

# उपमुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष गाजियाबाद पहुंच पूर्व मंत्री राजपाल त्यागी को दी श्रद्धांजलि



**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

वर्तमान भाजपा विधायक अजीत पाल त्यागी के पिता पूर्व मंत्री राजपाल त्यागी के निधन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी एवं उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक गाजियाबाद पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दिया और परिवार को संबल प्रदान किया।
भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी एवं उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज गाजियाबाद के लोहिया नगर स्थित आवास पर पहुँचकर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व विधायक स्व. राजपाल त्यागी जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की एवं परिजनों को इस दुःख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की ईश्वर से कामना की। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी एवं उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने वर्तमान विधायक अजीत पाल त्यागी को पितृशोक होने पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि पूरा भाजपा परिवार इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि राजपाल त्यागी एक सादगीपूर्ण जीवन जीने वाले समर्पित जननेता थे, जिनका समूचा जीवन जनसेवा को समर्पित रहा। उनका जाना न केवल क्षेत्र के लिए, बल्कि प्रदेश की राजनीति के लिए भी अपूरणीय क्षति है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि राजपाल त्यागी ने अपने कार्यकाल में समाज के हर वर्ग के लिए कार्य किया। उनका व्यवहार, नेतृत्व और नीति आज भी लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। हम सभी उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित हैं। इस अवसर पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल भी इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद क्राइम ब्रांच प्रभारी इंस्पेक्टर अब्दुल रहमान सिद्दीकी निलंबित, 6 साल पुराने अपहरण मामले में हुई कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

गाजियाबाद पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड ने क्राइम ब्रांच प्रभारी इंस्पेक्टर अब्दुल रहमान सिद्दीकी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन पर 6 साल पहले वर्ष 2019 में मेरठ के सिविल लाइन थाना प्रभारी रहते हुए एक युवती के अपहरण मामले में मुकदमा दर्ज करने नहीं करने और लापरवाही बरतने का गंभीर आरोप लगा है। देश में आज के समय सबसे चर्चित ख़बर छांगुर बाबा के कारनामों की खुलती परते अब नया स्वरूप दिखाने लगी है । उसी क्रम में प्राप्त सूचना के अनुसार वर्ष 2019 में मेरठ के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में एक युवती का अपहरण हुआ था। पीड़ित परिजनों ने छांगुर बाबा गैंग के सदस्य बदर अख्तर सिद्दीकी पर अपहरण का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी थी। आरोप है कि तत्कालीन थाना प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी ने मुकदमा दर्ज नहीं करके परिजनों को फटकार लगाकर थाने से भगा दिया था । हाल ही में एटीएस और मेरठ पुलिस की संयुक्त जांच में इस मामले की गहन पड़ताल की गई। छांगुर बाबा, जो वर्तमान में एटीएस की हिरासत में है, से पूछताछ के बाद इंस्पेक्टर सिद्दीकी की छह वर्ष पुरानी लापरवाही सामने आई। एटीएस ने मेरठ के एसएसपी को पत्र लिखकर 2019 के इस मामले की जानकारी मांगी थी, जिसके बाद जांच में सिद्दीकी की गलती उजागर हुई । गाजियाबाद पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए इंस्पेक्टर अब्दुल रहमान सिद्दीकी को निलंबित कर दिया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी,
(प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)